ईश्वर में हमारा विश्वास


सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 28 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 205 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

मुख्यधारा के सिनेमा ने दर्शकों का स्वाद बिगाड़... पेज 12 पर



NEWS इन ब्रीफ

### दारोगा पर फायरिंग करने वाला तौकीद फिर हुआ गिरफ्तार

**रांची।** साल 2021 में सब इंस्पेक्टर सुभाष लकड़ा पर हुई गोलीबारी में शामिल रहेअपराधी तौकीर मलिक उर्फ शेखू को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया गया है। जेल से निकलने के बाद मलिक फिर से अपराध की दुनिया में जुड़ गया था, शुक्रवार की रात उसने आजसू नेता लाडले खान पर फायरिंग करने की कोशिश की थी। रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली इदरीश कॉलोनी के रहने वाले आजसू नेता लाडले खान ने बीते शुक्रवार को लोअर बाजार थाने में मनु कुरैशी और तौकीर मलिक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में प्राथमिक दर्ज करवाई थी। लाडले खान का आरोप था कि दोनों अपराधियों ने उसे पर फायरिंग की लेकिन मिसफायर हो जाने की वजह से वह बच गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद लोवर बाजार थाने की पुलिस ने मोहम्मद मनु कुरैशी और तौकीर मलिक को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है।

### ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, महिला समेत दो की मौत

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र स्थित एनएच-39 पर रविवार की रात बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। बताया गया कि बाइक में सवार होकर दोनों लातेहार की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक सवारों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में दोनों की दर्दनाक मौत हो गयी। शव के चिथड़े सड़क में फैल गए। सूचना मिलने के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। चेहरा बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया।

### चारा घोटाला मामले में 124 आरोपियों पर फैसला आज

**रांची।** चारा घोटाले से जुड़े कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में 28 अगस्त को 124 आरोपितों पर फैसला आएगा।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत इस मामले में अपना सुनाएगी। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले की तिथि निर्धारित की थी। साथ ही फैसले की तिथि पर इन सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस मामले में सीबीआई की ओर से 594 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है।

## सावन की आखिरी सोमवारी आज, सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन की आखिरी सोमवारी को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। शिव भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर नामकुम स्वर्ण रेखा घाट से लेकर पहाड़ी मंदिर तक जाने वाले मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे राजधानी में करीब सात सौ अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई हैं। इसमें जिला पुलिस के अलावा रैफ की दो कंपनियां शामिल है। रैफ के जवानों को कर्बला चौक, हिंदपीढ़ी के अलावा पहाड़ी मंदिर में तैनात किया जाएगा। डीएसपी स्तर के अधिकारी सोमवार सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। वहीं इलाके के थानेदारों और बाइक पेट्रोलिंग दस्ता को नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरीय कंट्रोल रूम से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए अलग से



पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सावन के आखिरी सोमवारी में बड़ी संख्या में लोग रांची के विभिन्न शिवालय पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा भीड़ रांची के पहाड़ी मंदिर और नामकुम स्थित शिव मंदिर में होने की उम्मीद है। ऐसे में इन दोनों मंदिरों पर रांची पुलिस की विशेष नजर है। पुलिसकर्मियों और अफसरों को यह स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि वह मंदिर परिसर में बहुत ज्यादा भीड़ ना होने दें। बहुत ज्यादा भीड़ होने पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसे संभालना काफी मुश्किल होगा।

### मंदिर-शिवालयों में सादे लिबास में तैनाती रहेंगे पुलिसकर्मी

**शिवालयों** व मंदिरों में अत्याधिक भीड़ होगी। ऐसे में चोर व उच्चके पॉकेटमारी व चेन और मोबाइल की स्नैचिंग कर लेते हैं। इन उच्चकों से निपटने के लिए रांची पुलिस के जवान सादे लिबास में मंदिरों व शिवालयों में मुस्तैद रहेंगे। प्रमुख मंदिरों में सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है, जो उच्चको पर कड़ी नजर रखेंगे। रांची जिला प्रशासन की तरफ से सभी शिव भक्तों खासकर महिलाओं से या अपील की गई है कि वह जल अर्पण करने के समय गहने ना पहने। मोबाइल इत्यादि जैसी वस्तुएं घर पर ही रख कर जल अर्पण करने मंदिर पहुंचे।

### सीसीटीवी कैमरे से होगी मंदिरों व शिवालयों की निगरानी

**रविवार** को रांची एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी रविवार की देर शाम स्वर्णरिखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक शिव भक्तों के लिए किए जा रहे हैं इंतजाम का जायजा भी लिया। दरअसल राजधानी रांची में यह परंपरा रही है कि शिवभक्त स्वर्णरिखा नदी से जल भरकर अहले सुबह पहाड़ी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पण करते हैं। ऐसे में रांची पुलिस की पहल पर स्वर्णरिखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के हर तरह के इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि राजधानी के तमाम शिवालय की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर कर दी गई है। वैसे शिवालय जहां भक्तों की भीड़ बहुत ज्यादा उमड़ती है वहां पर महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। बड़े मंदिरों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का भी सहारा लिया जा रहा है।

# आज फिर ईडी करेगी योगेंद्र से पूछताछ

### कंपनियों के दस्तावेज के साथ होना है उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को सोमवार को दुबारा ईडी के समक्ष उपस्थित होना है। शनिवार के दिन ईडी ने तकरीबन 9 घंटे तक योगेंद्र से पूछताछ की थी। योगेंद्र को उससे जुड़ी सारी कंपनियों के दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का निर्देश ईडी ने दिया था। सोमवार को ईडी के समक्ष वह सारे दस्तावेजों के साथ उपस्थित होगा। वहीं योगेंद्र तिवारी के छोटे भाई अमरेंद्र तिवारी से मंगलवार को पूछताछ




होगी। अमरेंद्र को भी ईडी के द्वारा भेजा गया यह दूसरा समन है। पहले समन पर अमरेंद्र ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित नहीं हुआ था।

सूत्रों के मुताबिक, योगेंद्र तिवारी ने साल 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। राज्य के 19 जिलों में योगेंद्र से जुड़े लोग ही शराब के थोक व्यापार में शामिल थे। ईडी को जानकारी मिली है कि प्रेम प्रकाश की मिलीभगत से योगेंद्र ने 2021 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। इसके लिए शेल कंपनियां बनाई गईं थीं। इन कंपनियों के पास पहले कोई कैपिटल नहीं था, लेकिन ठेका हासिल करने के लिए उन कंपनियों के खाते में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए गए थे। ईडी ने अवैध खनन केस में जब पहली बार प्रेम प्रकाश के यहां छापेमारी की थी, तब उसके यहां से शराब कारोबार से जुड़े साक्ष्य मिले थे।

### मुन्नम संजय समेत कई अन्य को भी नोटिस

**देवघर** में चर्चित राय बंगला की जमीन की खरीद के मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुन्नम संजय समेत कई अन्य संदिग्धों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल समेत अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव 2023

## एनडीए बेच रही देश की संपत्ति : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

डुमरी विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में वोट मांगने के लिए लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने रविवार को नावाडीह प्रखंड के डेगागढ़ा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए गठबंधन पर जमकर भड़ास निकाली।

हेमंत सोरेन ने एनडीए की जमात को नालायक बेटा बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार घर का नालायक बेटा घर के गहने, जेवर और सामानों को बेच देता है, उसी तरह एनडीए देश की संपत्ति को बेचने का काम कर रही है। हेमंत ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ये लोग जब राजनीतिक ताकत नहीं जुटा पाते हैं तो अपनी शक्ति का इस्तेमाल



करके विपक्षियों को डराने का काम करते हैं लेकिन हम झारखंड के लोग हैं। यह वीरों की धरती है। हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए वाले येन-केन-प्रकारेण राजनीतिक ताकत नहीं जुटा पाते हैं तो षड्यंत्र कर सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग करते हैं। यह भारत देश और झारखंड प्रदेश, वीरों की धरती है। इन षड्यंत्रकारियों को जड़ समेत उखाड़ फेंकने का हम काम करेंगे। लोगों को जाति-धर्म पर बांटने का काम करते हैं विपक्ष के लोग। यह कौन सा मुद्दा है? इससे क्या नौकरी मिलती है? इससे क्या पेट भरता है? इससे महंगाई घटती है क्या? विचित्र वातावरण कर दिया है इन लोगों ने देश में। वह तो आप लोगों का आशीर्वाद है कि 2019 में डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेंक झारखण्डियों की सरकार बनाने का हम लोगों ने काम किया। 2019 से पहले देखिए यहां कितना मॉब लिंचिंग होता था। आज जिस अमन-चैन के साथ हम लोग जी रहे हैं इसी से विपक्ष को दिक्कत हैं। उन्होंने इस बार बेबी देवी को एक लाख 40 हजार वोट देकर जीत दिलाने की जनता से अपील की। बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ से कुछ लोग यहां आकर घूम रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे लोगों को गांव से भगाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ये प्रलोभन देकर मतदान करने की बात कर रहे हैं।

## पश्चिमी सिंहभूम में नक्सली कैंप ध्वस्त, कई सामान हुए बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। प. सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चल रही अभियान में रविवार को सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर राशन सामग्री समेत कई अन्य समान बरामद किया है। हालांकि, पुलिस को देखकर नक्सली पहले ही कैंप छोड़कर फरार हो गए थे। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला का एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के चमन उर्फ लंबू, अमित मुंडा, सालूका कायम, प्रभात मुंडा उर्फ मुखिया दस्ते के साथ चाईबासा-सरायकेला एवं खूंटी जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमणशील हैं।

सूचना पर पश्चिम सिंहभूम के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र कराईकेला थानांतर्गत वनग्राम नवादा, उलीबेरा, सारूगोड़ा एवं गितिउली के सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान रविवार सुबह करीब सवा 10 बजे कराईकेला थानांतर्गत वनग्राम उलीबेरा और गितिउली जंगल के समीप पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में नक्सलियों के होने की सूचना मिली। भनक लगने पर वे लोग पका हुआ भोजन छोड़ कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने नक्सली कैंप से करीब 30 किलोग्राम चावल व दाल, दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं, प्लास्टिक का टेंट, दो जोड़े जूते, दो बैटरी, बिजली का तार, गैती, दो मशाल, थर्मस, बर्तन, मग समेत विभिन्न प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं बरामद की है। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ 60 बटालियन के अलावा 112 , 157 और 193 बटालियन के जवान शामिल थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग

## नौ नाबालिग दिल्ली से कराये गये मुक्त

### मानव तस्करी पर नकेल कसने की कोशिश

### दिल्ली के सीमावर्ती इलाके से कराया गया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मानव तस्करी की शिकार झारखंड के साहिबगंज जिले की नौ नाबालिगों को दिल्ली से मुक्त कराया गया है। आपको बता दें कि पिछले शुक्रवार को रांची जिले के दो बच्चों एवं धनबाद जिले के दो



बच्चों को रांची जिले के बाल संरक्षण पदाधिकारी के नेतृत्व में आयी एस्कॉर्ट टीम के साथ वापस झारखंड पुनर्वासित किया गया है।

विभिन्न सरकारी योजनाओं को मिलेगा लाभ

साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा जानकारी मिलते ही त्वरित कदम उठाते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता के निर्देशन पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। ये टीम पिछले 04 दिनों से दिल्ली में कैम्प करके नौ नाबालिगों के साथ वापस ट्रेन द्वारा झारखंड लौट रही है। जिला बाल संरक्षण शेष पृष्ठ 11 पर

### दलालों के माध्यम से करते हैं पलायन

दिल्ली में मुक्त करायी गयीं बच्चियों को दलाल के माध्यम से लाया गया था। झारखंड में ऐसे दलाल बहुत सक्रिय हैं जो छोटी बच्चियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली में अच्छी जिंदगी जीने का लालच देकर उन्हें दिल्ली लाते हैं और विभिन्न घरों में उन्हें काम पर लगाने के बहाने बेच देते हैं, जिससे उन्हें एक मोटी रकम प्राप्त होती है और इन बच्चियों की जिंदगी बदतर बना दी जाती है।

साझेदारी और हिस्सेदारी के मंत्र से आगे बढ़ रहा है समाज

## गांव वालों ने लिखी बदलाव की कहानियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सामुदायिकता और सामूहिकता के प्रयोग से सामाजिक बदलाव की चमत्कारिक कहानियां कैसे लिखी जा सकती हैं, इसकी खूबसूरत मिसालें आपको झारखंड के कई गांवों में मिल जाएंगी। खेती, सिंचाई, पशुपालन, स्वच्छता, नशाबंदी, वन सुरक्षा, शादी-विवाह, रोजगार से जुड़ी छोटी-बड़ी समस्याएं परस्पर साझेदारी और सामूहिक हिस्सेदारी से हल की जा रही हैं।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के आदिवासी बहुल डोभापानी गांव ने लड़कियों की शादी में परिवार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ की समस्या का हल सामूहिक जिम्मेदारी के फॉर्मूले से ढूंढ़ निकाला। इस गांव में किसी भी परिवार की लड़की की शादी हो, खर्च पूरा गांव मिलकर उठाता है।



पूरा गांव एक साथ लड़की के माता-पिता, भाई-बहन की भूमिका में उठ खड़ा होता है। लड़की के मां-पिता पर खर्च का बोझ न के बराबर होता है। अब डोभा पानी गांव का यह प्रयोग आस-पास के दूसरे गांव के लोग भी अपनाने लगे हैं। डोभापानी गांव में संताली आदिवासियों के करीब 40 घर हैं।

गांव में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के तहत पंच होते हैं, जिन्हें यहां माझी-मोड़े कहा जाता है। ये इस बात की जिम्मेदारी उठाते हैं कि किसी भी परिवार में बेटी की शादी हो तो गांव के हर घर से चावल, दाल, सब्जी और एक निर्धारित सहयोग राशि जुटाते हैं। आम तौर पर प्रत्येक घर से दो सौ रुपए नकद और पांच पोयला (पांच किलो) चावल व अन्य सामग्री इकट्ठा की जाती है। पंचों ने एक सामुदायिक फंड भी बना रखा है, जिससे 25 किलो मुर्गा और दस किलो मछली भी उपलब्ध कराई जाती है। अब इस गांव में किसी भी लड़की की शादी के लिए किसी परिवार को बाहर से कर्ज नहीं लेना पड़ता।

झारखंड की राजधानी रांची से 32 किलोमीटर दूर पहाड़ी की तलहटी में स्थित आराकेरम गांव ने तो सामुदायिकता के ऐसे अद्भुत प्रयोग किए, जिसकी चर्चा देश भर में होने लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में इस गांव की चर्चा कर कर चुके हैं। इस गांव में दाखिल होते ही आपको एक बोर्ड दिखेगा, शेष पृष्ठ 11 पर

## विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पता लगाया मिट्टी का तापमान

### सतह के 10 सेमी. तक की खुदाई

**एजेंसी। बेंगलुरु**

चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की मिट्टी की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की है। उसने तापमान का अध्ययन करने के लिए सतह के नीचे 10 सेमी तक खुदाई की है। 23 अगस्त को चंद्रयान 3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद, इसरो ने शुरूआती निष्कर्षों का खुलासा किया। उसने यहां की मिट्टी के तापमान का पता लगाया है। यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्र मिट्टी के लिए तापमान प्रोफाइलिंग का पहला उदाहरण है, क्योंकि इससे पहले किसी अन्य देश ने इस क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग नहीं किया है।

इसरो ने चंद्रमा की मिट्टी के तापमान में उतार-चढ़ाव को दशार्ने वाला एक तापमान ग्राफ भी जारी



किया है। चाएसटीई प्रयोग (चंद्रमा का सतह थर्मोफिजिकल प्रयोग) ध्रुव के पास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रोफाइल को कैप्चर करता है, जिससे चंद्र सतह की थर्मल विशेषताओं की जानकारी मिलती है। तापमान जांच सतह के नीचे 10 सेमी तक की गहराई तक पहुंच सकती है और इसमें 10 व्यक्तिगत तापमान सेंसर होते हैं। इसरो ने रविवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'चंद्र सर्फेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट' (चेस्ट) ने चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए, दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी का 'तापमान प्रालेख' मापा।'

इसरो ने कहा, 'इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं। प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह/करीबी-सतह की तापमान भिन्नता को दशार्ता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए ये पहले ऐसे प्रालेख हैं। विस्तृत अवलोकन जारी है।' इसरो ने कहा कि पेलोड को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के सहयोग से इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल) के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा विकसित किया गया था।

इसरो ग्राफ में दर्शाई गई तापमान सीमा -10 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस तक है।

## बाबूलाल मरांडी ने जामताड़ा में कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को जामताड़ा पहुंचे। उन्होंने जामताड़ा सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकताओं संग पीएम के मन की बात सुनी। मरांडी ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम को सफल बताया। साथ ही कार्यकर्ताओं से मिलकर आगे की रणनीति पर चर्चा की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों की भावना से जुड़ते हैं। सभी क्षेत्रों में लोगों को आगे बढ़ाने का काम करते हैं और जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 24 घंटे देश की सेवा और जनता की सेवा में लगे रहते हैं। विदेशों में रहकर भी देश के लोगों के लिए काम करते हैं। चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को लेकर चर्चा की और देश लौटकर सबसे पहले इसरो के वैज्ञानिकों के पास गए और उनका हौसला बढ़ाया। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है।

### सूरज सिंह मुंडा मेमोरियल इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 सितंबर को

# विजेता टीम को मिलेगा एक लाख दस हजार

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग।** एबीसी युवा फुटबॉल क्लब सापुकेरा लापुंग के तत्वावधान में सूरज सिंह मुंडा मेमोरियल इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 सितंबर से किया जाएगा। 22 सितंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। 14 सितंबर को इंट्री फी जमा करने की अंतिम तिथि है। यह जानकारी क्लब के संयोजक अनुप कंडुलना, अध्यक्ष विनय भेंगरा, सचिव आशीष बरला तथा कोषाध्यक्ष अजय भेंगरा ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि इंट्री फी 14 हजार रुपए रखी गई है। जबकि विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,10,000 रुपए नगद सहित सूरज सिंह मुंडा मेमोरियल ट्रॉफी दिए जाएंगे वहीं दूसरा स्थान हासिल करने वाले उपविजेता टीम को 80,000 रुपए नगद सहित सूरज सिंह मुंडा मेमोरियल रनर ट्रॉफी दिए जाएंगे। वहीं तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी इनामी राशि के रूप में 20-20 हजार रुपए नगद दिए जाएंगे। सभी मैच लापुंग स्थित मुख्य स्टेडियम में खेला जाएगा। इसे लेकर आयोजन समिति गठित की गई है जिसमें संयोजक अनूप कंडुलना, अध्यक्ष विनय भेंगरा, उपाध्यक्ष सानु गोप, सचिव - आशीष बारला, उपसचिव अमर भेंगरा, कोषाध्यक्ष अजय भेंगरा, उपकोषाध्यक्ष बसंत भेंगरा बनाए गए हैं। वहीं सदस्य के रूप में तुर्तान बारला, आनंद बारला, बिरसा मुंडा, मनीष भेंगरा, आशीष लकड़ा, बंधना भेंगरा, बिग्नेश भेंगरा, संदीप भेंगरा, अविनाश बारला, आलोक भेंगरा, आलोक बारला, सुनील बारला, राजेश भेंगरा, फगुवा उरांव, चामू बारला, अनूप भेंगरा, अनूप बारला, अरुण साहू, आशीष कंडुलना, अभिषेक कंडूलना, प्रकाश बारला, अयूब भेंगरा, अनिल कंडुलना, धनिया बारला, राजेश भेंगरा, डेविड बारला, लक्ष्मण गोप, बिकनू मुंडा, चुजा सांगा सहित मुन्ना गोप को शामिल किया गया है।



## विधायक ने बेड़ो में विजेता टीम को किया सम्मानित

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बुनियादी विद्यालय टेरो मैदान में तीन दिवसीय स्व० अशोक उरांव फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया था। जिसमें 19 टीमों ने भाग लिया। 19 टीमों में से असरो एवं सकरपदा टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच असरो एवं सकरपदा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें सकरपदा की टीम ने पेनाल्टी में अपने विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया। वहीं मैच के समापन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत ग्रामीणों व खेलप्रेमियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया। इधर फाइनल मैच का शुभारंभ से पूर्व विधायक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाए दिया और हौसला बढ़ाया। वहीं दोनों टीमों के बीच रोमांचक मैच हुआ। दोनो टीमों ने गोल करने का प्रयास किया। लेकिंन समय के समाप्ति तक दोनों टीमों के द्वारा गोल नहीं किया जा सका। जिससे अंततः दोनों टीमों के बीच पेनाल्टी मैच कराया गया।

### एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन आज

# भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका' विषय पर होगी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची और झारखंड राज्य पत्रकार संघ (जेएसजेयू), रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह बीएयू के आरएसी सभागार में प्रातः 11 30 से होगा। इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, झारखंड होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा, डॉ. एमके सिंह, डीएसडब्ल्यू, आईआईटी-आईएसएम, गौरव गध्यान, कार्यकारी निदेशक, रॉयल बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड होंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी झारखंड के राज्यपाल द्वारा सम्मानित एवं पुस्तक का विमोचन किया जायेगा। उद्घाटन सत्र के बाद पैनल चर्चा और विचार-मंथन सत्र का आयोजन होगा। इस सत्र में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर पैनल चर्चा और विचार-मंथन सत्र होगा। पैनल चर्चा सत्र के पैनलिस्ट भोला नाथ सिंह, अध्यक्ष, झारखंड हॉकी एसोसिएशन, अजय नाथ सहदेव, उपाध्यक्ष, किशोर मंत्री, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, रवि रंजन मिश्रा, सचिव, जेपीएससी और एसपी गुप्ता, उप निदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड होंगे। बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने इस सेमिनार के माध्यम से झारखंड राज्य में 'कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विकास को गति एवं नयी दिशा मिलेगी। इससे 'कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में झारखंड राज्य की अग्रणी भूमिका से भारत वर्ष को गौरवान्वित करने का अवसर को बल मिलेगा।

### शिवसेना के तत्वावधान में भव्य श्रृंगार पूजा महोत्सव का आयोजन

# बेड़ो के महादानी मंदिर में आज उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़**
महादानी मंदिर सहित बेड़ो प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में अंतिम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं का हूजूम उमडेगा। वहीं शिवसेना झारखंड प्रदेश कमेटी के तत्वावधान में आयोजित 2000 कांवर यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के दल का बेड़ो में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे। शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह के नेतृत्व में सावन की अंतिम सोमवारी को सुबह 7:00 बजे बेड़ो में लगभग 2000 शिव भक्तों की टोली विभिन्न गाँव से जल चढ़ाने पैदल बैंड बाजा के साथ पहुंचेगी। बेड़ो महादानी मन्दिर प्रांगण आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत और उनके लिए भंडारा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रमुख शशी गोप सहित अन्य कार्यकताओं के द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को देर शाम शशी गोप की अध्यक्षता में महादानी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर स्वागत की तैयारियों का जायजा लिया। चचगुरा गढ़गांव भंडरा, डोला, सुगदा सहित इटकी प्रखंड के विभिन्न गांवों तथा बेड़ो प्रखंड के मासु, मुडामु, जरिया, पुरियो, हुटार, जमनी, पंडरा, जहानाबाज सहित दर्जनों गांवों से श्रद्धालुओं का बड़ा जनसमूह महादानी मंदिर में पहुंचेगा। सभी कांवर यात्री पैदल होंगे। शशी गोप ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के स्वागत में कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वहीं दूसरी ओर सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर शिवसेना के तत्वाधान में महादानी मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया है। इस दौरान देर शाम में भजन कीर्तन संध्या के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।



## बेड़ो के मुरतो में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में शनिवार की रात को अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं के साथ साथ भगवान बजरंगबली की आराधना व पूजा अर्चना किया। वहीं पूजा अर्चना के बाद देवी देवताओं को भोग निवेदित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। हरि कीर्तन में अशोक गुप्ता, विनोद ठाकुर, श्रवण गोप, गोवर्धन साहू, ईश्वर साहू राजेश गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, नकशु ठाकुर, सुबोध ठाकुर, पारस ठाकुर सुदर्शन गुप्ता, नंदलाल सिंह आंनद साहू, राकेश साहू, प्रदीप साहू नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू सहित गांव के ग्रामीण अखंड हरि कीर्तन में शामिल हुए।

# श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिक महोत्सव 03 सितंबर को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल रांची का 42वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर रविवार को प्रातः 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड, रांची में बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया है, जिसके संयोजक निर्मल बुधिया को बनाया गया है। **समस्त महोत्सव कमिटि का गठन इस प्रकार हैं :** संयोजक-निर्मल बुधिया, सह संयोजक-संदीप अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, श्रृंगार प्रभारी-रमेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, मंगल पाठ-विनोद झुनझुनवाला, दिनेश गोयल, विनोद टाटिया, कोषाध्यक्ष-राजेश पोद्दार, पूजा एवं ज्योत- पं श्याम भारद्वाज, अरुण बाजोरिया, मंच संचालन-बिजय खोवाल, नरेश बांका, सेवा विभाग-भरत बगडिया, सवामनी-राजेन्द्र केडिया, अरविंद मंगल, महेश कानोडिया, आनंद टाईवाला, मनोज अग्रवाल, अमित खेमका, विशाल सिंघानिया, सोनू शर्मा, पवन फोगला, कमल रामूका, सुमित गाडोदिया, मनीष बागला, हरीश अग्रवाल, अमित खूंटेट, वीरेन्द्र बंसल, मुकुंद परशुरामपूरिया, अभिषेक केडिया, सुशील बजाज, उमंग टाईवाला, रौनक झुनझुनवाला, छायाकार-राजन प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, संजय प्रसाद सुरक्षा-सुशील केडिया, कार्यालय बालकिशन परशुरामपूरिया, सोहनलाल बंसल, कैलाश सामोता, संतोष फोगला, बनवारी खीरवाल, नारायण फोगला, रमेश बंका आदि के साथ अनेकों सदस्य एवं महिला समिति की सदस्य भी अपना योगदान दे रहे हैं। मंडल के सचिव अरविंद मंगल ने बताया कि महोत्सव में कोलकात्ता की निशा सोनी मंगल पाठ प्रस्तुत करेंगी।सायं में मोनू मोर एवं निशा सोनी भजनों के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।



# राधारमण महा महोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली गयी



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम में स्थित गुरुकुल के बच्चों तथा गुरुजनों के द्वारा पुत्रदा एकादशी के दिन कुटाम में आयोजित होने वाले राधा रमन महोत्सव को लेकर सिल्ली हनुमान मंदिर से छोटा मुरी बाजार तक नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाल कर लोगों के बीच 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित महा महोत्सव के बारे में हर चौक चौराहा पर चर्चा कर सभी भक्तगणों से इस महा महोत्सव में भाग लेकर ईश्वर की कृपा प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। भ्रमण के दौरान हर चौक चौराहों पर मंडली के द्वारा संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु ने बताया कि यह महा महोत्सव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा, बलराम जयंती, कृष्ण जन्माष्टमी और श्रील प्रभुपाद, आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। महोत्सव में मुख्य आकर्षण राधारमण जी का अभिषेक, कृष्ण कथा, गौ पूजा, श्रृंगार, छऊ नृत्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी भक्तगणों से आमंत्रित किया कि इस महोत्सव में भाग लेकर मनुष्य जीवन को सफल बनाएं। भगवान राम और श्री कृष्ण ही हमारे सनातन धर्म के प्रतीक हैं तथा यह उत्सव भगवान और भक्तों का मिलाप है।

## संजय गंझू की देर रात इलाज के क्रम में हुई मौत

**सिल्ली।** समाजसेवी संजय गंझू का शनिवार देर रात में उनका निधन हो गया। वह लगभग 60 वर्ष के थे वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका4 बजे स्वर्णरेखा नदी मुरी तट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, आजसू बुद्धिजीवी मंच प्रखण्ड अध्यक्ष बिजय चन्द्र महतो, रतन लाल महतो, लंबोदर महतो, नरोत्तम गोराई, रतनलाल गुप्ता, तरूण कुमार सिंह, भागवत सोनार, बिजय मंडल, सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, रासबिहारी महतो, नारायण चन्द्र महतो, नवल किशोर गुप्ता, शरत चन्द्र महतो, शिशिर कुमार सिंह, धीरेंद्र नाथ महतो, अनिल कुमार महतो, आजसु प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, भरत देव साय आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान मे पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज (राधा-कृष्ण जी) एवं संत शिरोमणी श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 103 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में कार्यक्रम संयोजक पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी एवं सह संरक्षक पवन पोद्दार (ताउ) की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्या चन्दा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 104 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 104 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो में पुडी, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, भेजिटेबल पुलाव एवं सतु की कचोडी, चिप्स एव बिस्किट का वितरण किया। आज लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओं राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे में समाज के लोग बढ़-चढकर अपनी भागेदारी निभा रहे है। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढती जा रही है। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार (ताउ) नन्द किशोर चौधरी, मनीष सोनी, चन्द्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, बिमला जालान, उर्मिला पाडिया, सरोजपोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।



### कड़ा प्रहार — झामुमो बुझौअल न बुझाए, खुलकर मकान के बारे में दुनिया को बताए

# भ्रष्टाचार की पोल खोल से नहीं रोक सकते हेमंत : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झामुमो की प्रेसवार्ता को लेकर मुख्यमंत्री पर कड़ा प्रहार किया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रवक्ता के माध्यम से मीडिया को भ्रामक जानकारी देकर उनकी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने, उनकी लूट और झूठ की पोल खोलने से नही रोक सकते। उन्होंने कहा कि पहले की तरह मैं आज फिर दोहरा रहा हूं कि राज्य में कहीं भी मेरी या किसी की भी कोई संदिग्ध जमीन, मकान, प्रॉपर्टी का राज्य सरकार को पता चलता है तो सबसे पहले उसे जब्त करे और दोषियों पर बिना देर किए कार्रवाई करे। फिर डंके की चोट पर मीडिया के सामने उजागर करे। उन्होंने कहा कि मीडिया को भ्रामक और सनसनीखेज बनाकर आधी अधूरी गलत जानकारी परोस कर झामुमो आखिर क्या बताना चाहता है। यह मुख्यमंत्री की गलतफहमी है कि उनकी ओर से एक के बाद एक हास्यास्पद और भ्रामक जानकारी मीडिया के जरिए परोस कर वो मुझे आदिवासियों की जमीन हड़पने वाले महाजन सोरेन परिवार और उनके खुद का पोल खोलने से रोक देंगे । यह उनकी बड़ी भूल है। बाबूलाल मरांडी ने सवाल किया कि प्रेसवार्ता में जिस दो तल्ला मकान को दिखाया गया है उसके बारे में जेएमएम वाले बुझौअल न बुझाएं बल्कि अपने मुंह से देश दुनियां को सबकुछ बताने की कृपा करें। यह उनका बड़ा एहसान होगा।

## एक नहीं दो कंपनियों में पार्टनर थीं पत्नी : सुनील तिवारी

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी ने कहा है कि सुप्रियो सत्य और अर्धसत्य, तथ्य और खुराफात में अंतर बेशक समझते होंगे। तिवारी ने कहा कि ये सत्य है कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड चक्रपाणि नाम की कंपनी में मेरी पत्नी लालिमा तिवारी निदेशक थीं, ये भी सत्य है कि योगेंद्र तिवारी भी इस कंपनी के निदेशक थे। सत्य यह भी है कि 2011 से ही इन दोनों कंपनी से लालिमा तिवारी अलग हो गईं। अलग होने की वजह आज के परिणाम से समझा जा सकता है। सुनील तिवारी ने कहा कि लेकिन भाई सुप्रियो जी (आपके शब्दों में) अगर कंपनी ने अरबों रुपए कहां से लाये, सैकड़ों एकड़ जमीन ली और सिमडेगा में शराब का ठेका आपके सरकार के कार्यकाल में लिया, तो बताएं इस जमीन की खरीद कब हुई, सिमडेगा का टेंडर किसने कब दिलाया? एसीबी या राज्य की एजेंसी में ही एफआईआर करा कर जांच करा लें। किसी को भी नहीं बख्शें। हां, लेकिन सच और झूठ, तथ्य और खुराफात में अंतर होता है। सुनील तिवारी ने सुप्रियो को संबोधित करते हुए कहा कि आपका इस्तेमाल किसी खुराफाती ने अपने पक्ष में किया, अर्धसत्य आपके सामने रख। सच के सूरज को छिपा गया। सच सामने है। निदेशकों का नाम सामने हैं। आपने कहा जमीन खरीदी गई, मैं कहता हूं इस कंपनी ने अगर गलत धंधा किया है तो सारी खरीदी गई जमीन सरकार कब्जे में ले लें और दोषियों पर बिना विलंब कार्रवाई शुरू कर सजा दिलायें ताकि दुनियां को सच का पता चले।

# डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के विनय बागीचा स्थित डी ए वी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों व शिक्षकों ने 800 से अधिक पौधे अपने घरों के आस पास लगाए और इसका फोटो व वीडियो स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा। बच्चों ने आम ,कटहल, लीची, नीम व पीपल आदि के पौधे लगाया। बच्चों ने वृक्ष के हमारे जीवन में महत्व के बारे में भी बताया। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा आयोजित एक बच्चा एक पेड़ अभियान के तहत स्कूल के सभी बच्चों को अपने घरों के आस पास एक पौधा लगाने के लिए कहा गया। साथ ही उसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण बहुत ही प्रतिकूल होता जा रहा है। धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। वर्षा भी समय से नहीं हो रहा है। इसका मुख्य कारण पेड़ों की अधिक व अंधाधुंध कटाई और प्रदूषण है। यही स्थिति रही तो आने वाले कुछ वर्षों में इस धरती में जीवन बहुत कठिन हो जायेगी। अगर इस धरती को रहने लायक बनाए रखना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। उसकी देख रेख करनी होगी। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना होगा। इसी के तहत विद्यालय में प्रतिवर्ष बच्चों के बीच पौधरोपण का कार्यक्रम किया जाता है।बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताया जाता है। जिससे सभी बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें। विद्यालय के निदेशक ने आस पास के सभी ग्रामीणों से भी आस पास की खाली जगहों हो अधिक से अधिक पेड़ लगाने व इसकी देखभाल करें। पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। जिससे आने वाली पीढ़ी इस धरती पर रह सके।



### झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन आयोजित

# समाज एकजुट होकर अपनी ताकत बढ़ाये : संगम लाल गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश तेली समाज के एक दिवसीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हुंकार भरी गयी। वहीं, अधिवेशन में झारखंड के सभी तेली समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। रविवार को सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तेली समाज के प्रतिनिधियों ने समाज को एकत्रित करने का संकल्प लिया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि राज्य के तेली समाज अगर एकजुट हो जाये, तो सांसद और विधायक बनाने की क्षमता रख सकते हैं। अपने समाज को बिखरने नहीं दे। अगर एकजुट और संगठित रहेंगे, तो राजनीतिक पार्टियां भी आपके आगे झुकेंगी। समाज एकजुट रहे, इसका प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। प्रदेश में आपको अपने अधिकार और आरक्षण का लाभ चाहिए, तो अपनी संगठित ताकत को दिखाये और अपना हक प्राप्त करें। सांसद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश सरकार ओबीसी समाज के अधिकार को छिनने का प्रयास कर रही है। नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि घर घर जाकर अपने समाज को एकजुट करें, तभी आपको अपना हक मिल पायेगा।

### बिखरे हुए समाज को एकजुट करेंगे: अरुण साहू

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि बिखरे हुए समाज को एकजुट करना है। यह एकजुटता तभी आयेगी, सब हम सभी एक मंच पर आयेंगे। जब एक मंच पर आयेंगे तो राजनीतिक पार्टियां भी हमारी ताकत को समझेगी। झारखंड में हमारी जनसंख्या 18 से 20 प्रतिशत है। यह हमारी ताकत है। तेली समाज अगर सशक्त होगा, तभी हम अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन निरजंन भारती ने किया। मौके पर कलिंदर साहू, साबी देवी, रिपू सुदन साहू, अनिता देवी, डॉ सुभाष साहू, प्रकाश साहू, भुनेश्वर साहू, रामदास साहू समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सत्या को मिस फ्रेशर व ऋषि प्रकाश राज को मिस्टर फ्रेशर-2023 घोषित किया गया

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), रांची के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए रविवार को- आरंभ 2के23, थीम पर फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म-2023 व मिस यूनाइटेड नेशंस अर्थ- 2022 की विजेता एंजेल मेरीना तिर्की मौजूद थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में फैशन मॉडल अयान खान मौजूद थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शायरी, सामूहिक नृत्य, गीत गायन व रैंप वॉक में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के संचार कौशल, हाजिर जवाबी, व्यक्तित्व, रैंप वाक और प्रश्नोत्तर राउंड के अंक के आधार पर निर्णायकों ने सत्या को मिस फ्रेशर व ऋषि प्रकाश राज को मिस्टर फ्रेशर-2023 घोषित किया। इसके अलावा प्रत्यूष राज मिस्टर हैंडसम, अर्पण खलखो द मैच्योर फ्रेशर, सोनम कुमारी मिस एलिगेंट व हर्ष वर्मा बिग नेम ऑन कैंपस अवार्ड से सम्मानित किए गए। एंजेल मेरीना तिर्की ने मिस और मिस्टर फ्रेशर को बधाई दी।

# चांदनी पुत्रदा एकादशी के मौके पर बाबा के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सावन माह की अंतिम चांदनी पुत्रदा एकादशी के पूजन दर्शन का। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजन अमर पड़े थे। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पुत्रदा एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को हरियाली नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसीदास सूर्यमुखी की मोटी मोटी फुल महिलाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तेल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया। जयपुर निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा व श्रृंगार प्रदीप सोनी ने पोशाक मधुशर्मा ने पंचमेवा अन्नपूर्णा सरावगी रबड़ी प्रसाद एक भक्त ने गिरीगोला एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवन निवेदित की।

### एकादशी के मौके पर भक्तों का चरम पर दिखा उत्साह

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। पावन मास की अन्तिम एकादशी होने के कारण भक्तों का उत्साह चरम पर था। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री श्याम प्रभु की ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। श्यामा तेरे चरणों की धूल अगर मिल जाए, खूब सज्यो श्रृंगार खाटू वाले को, दरबार अनोखा सरकार अनोखी, सांवरिया तेरा मुझको दीदार हो जाए, तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे इत्यादि भजनों की लय पर भक्तजन श्याम लीन में झूम रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, एवम केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया।



# क्राफ्ट इंडिया मोरहाबादी में उमड़ी लोगों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से मोरहाबादी मैदान मेला में लोगों की भीड़ रोजाना बढ़ती जा रही है। यह मेला 4 सितंबर तक रहेगा। मेला में विदेशी सामान और गीत संगीत भी लोगों को लुभा रहा है। ट्रेड फेयर के सचिव संजीव कुमार, रोहित चौरसिया, संयोजक विकास जायसवाल, राजेंद्र चौधरी रितेश कुमार और परम शाह ने बताया कि मेला में प्रतिदिन तरह-तरह के मनोरंजक कार्यक्रम भी कलाकारों के द्वारा पेश किया जा रहा है। एक्टर देवेश खान सह सचिव बुलंद अख्तर कलाकारों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। मेरी आवाज मेरी पहचान और फास्ट कलाकार की पूरी टीम मेला में लोगों का मनोरंजन कर रही है । सिंगर कुमार गहलोत , सिंगर आफताब आलम, सिंगर कविता होरो, सिंगर रमीज बारी, सिंगर जमाल अख्तर, सिंगर नैना सिंगर सुलोचना शाहदेव, सिंगर राधिका और नन्हे कलाकारों में सक्षम, कृति, काव्या ने भी अपने बेहतरीन गानों से सबका दिल जीता। मेला में कलाकारों के जरिए विशेष प्रदर्शन किया जा रहा है । प्रदर्शनी में बाहर से आने वाले कलाकारों को भी गाने का मौका दिया जा रहा है।

### बेहतर काम के लिए मिला सम्मान



**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार को एक बैठक बुलाई गई। जिसमें सभी लोगों को पिछले वर्ष बेहतरीन कामों के लिए स्वागत किया गया। सभी को सम्मान दिया गया। कार्यकर्ताओं के हौसला अफजाई के लिए फूल माला और चुनरी पहना कर स्वागत किया गया। पहले की तरह इस बार भी दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है ताकि पहले की भांति इसबार और बेहतर हो सके। घर के मुखिया संयोजक डॉक्टर अजीत सहाय ने सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर चंचल चटर्जी, प्रदीप राय, डा अरुण सिंह,संजय गोपू, रविदंर बर्मा, भास्कर बर्मा, राजन बर्मा, अमर सोनी आदि उपास्थि थे।

### संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में सरकार पर बरसे बाबूलाल मरांडी, कहा

# भाजपा हमेशा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में रविवार को जामताड़ा और संथाल परगना के 18 विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बारिश के बीच जनसभाओं में हजारों की संख्या में लोगों का आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि राज्य में पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी बोलते हैं कि उन्हें पद पर बने रहने के लिए हर माह रिचार्ज कराना पड़ता है। मरांडी कहा कि जनता के स्नेह और समर्थन से संकल्प यात्रा अब जन संकल्प यात्रा में बदल गई है। झारखंड राज्य भाजपा नीत अटल सरकार की देन है। भाजपा राज्य गठन से लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की लड़ाई का ढिंढोरा पीटने वाले झामुमो, कांग्रेस और राजद के लोगों ने क्या किया, यह जानता जानती है। ये झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अलग राज्य भी दिया और गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से भी जोड़ा। 60 वर्षों तक कांग्रेस ने गांव में सड़क बिजली नहीं भेजी। क्योंकि, गांव में गरीब, दलित, पिछड़ा लोग रहते हैं। संथाल परगना में विकास की गाथा लिखी जा रही। दुमका का मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स की स्थापना, एयरपोर्ट, साहेबगंज में बंदरगाह और गंगा पुल का निर्माण मोदी सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ गई है। रोज हत्या लूट बलात्कार की घटनाएं हो रही। राज्य में आदिवासी, दलित पिछड़ा, बहन बेटियां कोई सुरक्षित नहीं। बेटियों को पेट्रोल से जला दिया जा रहा। हत्या करके पेड़ पर टांग दिया जा रहा। पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ कर पैसे की वसूली कर रही। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के कारण गो तस्करों पर कार्रवाई नहीं हो रही। मरांडी ने कहा कि भाजपा चुपचाप झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती।



### महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत तय : संजय सिंह यादव

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने डुमरी विधानसभा उप चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव के नेतृत्व में तीन प्रदेश स्तरीय कमिटी का गठन किया गया है। प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव के कुशल नेतृत्व में कमिटी डुमरी विधानसभा में बेबी देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार प्रसार करेगी और महागठबंधन की प्रत्याशी की जीत को प्रबल करायेगी। श्री यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो ने जिस तरह से अपने क्षेत्र में विकास यि था और वह हमेशा जनता के बीच रहेकर अपना मान- सम्मान को हमेशा रखा था। उसी तरह बेबी देवी ने उनके स्थान पर उनका विकास कार्यों को और आगे बढ़ायेंगी और क्षेत्र का विकास करेंगी। यही उनका लक्ष्य है।

### जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची 14 प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम

**रांची।** उपायुक्त लोकेश मिश्र के निर्देश पर उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंचे 14 प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शामिल थे। जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची आइएएस की टीम में चार महिला अधिकारी शामिल हैं। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के जुटजोरा में एक सप्ताह तक रहेंगे। इस दौरान आइएएस अधिकारियों की टीम जिले के ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर ग्रामीणों की जीवन शैली और क्रियान्वित योजनाओं के संदर्भ में शोध-अनुसंधान करेगी।

# विहिप उपाध्यक्ष देवी प्रसाद का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**नवीन मेल संवाददातपा। रांची**
विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला का पार्थिव शरीर रविवार को हरमू के मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गया। 94 वर्षीय देवी प्रसाद शुक्ला का निधन शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में दर्शन एवं श्रद्धांजलि के लिए दो घंटे तक रखा गया था, जहां सैकड़ों कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। दधीचि की भांति अपने जीवन के साथ शरीर को भी दान करने की घोषणा की थी, जो आज रिम्स को सुपुर्द कर पूर्ण किया गया। यह आज के समाज के लिए एक अनुकरणीय संदेश है। क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि शुक्ला का जन्म एक जनवरी, 1932 में कानपुर में हुआ था। 1951 में कानपुर में जनसंघ के पूर्णकालिक बने थे। 1985 से झारखंड में विहिप से जुड़े और वर्तमान में विहिप के कई दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रांत उपाध्यक्ष के रूप में कार्यालय में ही निवास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के समय भोगनाडीह से आरंभ सिंधु कान्हु यात्रा, श्रीराम ज्योति यात्रा आदि में मुख्य वक्ता के रूप में समाज को मार्गदर्शन किया था। 1990 में बलिदान हुए कारसेवकों के श्रद्धांजलि के रूप में रचित गीत सरयू में बहते लहू ने पुकारा, चलो राम भक्तों चलो फिर से दोबारा हमारे हृदय में मानव विद्युत तरंगों का संचार करता था। प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि शुक्ला का जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। लगभग एक शताब्दी तक के जीवन में पांच दशक तक समाज को संत की भांति दिशा निर्देशित करते रहे।



### बुढ़मू में निःशुल्क जांच शिविर आयोजित, 200 मरीजों की हुई जांच

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के सुमू धवैया के स्कूल भवन में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। आरएसएस के अनुषांगिक संगठन वनवासी कल्याण केंद्र की आरोग्य योजना के तहत आयोजित शिविर में 200 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें डॉ उमेश जायसवाल, डॉ ज्योत्सना सिन्हा, डॉ उषा पांडेय, डॉ सुनील कुमार महतो ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया। वहीं वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटी गई। इससे पूर्व भारत माता एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ सुनील बैरागी, खंड कार्यवाह रंजन कुमार, खंड संपर्क प्रमुख लगनलाल महतो और सांसद प्रतिनिधि तपेश्वर मिश्र आदि मौजूद थे।

# रांची में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का छह व सात सितंबर को होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति अलबर्ट एक्का चौक मेन रोड कार्यक्रम स्थल पर छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार सुबह समिति के संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए एक मटकी को सजाकर उसमें माखन भरकर हांड़ी को आयोजन स्थल पर लगाया गया। रंग बिरंगे फूलों की लड़ी से सजी यह हांडी सात सितंबर तक लोगों के अवलोकन के लिए लगाई गई है। मौके पर संरक्षक संजय सेठ की अध्यक्षता में श्री राम मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी हुई। बैठक के दौरान संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति की ओर से ग्यारहवीं बार महोत्सव का आयोजन हो रहा है। छह सितंबर को शाम चार बजे श्रीकृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे ,बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। श्री कृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन धार्मिक व सामाजिक संस्था के अध्यक्ष व सचिव सहित विशिष्ट अतिथि करेंगे। वहीं सात सितंबर को शाम पांच बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य के मंचन का आयोजन रखा गया है। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। दही हाडी प्रतियोगिता में महिला गोविंदा के लिए दही हांडी की ऊंचाई 20 फीट एवं पुरुष गोविंदा के लिए 25 फीट की ऊंचाई रखी गई है।



### सीट भर्ती | स्नातक में नामांकन के लिए आज से होगा काउंसेलिंग

# सफल अभ्यर्थी का दो सितम्बर तक होगा रजिस्ट्रेशन


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए सफल अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन काउंसेलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। पर्षद के वेबसाईट के ऑनलाइन काउंसेलिंग पेज पर सभी सफल अभ्यर्थी 28 अगस्त से 2 सितम्बर तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। काउंसेलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशोधन 3 सितम्बर तक किया जा सकता है। पर्षद द्वारा कॉलेज एवं सीट का आवंटन 5 से 12 सितम्बर 2023 तक किया जायेगा। इस आवंटन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सबंधित कॉलेज में सभी सर्टिफिकेट्स के सत्यापन सहित नामांकन की प्रक्रिया 6 से 12-12 सितम्बर 2023 तक चलेगी। बीएयू के अधीन कृषि एवं संबद्ध विषयों के स्नातक पाठ्यक्रम कुल 10 महाविद्यालयों में चलाये जाते है। कृषि स्नातक पाठ्यक्रम में कृषि संकाय अधीन रांची, गोड्डा, देवघर एवं गढ़वा में कार्यरत महाविद्यालयों का सफल अभ्यर्थी चयन कर सकते है। इसीतरह कृषि अभियांत्रिकी स्नातक पाठ्यक्रम के लिए कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रांची तथा उद्यान स्नातक पाठ्यक्रम के लिए उद्यान महाविद्यालय, खुंटपानी, चाईबासा को चुना जा सकता है। वानिकी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए रांची वानिकी महाविद्यालय का आप्शन अभ्यर्थी को रखना होगा। वेटनरी संकाय के अधीन वेटनरी स्नातक पाठ्यक्रम के लिए रांची वेटनरी कॉलेज, डेयरी टेक्नोलॉजी स्नातक पाठ्यक्रम हेतु फूलो झानो डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज, हंसडीहा, दुमका एवं मत्स्य विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, गुमला को रजिस्ट्रेशन में रखा जा सकता है। सफल अभ्यर्थियों के लिए बहु विकल्पों का चुनाव बेहतर अवसर देगी। ऑनलाइन काउंसेलिंग के माध्यम से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के कुल 414 सीटों पर नामांकन के लिए पर्षद द्वारा सीट एवं कॉलेज का आवंटन किया जायेगा। पर्षद द्वारा सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को बीएयू के वेबसाईट के माध्यम से वांछित अभिलेखों एवं अन्य जानकारियां मिलेगी। बताते चले कि पर्षद ने 9 जुलाई 2023 को बीएयू में नामांकन के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया था। जबकि इसका परीक्षाफल का प्रकाशन पर्षद ने 19 जुलाई 2023 को की थी।



### वर्षा जल संचयन पर छात्र-छात्राओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**रांची।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग केंद्र में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग )को लेकर रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने वर्षा जल संचयन पर आधारित मॉडल बना बनाकर प्रदर्शित किया और इसके महत्व से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। तमन्ना ग्रुप, कंचन ग्रुप, गोल्डन ग्रुप और राजवीर और आर्यन ग्रुप को बेहतरीन मॉडल प्रदर्शित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि धरती पर बारिश की हर बूंद लोगों के लिये भगवान का आशीर्वाद के समान है। बारिश के पानी के महत्व को हर व्यक्ति को समझना होगा। छतों पर और सड़कों के किनारे बह रहे वर्षा जल को बिना बर्बाद किये इकट्ठा करने की कोशिश करनी चाहिये।

# असदुद्दीन ओवैसी 30 को आयेंगे डुमरी अपने प्रत्याशी के लिए मागेंगे समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डुमरी विधानसभा उप चुनाव पांच सितम्बर को है। अब अपने पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी के समर्थन में जनता से वोट मांगने को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी के चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी 30 अगस्त को डुमरी पहुंचेंगे। इसी दिन केबी हाई स्कूल ग्राउंड, डुमरी में वे रिजवी के समर्थन में जनसभा भी करेंगे। उनके साथ झारखंड खतियान मोर्चा के प्रमुख और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा भी जनता से तीसरे विकल्प के तौर पर रिजवी को चुनाव में विजयी बनाने की अपील जनता से करेंगे। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर साहब ने बताया कि डुमरी सहित राज्य की जनता को यहां तीसरे विकल्प की तलाश है। इसमें एआईएमआईएम और खतियान मोर्चा तथा अन्य का गठबंधन उन्हें विकल्प देने में सक्षम है। राज्य अलग बनने के बाद से यहां भाजपा, झामुमो, कांग्रेस सहित सबों के गठबंधन को जनता ने देख लिया है। पर मूलवासी, अल्पसंख्यक, आदिवासियों और अन्य की उम्मीदों पर कोई खड़ा नहीं उतरा है।

### झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन में लोस-विस चुनाव को लेकर भरी हुंकार

# 'समाज एकजुट होकर अपनी ताकत बढ़ाएं'




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज के एक दिवसीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हुंकार भरी गयी। वहीं, अधिवेशन में झारखंड के सभी तेली समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। रविवार को सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तेली समाज के प्रतिनिधियों ने समाज को एकत्रित करने का संकल्प लिया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि राज्य के तेली समाज अगर एकजुट हो जाये, तो सांसद और विधायक बनाने की क्षमता रख सकते हैं। अपने समाज को बिखरने नहीं दे। अगर एकजुट और संगठित रहेंगे, तो राजनीतिक पार्टियां भी आपके आगे झुकेंगी। समाज एकजुट रहे, इसका प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। प्रदेश में आपको अपने अधिकार और आरक्षण का लाभ चाहिए, तो अपनी संगठित ताकत को दिखाये और अपना हक प्राप्त करें। सांसद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश सरकार ओबीसी समाज के अधिकार को छिनने का प्रयास कर रही है। नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि घर घर जाकर अपने समाज को एकजुट करें, तभी आपको अपना हक मिल पायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि बिखरे हुए समाज को एकजुट करना है। यह एकजुटता तभी आयेगी, सब हम सभी एक मंच पर आयेंगे। जब एक मंच पर आयेंगे तो राजनीतिक पार्टियां भी हमारी ताकत को समझेगी। झारखंड में हमारी जनसंख्या 18 से 20 प्रतिशत है। यह हमारी ताकत है। तेली समाज अगर सशक्त होगा, तभी हम अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन निरजंन भारती ने किया। मौके पर कलिंदर साहू, साबी देवी, रिपू सुदन साहू, अनिता देवी, डॉ सुभाष साहू, प्रकाश साहू, भुनेश्वर साहू, रामदास साहू समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सावन की अंतिम सोमवारी

## रोरो नदी से जल भरकर मुर्गा महादेव के लिए डाक बम रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सावन की अंतिम सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए डाक बम का जत्था उत्तर वाहिनी रोरो नदी से जल भर कर मुर्गा महादेव के लिए रवाना हुई. डाक बम में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष, युवा और युवतियां सभी शामिल थे. डाक बम में शामिल लोगों ने सबसे पहले रोरो नदी में स्नान किया और उसके बाद करणी मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. यहां से वह पैदल ही नोवामुंडी मुर्गा महादेव के लिए रवाना हुए. रोरोनदी के तट पर पूरे उत्सव जैसा माहौल था. मौसम भी डाक बम के अनुरूप हो गया था. बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है. इससे डाक बम को पैदल यात्रा करने में कोई परेशानी नहीं होगी.

## राहुल कुमार कश्यप आकार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहर के जाने माने कैटरर व इवेंट प्लानर (शुभ पार्टी ऑर्गेनाइजर) राहुल कुमार कश्यप को इंडिया एक्सपो मार्ट, नोएडा में चल रहे आकार एक्सपो-2023 में रांची शहर में श्रेष्ठ कैटरिंग व इवेंट प्लानर के लिए आकार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारत के जाने माने नमक समक मास्टर शेफ हरपाल सिंह सोकी और आकार एग्जिबिशन के प्रमुख प्रेमल मेहता द्वारा दिया गया। गौरतलब है कि आकार अवार्ड आकार वार्षिक प्रदर्शनी का एक अभिन्न अंग है, जो हर प्रत्येक वर्ष नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित की जाती है। 2023 में इसे इंडिया एक्सपो सेंटर नोएडा में किया गया है। उद्योग के लिए मानक होने के अलावा यह पुरस्कार विभिन्न संगठनों और लोगों को नवाचार करने, साझा सेवाओं को अपनाने या व्यावसायिक मूल्य प्रदान करने के लिए एक प्रभावी व्यावसायिक रणनीति के रूप में तैनात करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। पुरस्कार के लिए यह अनुशंसा की जाती है कि प्रत्येक आवेदक के साथ एक अद्वितीय व्यावसायिक मामले की प्रस्तुति और उपलब्ध प्रशंसापत्र, चित्र, वीडियो और मूर्त मूल्य वितरण को प्रदर्शित करने वाली कोई अन्य सामग्री होगी। फिर आवेदनों की आकार एक्सीलेंस सलाहकार समिति की टीम द्वारा जांच की जाती हैऔर अंत में पुरस्कार विजेताओं का चयन किया जाता है।

### मानगो में अपराधियों ने एक युवक के सिर में मारी गोली, मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत गुरुद्वारा बस्ती शिव मंदिर के पास शनिवार देर रात अपराधियों ने स्थानीय निवासी पवन कुमार यादव को गोली मार दी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. इधर घायल अवस्था में उसके साथियों ने पवन को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे टीएमएच रेफर कर दिया गया. टीएमएच में जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पवन गाय पालने का काम करता था. वह पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है. देवा ने बताया कि वे पवन और दो साथियों के साथ नदी किनारे बैठे थे, तभी तीन की संख्या में अपराधी वहां आए. उनमें से एक अपराधी ने पवन के सिर में गोली मार दी. अपराधी नदी किनारे से होते हुए भाग गए. भागते हुए अपराधी ये कह रहे थे कि जो भी गवाही देगा उसे गोली मार देंगे. उनमें से दो की हाइट कम थी, जबकि एक लंबा था.

### सर दोराबजी टाटा की जयंती मनाई गई

**धनबाद।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने रविवार 27 अगस्त को अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा को उनकी 164वीं जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. समारोह जामाडोबा के सर दोराबजी टाटा पार्क में आयोजित किया गया. टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों व यूनियन प्रतिनिधियों के साथ पार्क में सर दोराबजी टाटा को पुष्पांजलि अर्पित की. अपने संबोधन मेंराजोरिया ने सर दोराबजी टाटा के जीवन की उपलब्धियों को याद किया और सभी लोगों से उनके दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग की, जो आज भी बेहद प्रासंगिक बने हुए हैं. इस अवसर पर अधिकारी नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, मयंक शेखर, चीफ, सिजुआ ग्रुप, झरिया डिवीजन, बरुण बनर्जी, हेड,सेफ्टी, झरिया डिवीजन, संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और कई अधिकारी, झरिया डिवीजन के यूनियन प्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे.

### देवघर में आरएल सर्राफ स्कूल में पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन

# 'मेरी माटी मेरा देश' विषय पर दी गई जानकारी






**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में लगाईं गई पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आमजनों तथा कांवरियें बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनी में आम जनता की भागीदारी देखने योग्य है। विशेष कर श्रद्धेय कांवरियों की। प्लास्टिक से बचने के मशवरे के साथ देवघर आए और प्रदर्शनी में आए श्रद्धालुओं को सीबीसी की ओर से कपड़े का थैला प्रस्तुत किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं तथा प्रदर्शनी देखने आए आगंतुकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, डांस की प्रस्तुति भी दी गई। सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा दीवार-घड़ी, टिफिन, बैग इत्यादि से पुरस्कृत भी किया गया। विदित हो कि प्रदर्शनी का उद्घाटन कल 26 अगस्त को देवघर की मशहूर समाजसेवी तथा जन प्रतिनिधि रीता चौरसिया के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद, आर एल सर्राफ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर, सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार पांडेय एवं स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक गण भी अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट , मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जाएंगी, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र छात्राएं उठा रहे हैं। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि का इस प्रदर्शनी में समायोजन किया जाना। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन सीबीसी धनबाद के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान ने किया वहीं इसके आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम आदि की भी महती भूमिका रही। सीबीसी रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय , संजय कुमार व सुरेश उरांव भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। कल मेरी माटी मेरा देश व संबंधित विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम व रैली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता इत्यादि प्रस्तावित है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत के मिस्त्रीपाड़ा निवासी सुभाष सरकार उर्फ राजू सरकार (52 वर्ष) ने रविवार की सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पाकर पुलिस पहुंची और जांच की. लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा. जानकारी के मुताबिक सुभाष सरकार डिप्रेशन में थे. शनिवार की रात को पत्नी के साथ कमरे में सोये थे. पत्नी के सो जाने के बाद सुबह दूसरे कमरे में जाकर रस्सी के सहारे पंख के हुक से फांसी लगा ली. पत्नी की नींद खुली तो उन्हें कमरे में नहीं पाया. दूसरे कमरे में उन्हें फांसी पर लटकते पाया गया.

### एक व्यक्ति ने ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना अंतर्गत दुखू मार्केट के पास रेल लाइन पर रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव पाया गया. शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. शव की पहचान सीतारामडेरा के देवनगर निवासी 38 वर्षीय बिजेंद्र बरीहा के रूप में की गई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद को लेकर शनिवार देर रात बिजेंद्र अपने घर से निकल गया था.

## झोलाछाप डॉक्टर से इलाज के चक्कर में बच्चे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पुटकी में झोलाछाप डॉक्टर से इलाज के चक्कर में दो माह के बच्चे की मौत हो गई. डॉक्टर ने बच्चे को खराब आई ड्रॉप आंख में डाल दिया. ड्राप डालते ही बच्चे की आंख बंद हो गई. परिजन इलाज के लिए उसे चेन्नई ले गए थे, जहां इलाज के दौरान शनिवार 26 अगस्त की रात को बच्चे की मौत हो गई. पुटकी थाना क्षेत्र के आदिवासी टोला निवासी संदीप मुर्मू के बच्चे आदित्य की आंख दो माह पहले लाल हो गई थी. परिजन उसका इलाज कराने पुटकी के ही एक डॉक्टर परशुराम शर्मा के पास ले गए. बच्चे को बुखार आदि की दवा दी गई थी. उसकी आंखें लाल देखकर डॉक्टर ने कोई आई ड्रॉप भी डालने को दे दिया. परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने ड्रॉप डाला तो बच्चे की आंख नहीं खुलने लगी. परिजन फिर से उसे उसी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, तो उसने आई ड्रॉप छीनकर अपने पास रख लिया. परिजनों ने पुटकी थाने में व स्वास्थ्य विभाग के पास शिकायत की. सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन ने बताया कि पीड़ित बच्चे की मौत की जानकारी मिली है. मामले में जांच टीम का गठन कर दिया गया है. रिपोर्ट डीसी वरुण रजन को सौंपी जाएगी.

## बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में लगी आग, कई उपकरण जले, उत्पादन प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस एक के टुयर संख्या 17 में 27 अगस्त रविवार की सुबह करीब 10.30 बजे अचानक आग लग गई. आग की लपटों से कई बड़े उपकरण जल गए. इससे प्लांट में उत्पादन प्रभावित हो गया. आग इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने में बीएसएल के अग्निशमन विभाग के कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. करीब चार घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. घटना के बाद पूरे प्लांट परिसर में अफरातफरी मच गई. वहां कार्यरत मजदूर व कर्मी भाग खड़े हुए. किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने घटना की सूचना फायर विभाग को दी. फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई. करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि अग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है. सूचना मिलते ही कई वरीय अधिकारी प्लांट पहुंचे. प्रबंधन आग से हुए नुकसान का आकलन करने में जुटा है.

## लूटकांड के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** लूटकांड के फरार आरोपी मुफ्फसिल थाना अतंर्गत भोया गांव के डिबोय बोदरा उर्फ डोबाय बोदरा उर्फ बब्लू बोदरा उर्फ माका के घर में मुफ्फसिल पुलिस ने रविवार को इश्तेहार चस्पा किया. तांतनगर ओपी पुलिस के सहायोग से यह कार्रवाई की गई. आरोपी द्वारा एक सप्ताह के भीतर न्यायालय या थाना में आत्मासमर्पण नहीं करने पर उनके घर के अचल संपत्ति की कुर्की जब्ती पुलिस करेगी. गौरतलब है कि आरोपी माका के खिलाफ अगस्त 2022 में मंझारी थाना क्षेत्र के बरकुंडिया पुलिया पर घात लगाकर भारत फाइनेंस कंपनी के एजेंट से हथियार के बल पर 2.83 लाख रुपये लूट मामले में प्राथमिकी दर्ज है. तांतनगर ओपी प्रभारी राहुल कुमार राम ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी (माका) फरार चल रहा हैं. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

### प्रेरित | डीएवी सीएफआरआई में अंतर सदनीय वॉलीबॉल व हैंडबॉल प्रतियोगिता

# बालिका में हंसराज व बालक में श्रद्धानंद अव्वल





**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, डिगवाडीह में पाठ्यचर्या गतिविधि के अंतर्गत तृतीय अंतर सदनीय वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता हुई. विद्यालय की नयी प्रतिभाओं को नयी उड़ान देने की मनसा से 27 अगस्त रविवार तक बालिकाओं के लिए तृतीय अंतर सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तहत हंसराज सदन ने श्रद्धानंद सदन को 25-12 ,25-10 से हराकर जीत हासिल की. दूसरे स्थान पर श्रद्धानंद सदन व तीसरे स्थान पर बिरजानंद सदन रहा. दूसरी ओर हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में श्रद्धानंद सदन ने हंसराज सदन को 2-1 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. हंसराज सदन दूसरे और दयानंद सदन तीसरे स्थान पर रहा. बच्चों के खेल के प्रति रुचि तथा उनकी प्रतिभाओं को देखते हुए स्कूल की प्राचार्य श्रीमती महुआ सिंह ने कहा कि खेल से बच्चों में रचनात्मक व भावनात्मक विकास होता है. शरीर में नई स्फूर्ति आती है तथा ये प्रतियोगिताएं मनुष्य के जीवन का हिस्सा हैं,जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं. उन्हें तनाव मुक्त भी रखती हैं. रेफरी संतोष कुमार सिंह, स्कोरर एडी प्रसाद व टाइम कीपर की भूमिका में सोहेल चौधरी थे. मौके पर दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता ,हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर रवीशचंद्रा, बिरजानंद सदन के मास्टर आदि सत्य प्रकाश व विद्यालय के सह पाठ्यचर्या गतिविधि प्रभारी मौसमी बनर्जी भी मौजूद थीं.

## बेरमो में वायु प्रदूषण के खिलाफ निकाली गई जागरुकता साइकिल रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** महिला कल्याण समिति ढ़ोरी, बोकारो की ओर से स्विच ऑन फाउंडेशन के सौजन्य से वायु प्रदूषण के खिलाफ 27 अगस्त को जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई. रैली पुराना बीडीओ ऑफिस ढोरी बेरमो से निकलकर राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी तक गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. श्री पांडेय ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से पर्यावरण रक्षा के प्रति लोग जागरूक होते हैं. रैली में शामिल प्रतिभागियों के बीच सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सौजन्य से पौधों का भी वितरण किया गया. रैली में लगभग चालीस बच्चों ने भाग लिया. इस अवसर पर श्रीकांत सिंह, लखबीर सिंह, मुकेश रवि, उदेश दुबे, श्यामकुंवर भारती आदि थे. इससे पूर्व करगली रेलवे गेट गांधी चौक से काव्य कुटुंब संस्था की ओर से एक और साइकिल रैली का आयोजन किया गया. रैली को मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के स्पोर्ट्स कोच सजल चक्रवर्ती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस रैली में भी काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया. यह रैली जीएम ऑफिस तक निकाली गई. प्रोग्राम ऑफिसर मनोज राय ने रैली का संचालन किया. अकाउंटेंट हरिओम कुंवर भारती ने मार्गदर्शन दिया.



### दौरवा और कुंडवा में सोना सोबरन और उपस्वास्थ केंद्र निर्माण कार्य और पदमा में केवटा नदी पुल का हुआ शिलान्यास

# हक और न्याय दिलाना प्राथमिकता : विधायक





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रविवार को स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने बरही व पदमा प्रखंड के विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत दौरवा ग्राम में डीलर जगदीश उरांव और कुंडवा में प्रदीप यादव के जन वितरण प्रणाली दुकान पर सोना सोबरन योजना की शुरूआत किया. इस अवसर पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लाभुको के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया. विधायक ने बताया कि हेमंत सरकार की यह एक जनहितकारी योजना है. जिसे अपने क्षेत्र में क्रियान्वित करवाने के लिए समर्पित है. किसी भी स्थिति में हकमारी नही होने दिया जाएगा, है एक व्यक्ति को हक और न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है. जिसके तहत मात्र दस रुपए ने गरीबों कोबवास्टे उपलब्ध करवाए जा रहे है. राज्य में अब कोई भी व्यक्ति भूखे या नंगे नही रह सकता है. राज्य सरकार गरीबों के लिए कई लाभकारी योजनाओं की शुरूआत किया गया है. इसकी जानकारी लेकर योजना का लाभ लेने की अपील किया. सोना सोबरन की शुरूआत करने के बाद विधायक ने कुंडवा में स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्य के शिलान्यास भी किया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, अब्दुल मनान वारसी सहित कई लाभुक और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों मौजूद थे. वही पदमा प्रखंड में बिहारी ग्राम के केवटा नदी पर पुल निर्माण का भी शिलान्यास किया.

# झुमरा में एसपी ने किया दुग्ध अवशीतन केंद्र का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दारू प्रखंड अंतर्गत झुमरा के तिलैया में रविवार को जय शिव सूर्यवंशम दुग्ध अवशीतन केंद्र का उद्घाटन एसपी मनोज रतन चौथे और पूर्व आईजी दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर बनास अमूल डेयरी के जीएम डॉक्टर प्रफुल्ल भानवडिया, यूपी के ओएसडी डॉक्टर सुरेंद्र बहादुर सिंह, झारखंड एवं ओडिशा के पदाधिकारी जेएन पटेल, शीला सिंह, डॉ विजय शंकर नारायण सिंह, निधि सिंह, दीपक सिंह, डॉ पूजा प्रिया, प्रकाश सिंह, विकास सिंह समेत फैक्ट्री के कई कर्मचारी उपस्थित थे. मौके पर एसपी ने कहा कि यह प्लांट किसानों के लिए एक पथदर्शक का कार्य करेगा. क्षेत्र के किसान इतना अधिक दुग्ध उत्पादन करें कि इस प्रखंड का नाम दारू से बदलकर दूध से संबंधित कोई नाम रखा जा सके. जय शिव सूर्यवंशम के मालिक डॉक्टर विजय शंकर नारायण सिंह ने कहा कि प्रखंड के किसानों को दूध बेचने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है. उनकी कंपनी उनके घर से ही दूध खरीदेगी और दूध की कीमत अन्य कंपनियों से अधिक देगी.

## सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष की अगुवाई में रास्ता का मरम्मतीकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड के बरही पश्चिमी पंचायत के शंकर साहू के घर से पांडेआहार तक रास्ता का मरम्मतीकरण किया गया. जिसके तहत पूरे रास्ता में डस्ट बिछा कर आवागमन को सुविधाजनक बनाया गया. उक्त जानकारी उसी पंचायत के पंसस जीतू ठाकुर ने दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार रास्ता निर्माण सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान के नेतृत्व किया गया. जिसमे पंचायत के मुखिया शमशेर आलम एवं पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने सार्थक आर्थिक सहयोग किया. वही इस कार्य में युवा समाजसेवी मो असलम उर्फ टिंकू, संतोष केसरी विवेक कुमार, दयानंद यादव, उदय ठाकुर आदि सहित ग्रामीण शारीरिक सहयोग किया. सदभावना मंच के अध्यक्ष ने बताया कि काफी दिनो से यह रास्ता खराब था. स्थानीय लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी. बरसात में पूरा रास्ता कीचड़मय हो जाता था. ग्रामीणों के सहयोग से पूरे रास्ते में डस्ट बिछाए गए.

# मारवाड़ी युवा मंच ने निकाली साइकिल यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने की दृष्टिकोण से मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग शाखा की ओर से रविवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन से साइक्लोथॉन 3.0 भव्य साइकिल यात्रा निकाली गई. यह साइकिल यात्रा मारवाड़ी युवा मंच की 800 शाखाओं में एक साथ निकली. साइकिल यात्रा को वरिष्ठ समाजसेवी सह गोशाला के सचिव श्रद्धानंद सिंह, खंडेलवाल समाज के सचिव पवन खंडेलवाल, अग्रवाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, फतेहचंद मुनका सहित कई गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाई. शहर के सात किलोमीटर के दायरे में साइकिल यात्रा को भव्य रूप दिया गया. साइकिल यात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर जादो बाबू चौक,



महावीर स्थान, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस मोड़, ग्वालटोली चौक, झंडा चौक, इंद्रपुरी चौक, नूर रोड, झील रोड, त्रिमूर्ति चौक, नवाबगंज रोड, केबी विमेंस कॉलेज रोड, बंशीलाल चौक, भगत सिंह चौक, पुनः झंडा चौक, पंच मंदिर चौक, पुनः महावीर स्थान चौक, बंगाली दुर्गा स्थान से होते हुए अग्रसेन भवन पहुंचकर समाप्त हुई. प्रतिभागियों को युवा मंच की ओर से शर्ट उपलब्ध कराया गया. साइकिल यात्रा में शामिल सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी कुमार शिवाशीष सहित कई अतिथियों को युवा मंच के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया गया. मंच संचालन युवा मंच के सचिव पीयूष खंडेलवाल ने किया. साइकिल यात्रा में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साइकिल यात्रा में शमिल टॉप-10 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इनमें निधि खंडेलवाल, तनिष्क जैन, सभ्य अग्रवाल, प्रतिभा कुमारी, सत्यम कुमार, मिराज मेहरा, रिया मेहता, फरहान अहमद, रिशीका अग्रवाल और हर्दिका जैन शामिल हैं. यादगार पल के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ग्रुप तस्वीर कैमरे में कैद कराई. उसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा राष्ट्रीय गीत के साथ की गई.

# डिवाइन पब्लिक स्कूल में पीटीएम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में रविवार को अभिभावक शिक्षक मीटिंग(पीटीएम) का आयोजन हुआ ।सभा मे माता , पिता,जनप्रतिनिधि और शिक्षकों को एक मंच पर लाकर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर पर चर्चा हुई । वहीं शिक्षकों ने बच्चों के सामूहिक व्यवहार मे सकारात्मक परिवर्तन को लेकर चर्चा की। इस क्रम मे अनियमित उपस्थिति वाले बच्चो को चिन्हित किया गया तथा नियमित उपस्थिति पर विचार विमर्श किया गया। अभिभावक और शिक्षकों ने बच्चो के शैक्षणिक उपलब्धि को और बेहतर करने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बच्चों को नियमित स्कूल आने से होने वाले फायदे के बारे में बताया । साथ ही बच्चो को भटकाव से कैसे बचना है की तरकीब सुझाया। प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा की शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और शिक्षक-अभिभावकों के बीच शिक्षा की अवधारणा को मजबूत करने के लिए आज यह गोष्ठी आयोजित की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे शिक्षक देवेश चंद्रा ,राणा तेजश्वी, अभिशेष कौशल , रामनन्दन कुमार, विशाल मिश्रा , बिमल किशोर , पूनम कुमारी का अहम योगदान रहा ।

## महावर मेला के आयोजन को लेकर बैठक, समिति का किया गया गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोषमा धरहरा स्थित महावर बाबा मंदिर के प्रांगण में सावन पूर्णिमा सह रक्षाबंधन के उपलक्ष में लगने वाले मेले को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नारायण राणा एवं संचालन विकास कुमार ने किया । बैठक में मेले के बेहतर संचालन के लिए पार्किंग, साफ सफाई, व्रतियों के लिए शरबत की व्यवस्था आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं मेला का सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष, लालमनी प्रसाद उपाध्यक्ष, रामेश्वर पासवान सचिव, दीपक दास उप सचिव, अभिजीत दास कोषाध्यक्ष, अजय कुमार उपकोषाध्यक्ष, मुख्य आयोजक राजीव भूषण तथा पूजा मार्गदर्शक विकास कुमार को बनाया गया। बैठक में राजीव भूषण, शंकर सर, राजेन्द्र प्रसाद , विकास उर्फ विक्की, लालमनी प्रसाद, रामेश्वर पासवान, अजय प्रसाद, अजय कुमार , अभिजीत दास, मुन्नालाल प्रसाद, नारायण राणा,द ीपक दास, मनीष कुमार,राहुल कुमार, लखन प्रसाद, रंजन कुमार, खूबलाल पंडित, पीयूष पंडित,मनोहर प्रसाद, सौरभ कुमार, गौरव कुमार,चंदन प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नियती ने छीन लिए पांव पर हौसलों से दिखा रहे दम

**हजारीबाग।** दिव्यांग ऋषिकेश के साथ नियती ने भले ही क्रूर मजाक किया हो, लेकिन उसके हौसलों के पंख को उड़ान भरने से नहीं रोक पाया. कुदरत ने उसके एक पांव छिन लिए तो उन्होंने हाथों का दम दिखाया. बल्ला पकड़ जब वह पिच पर आते हैं, तो रनों की बौछार लगा देते हैं. अपने जज्बे की बदौलत गेंदबाजी भी कर लेते हैं. उनकी यही जिजीविषा ने उन्हें झारखंड की ओर से डीसीसीआई (भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद) तक पहुंचा दिया. अब वह झारखंड टीम की ओर से राजस्थान खेलने जा रहे हैं. उनके हौसलों को पंख लगाने में उनके पिता का भी कम योगदान नहीं है. गंदगी से पॉलिथीन चुन उसे बेचकर जीविकोपार्जन करनेवाले संजीत चौधरी ने अपने बेटे की प्रतिभा को कम नहीं होने दिया. क्रिकेट में ऋषिकेश की दिलचस्पी देख वह हमेशा उसे उस दिशा में बढ़ने के लिए हौसलों की संजीवनी देते रहे. गांव में जब बच्चों के साथ क्रिकेट खेलना चाहते थे, तो उन्हें भगा दिया जाता था. एक बार मौका मिला, तो उनकी प्रतिभा देख सभी दंग रह गए. फिर उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के सभी कायल हो गए.

### विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

# मौलिक अधिकारों का लाभ उठाना चाहिए : सिविल जज





**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में रविवार को डालसा हजारीबाग की ओर से विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई. इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि आम लोगों को संविधान से प्रदत मौलिक अधिकारों का लाभ उठाना चाहिए. वर्षों से न्यायालय में लंबित सिविल तथा आपराधिक सुलह योग्य मामले मध्यस्थता के माध्यम से स्थाई लोक अदालत में निपटाये जा सकते हैं. मोटर वाहन दुर्घटना तथा बैंक ऋण संबंधी मामले सहमति के आधार पर सुलह किये जा सकते हैं. शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उसका लाभ लेने की बात कही. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे थे. इस मौके पर अतिथियों ने परिसंपत्तियों का वितरण किया. शिविर में प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, गुरु प्रसाद साव, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो, सचिव निर्मल कुमार, पंचायतों के मुखिया, पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य एवं प्रखंडकर्मी शामिल थे.

## विधिक सशक्तीकरण शिविर में बांटी गईं 3.17 करोड़ की परिसंपत्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चौपारण में रविवार को विधिक सशक्तीकरण शिविर लगाया गया. इसमें लाभुकों के बीच 3.17 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियां बांटी गईं. बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने 13 अंबेडकर आवास लाभुकों को 16 लाख 90 हजार, पेंशन योजना में 20 लाभुकों को एक लाख 15 हजार, जेएसएलपीएस में 250 लाभुकों को 96 लाख की राशि दी गई. केसीसी लोन के सात लाभुकों को 5 लाख 62 हजार 400, मनरेगा योजना में 5 जॉब कार्ड, महिला सशक्तीकरण में 10 महिलाओं को दस हजार, सोना सोबरन में 50 लाभुकों को धोती-साड़ी, सखी मंडल में 3000 महिलाओं को एक करोड़ 65 लाख 50 हजार की चेक, मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण के लिए दो लाभुकों को 8 लाख, बिरसा बागवानी में एक लाभुक को 4 लाख 20 हजार, मेड़बंदी योजना में दो लाभुकों को 36 हजार कुल मिलाकर 3 करोड़ 17 लाख 94 हजार 400 का परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. इससे पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग सचिव गौरव खुराना के निर्देश प्रखंड मुख्यालय सभागार में मेगा लीगल इंपायरमेंट कैंप का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन एसडीजेएम रेमी प्रफुल बा, प्रमुख पूर्णिमा देवी, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विकास यादव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, अधिवक्ता सह पैनल लॉयर मुरली कुमार राणा, एमओ कारू राम ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया.

### डपोक में विहिप की पंचायत समिति गठित

# ब्रह्मदेव यादव अध्यक्ष और पप्पू पासवान बने संगठन के हनुमान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार की अध्यक्षता में डपोक में विश्व हिंदू परिषद बरही की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसका संचालन विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश विहिप पंचायत समिति का गठन करना था. जिसमे सर्वसम्मति से ब्रह्मदेव यादव पंचायत अध्यक्ष, अजय यादव पंचायत मंत्री , पप्पू पासवान बजरंग दल संयोजक, सज़य पासवान सह संयोजक, विकास पाण्डेय उपाध्यक्ष, संजय पाण्डेय सह मंत्री,रामा पाण्डेय सत्संग प्रमुख, सूजीत पाण्डेय मिलन प्रमुख बनाये गए. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए विहिप जिला सह मंत्री ने कहा कि आज सनातन समाज को विश्व हिंदू परिषद की आवश्यकता है. संगठन के आभाव मे. समाज में कई तरह की समस्याएं घर कर गई हैं, जिससे समाज खंडित हो रहा है. इसका लिए हमें संगठन को हर टोले मुहल्ले तक ले जाना है. अंतिम सनातनी को संगठन से जोड़ना है. तभी हम सनातन की सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे. बैठक में विश्व हिंदू प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी के सहित बलराज यादव, इंद्रदेव यादव सीताराम सिंह, अरुण कुमार सिंह संजय पंडित, अनिल कुमार, बसंत कुमार, राज प्रवीण यादव, चंदन कुमार यादव, संदीप कुमार यादव राहुल यादव सचिन यादव, शशि पांडे आदि मौजूद रहे।




**आस्था** | प्रखंड के कई स्थानों पर हरिकीर्तन आयोजित , शामिल हुए पूर्व विधायक

# हरि कीर्तन से वातावरण शुद्ध होते है : मनोज यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव रविवार को अपने समर्थकों संग प्रखंड के दुलमाहा मंदिर, करियातपुर भगवती मंदिर व पडरिमा शिव मंदिर आयोजित अखंड कीर्तन में शामिल हुए. दुलमहा में हिंदू कल्याण समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलशंकर पंडीत की अगुवाई में ट्रस्ट के लोगो ने स्वागत किया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि अखंड हरि कीर्तन से लोगों में आस्था बढ़ती है. वातावरण शुद्ध होते है, नकारात्मक ऊर्जा का ह्रास और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है. मन को शांति मिलती हैऔर अध्यात्मिक चेतना जागृत होते है. ऐसे धार्मिक अनुष्ठान में अधिकाधिक धर्म प्रेमियों से शिरकत करने का अपील किया. मौके पर पूर्व विधायक ने



विभिन्न भक्ति गीत गाकर धार्मिक संदेश भी दिया. उनके भक्तिमय गीत पर श्रद्धालुओं झूम उठे. इस दौरान पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जितेंद्र गिरी, कैलाश ठाकुर, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र जायसवाल, धनंजय जायसवाल, चन्दन केशरी, उप मुखिया संतोष कुमार, बिरजू ठाकुर, राहुल कुमार, कमलेश कुशवाहा ,पवन केशरी ,अजय भगत, सुधीर यादव, दिनेश यादव, रोहित गिरी, लालजी यादव, रविंद्र यादव, रोहित यादव, रंजीत यादव, तुलसी यादव, सिकंदर यादव, राजेंद्र यादव ,नीतीश यादव, भीम यादव, हरिंदर यादव, प्रभु यादव, रंजीत पाण्डेय, मनोज राणा सहित कई लोग मौजूद रहे.

# कोडरमा : गांधी उवि. में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** गांधी उच्च विद्यालय में धूमधाम से सावन महोत्सव मनाया गया. सावन महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजिक किया गया. इस दौरान अभिभावक माताओं की उत्सुकता देखते बन रही थी. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका रही. खुशबू , लक्ष्मी और जाह्नवी ने सावन आधारित कजरी गीतों पर आकर्षक एकल नृत्य प्रस्तुत किया. वहीं ठुमरी और बचरा गीतों पर महादेव पार्वती, राधा-कृष्ण के प्रतीक पर सान्या, नंदिनी, सृष्टि, जूही, अभिलाषा, कहकसा, नाज, तरन्नुम ने ग्रुप डांस कर अभिभावक और दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया.

### झूला सजाओ में स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

छात्राओं ने रंगोली बनाओ, मेंहदी रचना और झूला सजाओ प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में नंदिनी, पूनम, संगीता और पीयूष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं स्नेहा, अलका, रोशन और ओंकार दूसरे स्थान पर रहे. मेंहदी रचना में सृष्टि और अभिलाषा ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किये. इसी तरह झूला सजाओ में विद्यालय के छात्रों ने बाजी मार ली. नीरज, दीपक और मनोज ने पहला स्थान प्राप्त किया. वहीं ओंकार, गौतम और सागर की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया. सभी विजेताओं को प्रिसिंपल निशा भारद्वाज ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इस सुनहरे अवसर पर शिक्षिकाओं ने भी मेंहदी से अपने हाथों को सजाया. वहीं पुरुष शिक्षक भी झूले का आनंद उठाने में पीछे नहीं रहे. पूरे ही कार्यक्रम का कुशल संचालन पूर्व छात्र प्रीतम भैया ने किया. पूरे कार्यक्रम के उद्घोषक का कार्य छात्रा अंशु के ने किया. इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में बिनोद दास आदि उपस्थित रहे.

### सनातन संस्कृति के चिर काल से जुड़ा है सावन का महत्त्व

निशा भारद्वाज ने कहा कि सावन समृद्धि का प्रतीक है. इस माह का महत्त्व सनातन संस्कृति के चिर काल से जुड़ा है . बच्चे अपनी संस्कृति से आबद्ध रहें, त्यौहार की महत्ता को समझें, चैती कजरी, बचरा गीतों की परंपरा और संगीत की मधुरता को जिंदा रखना भी भावी पीढ़ी की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है. आगे कहा कि सबसे अहम तथ्य है कि इस तरह के आयोजन से लोगों में उल्लास और उमंग भर जाता है. विद्यालय ऐसे अनेक अवसरों को जश्न के साथ मनाता रहेगा. आगे कहा कि यह विद्यालय शहर वासियों के दिलों में अपनी जगह बना रहा है.

# सड़क के बीचों-बीच पड़ा है मलबा बड़ी दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** किसी भी शहर में जाम की समस्या आम है. लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घर से तो पहले निकलते हैं, लेकिन जाम और सड़क की व्यवस्था से वो लेट हो जाते हैं. या कई बार तो हादसे के शिकार भी हो जाते हैं. कोडरमा के झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष चौक के आगे फोर लेन सड़क पर मलबा खुलेआम हादसे को न्यौता दे रहा है. नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ये मलबा बीच सड़क पर छोड़ दिया गया है. जिससे वहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है. सड़क पर यब मलबा लगभग 20 दिनों से पड़ा हुआ है. लेकिन इस ओर प्रशासन की ध्यान नहीं है. यहां बता दें कि मुख्य सड़क होने की वजह से दिनभर इस रोड पर आवाजाही लगी रहती है. इतना ही नहीं कई बार अधिकारियों का भी इस सड़क से गुजरना होता है. फिर भी इसपर किसी का ध्यान नहीं जाता है.हालांकि दो दिनों पहले ही एसडीएम संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में झुमरी तिलैया थाना के समीप वाहन जांच अभियान भी चलाया गया था.जिसमें जिले के कई पदाधिकारी के साथ पुलिस के जवान भी दलबल के साथ मौजूद थे.

# माताओं की संरक्षिका है संत मोनिका, प्रेरणा लें: विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड़।** सोगड़ा पल्ली में रविवार को संत मोनिका का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश केरकेट्टा की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। सहयोग सहायक पल्ली पुरोहित फा अब्राहम मिंज ने किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा एवं बीरू भिखारिएट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। उनका जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने ख्रीस्तीय जीवन को अपनाया। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने पुत्र अगुस्टीन के मन फिराव में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, पूनम लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### सलगापोश चर्च में आयोजित संत मोनिका पर्व में शामिल हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत सलगापोश परिश में संत मोनिका पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित रहे जहां पर मिस्सा पूजा अनुष्ठान फादर जेम्स लकड़ा के द्वारा किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि संत मोनिका का जीवन बहुत संघर्षमय था उनका परिवार टूट चूका था। लेकिन अपने जीवन में प्रभू पर अटल विश्वास था। उन्होंने हमेशा प्रभू से प्रार्थना की जिसके फलस्वरूप उनके परिवार का स्वरूप बदल गया। हमे भी अपने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों के लिये ईश्वर पर भरोसा करना चाहिए ।मिस्सा पूजा के उपरांत माता एवं बहनों को सम्मान व बधाई देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्वागत गीतों के साथ साथ आदिवासी पारंपरिक नृत्य तथा संत मोनिका के जीवन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई।

### बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**कोडरमा।** कोडरमा में नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव पत्र लिखा है. सईद नसीम ने पत्र लिखकर जिले में चरमरायी बिजली व्यवस्था पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है. उन्होंने पत्र में लिखा कि झारखंड बिजली उत?पादक राज?य है. यहां की बिजली कई राज?यों और कंपनियों को बेची जाती है. वहीं उत्पादक राज्य के कई जिलों के लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं. आगे लिखा कि विभाग की लचर व्यवस्था, मनमानी व तानाशाही रवैये के कारण बिजली की कटौती हो रही है. इससे उपभोक्ता त्राहिमाम है. ऐसे में एक लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि आमजनों को नियमिल बिजली आपूर्ति मिले. सईद नसीम ने कहा कि यह जनहित की समस्या है. वर्तमान सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि अपनी जरूरत पूरी करने के बाद ही अन्य राज्यों को बिजली सप्लाई करे. आगे लिखा रि सरकार घर-घर बिजली पहुंचाने की बात कर रही है. लेकिन निरंतर बिजली मिले इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है.

# बिजली समस्या को लेकर पूर्व मंत्री के साथ ग्रामीणों की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को उम्मीद और विश्वास के साथ चुनकर सदन भेजा जाता है ताकि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए लेकिन जब जनप्रतिनिधि सत्ता के नशे में चूर होकर सुख भोगने में लीन हो तब जाकर क्षेत्र की जनता के बीच समस्याएं बढ़ती है उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा बड़ाबरपानी पंचायत में बिजली की समस्या को लेकर आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कहा, उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में बिजली की जटिल समस्या है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हो या फिर प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह है जिसके कारण आज बिजली की दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा लेकिन झारखंड पार्टी बिजली की समस्या को लेकर अनदेखा नहीं करेगी और ना ही लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करेगी सड़क से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन करने के लिए झारखंड पार्टी तैयार है और झारखंड पार्टी कमरकस ली है कि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता होगी समय रहते अगर बिजली विभाग इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर नहीं किया आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की जाएगी। मौके पर पंचायत के मुखिया निराली रेखा बरवा ने भी अपने पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्या को लेकर प्राथमिकता के साथ पूर्व मंत्री के समक्ष अपनी बातें कहीं जिस पर उन्होंने जल्द ही समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर रेणु डुंगडुंग, रंजीता कीड़ो,ऊषा कुमारी, चन्द्रीका बड़ाईक,चन्द्र लोहरा,अंर्जुन दास, शंकर साहु, अनुज केरकेट्टा, अनुज बाघवार,धर्मजीत केरकेट्टा, रमेश मांझी, जोसेफ बरवा,हेमंत दास, सन्नी बड़ाईक,दीपक सिंह, धनकुंवर डुंगडुंग, अजय केरकेट्टा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

### सड़क हादसे में व्यक्ति घायल, झापा युवा जिला अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र स्थित बोलबा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल। दुर्घटना के समय ही वहां से गुजर रहे झापा नेता संदेश एक्का ने घायल युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि घायल कुसुमबेड़ा निवासी अजीत केरकेट्टा स्कूटी से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी क्रम में अज्ञात ट्रक ने उसे धक्का मार दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। इधर घायल की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया जहां से राजधानी रांची रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों को संदेश एक्का ने कहा की राजधानी रांची में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर याद करें। आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वही झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने स्वास्थ्य विभाग के में लचर व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इतने बड़े ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल में एक मात्र चिकित्सक के भरोसे उसमें भी चिकित्सक उपस्थित नहीं रहे थे। जिसके कारण इलाज करने में काफी परेशानी हो गई। उन्होंने कहा कि सिमडेगा आदिवासी मूलवासी सुदूरवर्ती क्षेत्र होने का बावजूद यहां पर अभी तक चिकित्सा सुविधा को सुदृढ़ नहीं किया जा सका है जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली बिल भुगतान के लिए विशेष शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार बिजली बिल एक मुश्त ब्याज माफी योजना की अवधि को 30 सितम्बर 23 तक कर दी गई है इसी के तहत 29 अगस्त 23 को कुरडेग पावर हाउस में बिजली बिल भुगतान हेतू विशेष शिविर का आयोजन किया गया है बकाये बिजली उपभोक्ता शिविर में एक मुश्त ब्याज माफी योजना का लाभ ले सकते हैं यह जानकारी देते हुए कनिय बिधुत अभियंता रामनन्दन राम ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली मीटर खराब या जल गया है वैसे उपभोक्ता कार्यालय से सम्पर्क कर बिजली मीटर लगा लें , जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाये जा रहे 100 युनिट माफी योजना का लाभ मिल सके साथ ही उन्होने बताया कि जिनका बिजली बिल 2000 रुपए से अधिक हो गया है वे जल्द से जल्द बिल का भुगतान कर दें अन्यथा विद्युत संवंध काट दिया जाएगा ।गौरतलब हो झारखण्ड के लोगों का डी पी एस समय से जमा नही होने की बजह से उपभोक्ताओं पर डी पी एस का भार बढ़ता जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की बकाया राशि होने की बजह से भार और अधिक बढ़ता जा रहा है इन सभी को देखते हुए झारखण्ड सरकार के द्वारा ₹एक मुश्त ब्याज माफी योजना₹ को शुरू किया गया है ।

# 4 अगस्त से लापता किशोरी की सुराग नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पिछले चार अगस्त को शाम टोली के पास से लापता हुए किशोरी की अब तक सुराग नहीं मिलने मामले में रविवार को रेखा कुमारी गुमशुदगी मामले को लेकर समाज व गांव के द्वारा एक बैठक रखी गई बैठक की अध्यक्षता नायक समाज के अध्यक्ष रितु नायक ने की सभी ग्राम वासियों के द्वारा यह निर्णय लिया गया की रेखा कुमारी जो गांव की बेटी है उसके लापता हुए 22 दिनों से अधिक का समय हो गया है इतने दिनों पश्चात प्रशासन के द्वारा भी रेखा कुमारी का कुछ पता नहीं लगाया जा सका इसलिए गांव के सभी ग्रामवासियों ने 28 व 29 अगस्त को रेखा कुमारी का पता लगाने के लिए खुद ढूंढने का प्रयास करने का समाज व सभी ग्राम वासियों की सहमति से यह फैसला लिया है साथ ही इस मामले को लेकर के सभी ग्राम वासियों ने उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है।इस बैठक में आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने प्रशासन के कार्यवाही पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की, छात्र संघ के उपाध्यक्ष अमन नियेल सोरेंग ने सिमडेगा में हो रहे इस तरह के अपराधिक घटनाओं और महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे शोषण की निंदा की और प्रशासन के कार्यवाही पर असंतुष्टि जताई।वार्ड न10 के पूर्व वार्ड पार्षद सहरू नायक ने 22 दिनों से लापता बेटी रेखा कुमारी का अबतक पता नही चल पाया इसको लेकर के दुखित मन से चिंता जाहिर की और इस तरह की घटना की निंदा की। रेखा कुमारी के माता पिता ने प्रशासन से दुखित मन से न्याय की गुहार लगाई है। उपरोक्त बैठक के दौरान नायक समाज के उपाद्यक्ष अजय नायक,कोषाध्यक्ष महावीर नायक, राजू नायक, विमल नायक, गीता देवी, विमला देवी, विक्रम दास, जीतू दास आदि उपस्थित रहे।

### कुंदुरमुण्डा सलसोगा गांव पहुंचे विधायक, हाथियों के आतंक से पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**बोलवा।** प्रखण्ड अन्तर्गत कुंदुरमुण्डा सलसोगा में हाथियों ने घरों को ध्वस्त कर दिया जिसमें एक विधवा महिला का भी घर ध्वस्त कर दिया मामले की जानकारी प्राप्त होने पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी हाथी द्वारा ध्वस्त किए गए परिवार वालों से मिलने उस गांव में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए हाथियों को भगाने के लिए सामग्री हेतु राशि उपलब्ध कराई ।विधायक ने कहा कि अब हाथी इस क्षेत्र को अपना रहने का आशियाना और ठीकाना बना चुका है। क्यों कि इनका जो रहने का स्थान था वो अब कमोवेश समाप्त हो गया है ।और जंगल था सारंडा जंगल जहां अब बड़ा बड़ा उद्योग भाजपा सरकार के समय लगवा दिया गया, जिससे इनका आशियाना उजड़ गया है। नतीजा हाथी अपने आश्रयणी को तलाश रहा है ।हाथी से हुए नुकसान का जल्द ही विभाग की ओर से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा,अमृत मिंज, प्रखण्ड कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, उक्त गांव के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### भाजपा नेता के प्रयास पर सलडेगा डिपाटोली में उपलब्ध कराया गया 100 केवी नया ट्रांसफार्मर

**सिमडेगा।** भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग श्रद्धानंद बेसरा के प्रयास से सलडेगा डीपा टोली में 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई। लाइन अप कराने में सोनी वर्मा भाजपा एसटी मोर्चा नगर अध्यक्ष उत्तम केरकेट्टा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सलडेगा डीपा टोली से ट्रांसफार्मर लेने के लिए आए कालू विकास साहू उत्तम केरकेट्टा पंकज साहू सोनी वर्मा जी कुलदीप ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो ने से बहुत खुश हुए, एवं बेसरा जी को उनके प्रयास के लिए आभार व्यक्त किए। श्री बेसरा जी के द्वारा बताया गया कि डीपा टोली के लोगों को विगत महीने से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई थी, परन्तु ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने से हो काफी परेशान थे। विद्युत विभाग वर्कशॉप में सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग श्रद्धानंद बेसरा और मण्डल सांसद प्रतिनिधि दीपनारायण दास की उपस्थिति में सलडेगा डीपा टोली वासियों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध किया गया।

### रात्रि भ्रमण के दौरान ठेठईटांगर पहुंच ग्रामीणों के साथ बैठक किया विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी

**कोलेबिरा।** विधायक बिक्सल कोंगाड़ी अपने कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को रात्रि भ्रमण के दौरान ठेठईटांगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्य चौक के समीप मध्य विद्यालय रोड में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीणों के बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के भारत जोड़ो अभियान, आम जन के साथ पर जानकारी देते हुए इसे सफल बनाने हेतु कार्य करने की बात कही। साथ ही संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में लोगों के पहचान पत्र की जांच करने, गलती में सुधार कराने, नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने आदि की बात कही। वही मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मध्य विद्यालय की ओर जाने वाले कच्ची मार्ग को पीसीसी कराने की मांग रखी। जिस पर माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि इस पी सी सी सड़क को जल्द ही बनाया जाएगा। साथ ही साथ गांव के ग्रामीणों की हर सुख दुख को जाना और ठेठईटांगर में टूर्नामेंट चल रहा है उसका भी जानकारी लिया और कहा इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच में कांग्रेस पार्टी का चार और विधायक आयेंगे फाइनल मैच का समापन भव्य तरह से किया जाएगा।

## आस्था

### श्रावण एकादशी के मौके पर तामड़ा में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू

# हरि कीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा देवी मंदिर में रविवार को श्रवण एकादशी के मौके पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ अखंड हरी कीर्तन से पूर्व विधिवत रूप से कलश स्थापना करते हुए अधिवास पूजन का आयोजन किया। अधिवास पूजन पंडित मुकेश मिश्रा के द्वारा संपन्न कराई जबकि यजमान के रूप में सुंदर साव एवं रघुवंश केसरी सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया। इधर अधिवास पूजन के पश्चात 24 घंटे का अखंड हरी नाम हरि कीर्तन प्रारंभ हुई जहां पर आसपास के दर्जनों गांव के कीर्तन मंडलियों को बुलाया गया है जिसमें सिकरियाटांड,बीरु, भेलवाडीह, भेलवाडीह पूरब टोली, भगत टोली, ढावठाडामर, सहित आसपास के कई गांव के कीर्तन मंडली शामिल होकर हरे राम हरे कृष्णा की जय घोष के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति में घोल दिया। समिति के अध्यक्ष अशोक केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन समापन के पश्चात हवन पूजन नगर भ्रमण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है जहां पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से गणेश साव, सुंदर साव, अशोक गुप्ता, विजय केशरी, कृष्णा केशरी, दिलीप केशरी, पुनीत साव, सुभाष साव, प्रकाश केशरी, राहुल मिश्रा, सतीश केशरी, मनोज केशरी विकास साहू, रविन्द्र सिंह बनवारी साव, दीपक, राजेश, मोहन सहित गांव के सभी लोगों की भूमिका है ।

### डीएसई ने कहा, सभी निजी विद्यालयों की मान्यता कर दी गई है रद्द

# अहर्ता विहीन निजी विद्यालय मान्यता लेकर उड़ा रहे हैं आरटीई की धज्जियां

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** प्रखंड क्षेत्रों में बेरोकटेक के विभागीय अधिकारियों के द्वारा शिक्षा अधिकार कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अहर्ता विहीन प्रखंड क्षेत्र के दो निजी विद्यालय होली फेथ पब्लिक स्कूल और सृजन पब्लिक स्कूल को सरकारी मान्यता देकर यह कार्य किया जा रहा है। उक्त दोनों विद्यालय में मानक के अनुसार न तो एक भी वर्ग कक्ष है, और न ही बच्चों को खेलकूद करने के लिए किसी भी तरह का खेल मैदान और प्रार्थना करने के लिए जगह ही ही है।




इतना ही नहीं, संचालित विद्यालयों में उदाहरण के लिए छोड़ पर्याप्त मात्रा में प्रशिक्षित शिक्षक भी नही हैं। गांव घर में काम चलाऊ पढ़े-लिखे युवक युवतियों को रख विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कराने का काम किया जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य पूरी तरह अंधकार में बना रहता है। बावजूद इन दोनों विद्यालयों को सरकारी मान्यता कैसे दे दी गयी? सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष विद्यालय में अध्यनरत बीपीएल धारी बच्चों के लिए दी जा रही राशि को आपस में बंदरबांट करने के लिए तो कहीं उक्त विद्यालयों को सरकारी मान्यता नहीं दे दी गयी है? क्योंकि जब विद्यालय अहर्ता पूर्ण ही नहीं कर रहे थे तो उन्हें सरकारी मान्यता कैसे मिल गई। यह एक बड़ा सवाल बन गया है। वित्तीय वर्ष 2023/24 में सरकार की ओर से दोनों विद्यालयों में भेजी गई बीपीएल धारी बच्चों की राशि की जांच हो जाय तो जरूर सच्चाई से पर्दा उठ सकता है। वहीं दोनों विद्यालयों की दीवारों पर लगे फ्लेक्स बोर्डों में 9वीं और 10वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय में पढ़ाने की बातें लिखी गई हैं, जबकि उन्हें वर्ग 1 से 8वीं तक के ही छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए सरकार की ओर से मान्यता दी गई है। उक्त विद्यालय को किराए पर लेकर दुकान आधारित बने कमरों में संचालित किया जाता है। विद्यालय का स्वयं का अपना भवन भी नहीं है। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की परेशानी तब और बढ़ जाती है जब बारिश के दौरान उन्हें बीच सड़कों पर ही प्रार्थना करना पड़ जाता है।

#### कोई नहीं करता है अहर्ता पूर्ण, की जायेगी कार्रवाई

मामले में डीएसई आकाश कुमार ने बताया कि चाहे होली फेथ पब्लिक स्कूल हो या सृजन पब्लिक स्कूल किसी भी निजी विद्यालय को सरकारी मान्यता नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कुछ निजी विद्यालयों के द्वारा अवैध तरीके से सरकारी मान्यता ले ली गयी थी। बीच में मान्यता के लिए उन्हें पुनः आवेदन करने को लेकर निर्देशित किया गया, लेकिन अभी तक उनके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है। परिस्थिति बस उक्त सभी निजी विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी गयी है। डीएसई ने कहा कि विद्यालय के संचालकों के द्वारा अपने विद्यालय को अगर सरकारी मान्यता का कहीं पत्राचार या बोर्ड लेखन का कार्य किया जा रहा होगा तो उनके खिलाफ जांचोपरांत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय को सरकारी राशि मिलने पर उन्होंने कहा कि अभी तक इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है। अगर उन्हें सरकार की ओर से राशि दी जा रही होगी तो मामले की जांच करा कर अविलंब इस पर रोक लगा दी जायेगी।

# 'प्रत्येक मनुष्य को नारी के विभिन्न रूपों का सम्मान करना चाहिये'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुंदर लाल, गीता देवी, माला देवी व अखिलेश प्रसाद ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया।

इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्येक दिन सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम माह में सत्संग किया जाना चाहिये। उन्होंने ठाकुर जी के विभिन्न कथाओं का वर्णन कर विश्वास दिलाया कि वर्तमान पुरुषोत्तम ठाकुर जी हैं। इनके द्वारा दिये गये नियमो का पालन करने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जायेगा। उन्होंने ठाकुर जी के उत्सव पर चर्चा की। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि भक्त के वश में भगवान होते है। भक्त की रक्षा हेतु भगवान विभिन्न रूपों में आकर भक्त की रक्षा करते हैं। उन्होंने भगवान विष्णु व नारद मुनि की कथा का वर्णन करते हुये कहा कि नारद जी हमेशा भगवान विष्णु का नाम जपा करते हैं इसलिये वे भगवान के प्रिय थे। इसलिये कलयुग में भी नाम के प्रभाव से मानव अपना जीवन धन्य कर सकता है। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि निरंतर सत्संग करने से मानव मन स्वतः ईश्वरमुखी हो जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से प्राप्त ज्ञान सर्वोपरि है प्रत्येक मनुष्य को नारी के विभिन्न रूपों का सम्मान करना चाहिये। प्रत्येक नारी ही देवी का रूप होती है। इसलिये सभी नारियों को देवी का स्वरूप समझना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर नारियों की पूजा होती है,वहां देवता वास करते हैं। सत्संग में संजय कुमार, अजय दा, राहुल कुमार, आयुष कुमार, पीयूष कुमार, धृतिदीप्त, शिवम, श्रीकांत, राजकुमार, रीना जायसवाल, निर्मला जायसवाल, वृंदा देवी, सरस्वती देवी, लालती देवी, सुशीला देवी, दीपमाला, मधु सहित अन्य सत्संगी वृंद उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### बिजली के खंभे से गिरकर युवक हुआ घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव निवासी राजेंद्र प्रजापति के पुत्र प्रकाश प्रजापति ने बिजली के खंभे से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि प्रकाश प्रजापति के घर का विद्युत कनेक्शन में खराबी आ गई थी। उसे दुरुस्त करने के लिए वह रविवार को बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था। इस दौरान खंभे से फिसल कर नीचे गिर गया। घटना में उसके सिर, कमर व बायें हाथ में गंभीर चोट लगी है।

### युवती ने की जहर खाकर आत्महत्या की चेष्टा

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के महदेइया गांव निवासी राम प्यारी राम की पुत्री प्रमीला कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि प्रमीला कुमारी के पिता उसे हमेशा गाली गलौज करता है। रविवार को भी पिता ने प्रमीला को गाली दिया था। इससे गुस्से में आकर प्रमीला कुमारी ने चूहा मारने वाले कीटनाशक खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसकी बहन एवं चाची ने अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत प्रमीला की हालत स्थिर बनी हुई है।

### आईवीएफ कैंप 29 अगस्त को गढ़वा में होगा

**गढ़वा।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में 29 अगस्त को निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर (आईवीएफ कैम्प) का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के



डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम एवं उनके मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क जांच किया जाएगा। वैसे दंपति जो विवाह के साल भर बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे हों। अगर पुरुष में शुक्राणु की कमी हो। नसबंदी के बाद भी अगर मां बनना हो या महिलाओं में अंडाणु की कमी हो, इस स्थिति में निःसन्तान दम्पति परामर्श ले सकते हैं। हॉस्पिटल निदेशक डॉ जुली कुमारी ने कहा कि यह शिविर प्रत्येक 29 तारीख को लगता है। इस सेंटर के माध्यम से कई लोगों को लाभ मिल चुका है। निःसंतान दंपती पूर्व की समस्त परीक्षण रिपोर्ट साथ लेकर आएं। शिविर में परामर्श लेने के लिए 9955441987, 9262970560 पर संपर्क कर अग्रिम रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### जिप सदस्य के विरोध में थाने में दिया आवेदन

**भंडारिया।** थाना क्षेत्र के मदगरी क गांव निवासी सुदामा कुमार महतो के द्वारा भंडरिया थाना में लिखित आवेदन देकर रामकंडा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण यादव के विरोध में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाते हुए कहा गया है कि मैं पारा शिक्षक हूं। मेरी पत्नी कांति देवी रामकंडा में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन थी, जिससे सत्यनारायण यादव के द्वारा 30000 रुपये नकद की मांग की गयी थी। इसके लिए मेरे द्वारा उनसे दूरभाष पर बात हुई थी। सतनारायण यादव के द्वारा समाचार पत्र में उग्रवादी की धमकी समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए गढ़वा थाने में आवेदन दिया गया है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### महिला को सांप ने डसा, चल रहा है उपचार

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी फकरूद्दीन अंसारी की पत्नी गुलशन खातून को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि रविवार की दोपहर में गुलशन खातून धान रोपनी कर रही थी। इस दौरान उसके दायां पैर में सांप ने डस लिया। इसके पश्चात उसके स्वजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत गुलशन खामून की हालत स्थिर बनी हुई है।

# मेराल में पहली बार हुयी पांच किमी दौड़ प्रतियोगिता

### फिजिकल ग्रुप के आयोजन में गढ़वा जिले के 140 प्रतिभागी हुये शामिल, आमर गांव के गोपाल ने पाया पहला स्थान





**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** फिजिकल ग्रुप द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय में पहली बार 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से 140 प्रतिभागी शामिल हुए। दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी नीतीश कुमार, विशिष्ट अतिथि डंडा के एएसआई शैलेंद्र कुमार सिंह, मेराल पूर्वी मुखिया रामसागर महतो, उप मुखिया अलीशेर अंसारी, मिरल पश्चिमी मुखिया पति मुन्नाराम फिजिकल ग्रुप के संरक्षक अतहर अली, अध्यक्ष शहबान माही, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, अशोक राम, रजनीगंधा देवी आदि ने संयुक्त रूप से गुब्बारा को आसमान में उड़ाकर किया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों से थाना प्रभारी तथा प्रतिनिधियों ने परिचय प्राप्त किया। इसके बाद न्यू बादल लाइन होटल स्थित बंका रोड में सभी धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दौड़ में शामिल सभी धावकों ने 5 किलोमीटर दौड़ के लिए रेलवे लाइन से होकर पुनः न्यू बदल लाइन होटल स्थित बांका रोड में 5 किलोमीटर दौड़ पूरी की।

इस मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए फिजिकल ग्रुप के सभी पदाधिकारीयों तथा युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए पहुंचे सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी अनुशासन में दौड़ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास और अध्ययन ही सफलता की कुंजी होती है। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले आमर गांव के गोपाल कुमार को शूज, लैपटॉप बैग तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पाने वाले नगर ऊंटरी के निरंजन कुमार को टी-शर्ट, लैपटॉप बैग तथा मेडल तथा तृतीय स्थान पाने वाले चिनिया के सोनू कुमार को लैपटॉप बैग एवं मेडल तथा टॉप 10 में स्थान पाने वाले धावकों में चामा के सुहैल अंसारी, मोहम्मदगंज के मनीष कुमार, आमर के मनमीत कुमार, कटहर कला के रौनक कुमार, मेराल के अश्वनी कुमार, पुतुर के संतोष कुमार गुप्ता तथा नावा चंपा के नागेंद्र चौधरी को फिजिकल ग्रुप के पदाधिकारी द्वारा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतहर अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिकल ग्रुप के अध्यक्ष शहबान माही, सचिव अली शेर अंसारी, कोषाध्यक्ष सोनू जाटव, उपाध्यक्ष जितेंद्र पटवा, शहादत अंसारी, बबलू आरो, राजेंद्र राम, अम्बार अंसारी, फिरोज अंसारी, सलीम अंसारी, भोला राम, विनोद चौधरी, बिंदू कुमार राम, समीर अंसारी, नीतीश कुमार गुप्ता, मुंद्रिका ठाकुर, उपेंद्र कुमार, रहमान अंसारी, शमशेर अंसारी, धर्मेंद्र कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर रेयाज अंसारी, मदन यादव, जफीर अंसारी, संतु राम, रहमुद्दीन अंसारी, डॉ लालमोहन, डॉ दीपक कुमार यादव, संजय यादव, साबिर अंसारी, मोहम्मद अली उर्फ लाला, रामाशीष आस्था, शिक्षक आरिफ अंसारी, फारूक अली, हाजी गुलाम मौलाना यासीन सहित सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी युवा शामिल थे।

# मनिका में निजी सेवा सदन हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड में प्राइवेट सेवा सदन हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने किया। मौके पर डॉक्टर सुनील कुमार ने हॉस्पिटल की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर हॉस्पिटल संचालक डॉ. ओम रंजन, हॉस्पिटल प्रबंधक सागर यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ, लातेहार सांसद प्रतिनिधि लव दुबे पासवान, ग्राम प्रधान सिंजो मुनेश्वर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार, भाजपा प्रखंड युवा अध्यक्ष अंकित, सिंजो मुखिया पति सहायक, सिंजो उपमुखिया सकलदीप, वृंदबिहारी, बच्चन यादव, दिनेश प्रसाद, अवधेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने पीसी पथ का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के अमडिहा ग्राम में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने गृह पंचायत के अमडिहा कंचनपुर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। सिंह ने रविवार को मंगरा पंचायत के अमडिहा रेलवे धरधरी पुल के समीप रेलवे धरधारी पुल से लेकर अमडिहा देवी मंडप भाया कल्याणपुर मेलाटांड़ होते हुए कंचनपुर तक लगभग दो किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण की आधारशिला रखी।

मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी सड़कों को पक्कीकरण करते हुए मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा, जिसमें कई सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अमडिहा पीएससी पथ निर्माण कार्य पूरा होने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबित मांगे पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के बरवाडीह मंडल, बरवाडीह छिपादोहर, लंका रोड समेत अन्य सड़क निर्माण में सारी अड़चने दूर कर लिया गया और जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर लिया जाएगा। मौके पर 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सुरेश मिश्रा, अजय चंद्रवंशी, शिवानंद तिवारी, अनिल कुमार सिंह, मनान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, कुलेश्वर सिंह, अजीत गुप्ता, ओमप्रकाश, अनवर अंसारी, रविंद्र राम, कमलेश प्रजापति, आलोक कुमार सिंह, जिबोध सिंह समेत काफी संख्या में विधायक समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

## धर्म-कर्म

### समाज हित के लिये किये गए कार्य से जीवन धन्य हो जाता है : जीयर स्वामी

# मंदिर में मूर्ति-संत का दर्शन आंखें बंद कर नहीं करना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

समाज हित के लिए किए गए कार्य से जीवन धन्य हो जाता है। अच्छे लोगों के इतिहास एवं दर्शन से समाज व राष्ट्र गौरवान्वित होता है। आनेवाली पीढ़ियां भी उनके कृत्य को धरोहर के बतौर संजोकर सदैव सीख लेती रहती हैं। व्यक्ति को गृहस्थ आश्रम के दायित्व निर्वह्न के साथ ही समाज एवं राष्ट्र के प्रति भी अपनी जवाबदेही स्वयं तय करनी चाहिए। मानव को केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति तथा परिवार-कुटुम्ब के लिए कार्य नहीं करना चाहिए। व्यापक हित के लिए संकीर्ण स्वार्थ का त्याग मानव धर्म है।



जीयर स्वामी ने प्रवचन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति स्वयं अथवा अपने परिजनों के हितार्थ साधन-संसाधन संग्रह करने में जीवन व्यतीत कर देता है, उसकी याद और कार्य प्रणाली परिजनों तक ही सिमट कर रह जाती हैं, लेकिन परिवार के साथ समाज हित में कार्य करने वाले व्यक्ति का स्मरण कर परिवार द्वारा गौरवान्वित महसूस किये जाने के साथ ही समाज उन्हें नमन करता है। स्वामी ने कहा कि राजा परीक्षित द्वारा शुकदेव जी से मृत्यु को मंगलकारी बनाने हेतु किए गये प्रश्न लोकहित में बताया गया है। शुकदेव जी भी इन प्रश्नों से अह्लादित होकर गंगा तट पर मृत्यु को स्वीकार करने हेतु अनशन पर बैठे राजा परीक्षित के पास उन्हें उपदेश देने और समाज के प्रति संदेश देने के लिए रूक गए। अन्यथा विरक्त सन्यासी होने के कारण शुकदेव जी कहीं रूकते नहीं थे। स्वामी ने कहा कि किसी व्यक्ति को तब तक चिंता एवं चिंतन करनी चाहिए जब तक समाज और परिवार पर उनका प्रभाव हो।

जीयर स्वामी ने कहा कि मूर्ति की पूजा करनी चाहिए। मूर्ति में नारायण वास करते हैं। मूर्ति भगवान का अर्चावतार हैं। मंदिर में मूर्ति और संत का दर्शन ऑखें बंद करके नहीं करना चाहिए। मूर्ति से प्रत्यक्ष रूप में भले कुछ न मिले लेकिन मूर्ति-दर्शन में कल्याण निहित है। एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मूर्ति से ज्ञान और विज्ञान को प्राप्त किया। श्रद्धा और विश्वास के साथ मूर्ति का दर्शन करना चाहिए। स्वामी ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद्य एवं मत्सर से बचना चाहिए। ये आध्यात्मिक जीवन के रिपु हैं। मत्सर का अर्थ करते हुए स्वामी जी ने बताया कि उसका शाब्दिक अर्थ द्वेष - विद्वेष एवं ईर्ष्या भाव है। दूसरे के हर कार्य में दोष निकालना और दूसरे के विकास से नाखुश होना मत्सर है। मानव को मत्सरी नहीं होना चाहिए। अगर किसी में कोई छोटा दोष हो तो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए। जो लोग सकारात्मक स्वाभाव के होते हैं, वे स्वयं सदा प्रसन्नचित्त रहते हैं। इसके विपरीत नकारात्मक प्रवृति के लोगों का अधिकांश समय दूसरे में दोष निकालने और उनकी प्रगति से ईर्ष्या करने में ही व्यतीत होता है।

# साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 11095

**पीड़ित आदित्य की ओर से विभिन्न जगहों पर शिकायत कर राशि वापस करवाने का आग्रह किया गया है।**

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** केतार गांव निवासी आदित्य राम को शनिवार को साइबर अपराधियों ने फोन पे के माध्यम से 11095 रुपये की ठगी कर ली। रविवार को आदित्य राम ने केतार थाना में आवेदन देकर, साइबर अपराध नियंत्रण में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी है।

जानकारी के अनुसार आदित्य राम ने उत्तर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के महुली गांव के एक युवक द्वारा फोन पे का बार कोड अपनी फार्च्यून दुकान में लगवाया था। दूसरे दिन शनिवार को आदित्य राम के फोन पे साइबर अपराधियों ने लिंक भेजा और व्हाट्सएप पर उनके दुकान का फोटो भेजकर कन्फर्म कराया। इसके पश्चात आदित्य से भेजे हुए लिंक पर पासवर्ड कोड डालकर भेजी हुई राशि चेक करने की बात कही। आदित्य ने बिना सोचे समझे साइबर की बात मान ली और फोन पे का पासवर्ड डालते ही उनके खाते से 11095 रुपये खाते से काट गया। पीड़ित आदित्य ने अब अपनी राशि को लेकर शिकायत कर राशि वापस करवाने का आग्रह किया है।

# क्राइम व सरकार

*झारखंड* अपराध बेकाबू है। लेकिन देखा जाये तो जिस तरीके से राज्य में क्राइम का ग्राफ बढ़ा है उसमें साफ तौर पर राज्य के आईपीएस अधिकारियों को सभी जिम्मेवार मान रहे है। यहां तक कि हाईकोर्ट भी ऐसा ही मान रहा है। इसके पलटवार सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पूरी कोर टीम इस जुगत में लगी है कि कैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों से बचा जाये। फिलहाल झारखंड की सच्चाई यही है। हर सूबे में मुख्यमंत्री की एक कोर टीम होती है, जिसमें तमाम तरह के ब्यूरोक्रेट्स और जनप्रतिनिधि होते हैं। इस कोर टीम का जिम्मा राज्य के विकास की होती है। लेकिन अफसोस है कि झारखंड में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। यह सच्चाई है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी के टारगेट पर झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन हैं। झारखंड में ईडी तीन मामलों की सघन जांच कर रहा है। 1000 करोड़ का अवैध खनन घोटाला, करोड़ों का रांची जमीन घोटाला और मनरेगा घोटाला। इन तीन मामलों में से एक अवैध खनन मामले में सीएम हेमंत सोरेन ईडी के सामने पिछले साल नवंबर में पेश हो चुके हैं। वहीं अब ईडी उनसे रांची में सेना जमीन समेत अन्य जमीन घोटाला मामले में पूछताछ करना चाह रहा है। इस संबंध में बीते 15 दिनों में ईडी ने सीएम को दो बार समन भेज चुका है। लेकिन दोनों ही बार सीएम हेमंत ईडी के सामने पेश होने से इंकार कर चुके हैं। यहां तक कि दूसरी बार हुए समन के बाद सीएम मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण में हैं। रिट के बाद अभी सुनवाई होना शेष है। आगे क्या होता है, सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी है। चर्चा के बाजार में ईडी के रडार पर झारखंड के सीनियर आईएएस और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं। ईडी कागजातों को खंगालने में लगा है। ऐसा नहीं है कि पहली बार केंद्रीय जांच एजेंसियों का यह काम हो रहा है। फिलहाल चर्चा यह भी हो रही है कि जो गृह सचिव जमीन माफिया को जड़ से उखाड़ने के लिए पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक करता है। उसी का नाम अब जमीन से जुड़े मामले में सामने आ रहा है। मौजूदा सरकार के सीएम के सचिव, उत्पाद सचिव, नगर विकास सचिव, जुडको के प्रबंध निदेशक भी काफी चर्चा में हैं। राज्य में पुरानी और नयी शराब नीति दोनों को ईडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले की फेहरिस्त में शामिल कर लिया है। दोनों नीतियों की जांच ईडी कर रहा है। बीते दिनों करीब 35 जगहों पर पुरानी शराब नीति को लेकर ईडी ने छापेमारी की। वहीं नयी शराब नीति को लेकर ईडी उत्पाद सचिव को छत्तीसगढ़ बुलाकर पूछताछ कर चुका है। जानकार बताते हैं कि आने वाले कुछ ही दिनों में ईडी नयी शराब नीति को लेकर शामिल अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ा सकता है। हाईकोर्ट में सूबे के एक पुलिस कप्तान की भी चर्चा है। दूसरी तरफ एक मंत्री का वीडियो वायरल और दूसरे मंत्री के आवास पर ईडी की तैयारी चल रही है। राज्य की सीनियर आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले मामले में पिछले डेढ़ साल जेल में हैं तो वहीं रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन जमीन घोटाला मामले में चार महीने से जेल में बंद हैं। दोनों अधिकारियों की बेल की प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि यहां सब कुछ ठीक नहीं है। ऐसे में राज्य का विकास कैसे होगा?

**राज्य में पुरानी और नयी शराब नीति दोनों को ईडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले की फेहरिस्त में शामिल कर लिया है। दोनों नीतियों की जांच ईडी कर रहा है। बीते दिनों करीब 35 जगहों पर पुरानी शराब नीति को लेकर ईडी ने छापेमारी की। वहीं नयी शराब नीति को लेकर ईडी उत्पाद सचिव को छत्तीसगढ़ बुलाकर पूछताछ कर चुका है।**

# विश्व का प्रथम पर्व श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल की शाश्वत परंपरा





विवेकानंद तिवारी

*उपाकर्म* का अर्थ है प्रारंभ करना। धर्मगंथों में लिखा गया है-जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं, श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। इस अध्ययन सत्र का समापन, उत्सर्जन या उत्सर्ग कहलाता था। यह सत्र माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी उपाकर्म का पवित्र संयोग बनता है। हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं, अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। इस पर्व का नाम श्रावणी होने के कारण यह शब्द, श्रुति व श्रवण शब्दों से जुड़ा हुआ है। श्रुति से श्रवण, श्रवण शब्द श्रावणी बनकर आज का श्रावणी पर्व अस्तित्व में आए हैं। श्रुति वेद को कहते हैं जिसका एक कारण आरम्भ में ब्रह्मचारियों को वेदों का ज्ञान श्रवण से व सुना कर कराया गया और कराया जाता रहा है। इसका सीधा संबंध वेदाध्ययन से है। चंद्र दोष से मुक्ति के लिए श्रावण पूर्णिमा को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। श्रावणी उपकर्म में पाप, उपपताका और महापताका से बचने का व्रत लिया जाता है। इसमें चोरी न करना, दूसरों की निन्दा न करना, खानपान का ध्यान रखना, हिंसा न करना, इन्द्रियों को वश में करना और सदाचारी होने के नियम सम्मिलित हैं। विशेषकर यह पुण्य दिन ब्राह्मण समुदाय के लिए बहुत महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति में द्विजत्व और ब्राह्मणत्व का संबंध किसी जाति या वर्ग विशेष में जन्म लेने से नहीं है, बल्कि वह साधना की उच्च कक्षा से जुड़े सम्बोधन हैं। इसीलिए संस्कारों से द्विजत्व की प्राप्ति की बात कही जाती रही है। श्रावण पूर्णिमा में यदि ग्रहण या संक्रांति हो तो श्रावणी उपाकर्म श्रावण शुक्ल पंचमी को करना चाहिए।

**'भद्रायां ग्रहणं वापि पोर्णिमास्या यदा भवेत। उपाकृतिस्तु पंचम्याम कार्या वाजसेनयिभः'**

संक्रांति व पूर्णिमा युति या ग्रहण पूर्णिमा युति में वाजसेनी आदि सभी शाखा के ब्राह्मणों को उपाकर्म (श्रावणी) पंचमी को कर लेनी चाहिए। शास्त्र सम्मत श्रावण उपाकर्म भद्रा दोष, ग्रहण युक्त पूर्णिमा, संक्राति युक्त पूर्णिमा में नहीं किया जाता तब उससे पूर्व श्रावण शुक्ल पंचमी नागपंचमी में श्रावणी स्नान उपाकर्म करने के शास्त्रोक्त निर्देश हैं। हेमाद्रिकल्प, स्कंद पुराण, स्मृति महार्णव, निर्णय सिंधु, धर्म सिंधु आदि योतिष व धर्म के निर्णय ग्रंथों में इसके प्रमाण हैं। **'श्रावण शुक्लयाः पूर्णिमायां ग्रहणं संक्रांति वा भवेतदा। यजुर्वेदिभिः श्रावण शुक्ल पंचम्यामुपाकर्म कर्तव्यं॥'** अर्थात श्रावण पूर्णिमा में यदि ग्रहण या संक्रांति हो तो श्रावणी उपाकर्म श्रावण शुक्ल पंचमी को करना चाहिए। एक अन्य श्लोक के उल्लेख के अनुसार भद्रा में दो कार्य नहीं करना चाहिए एक श्रावणी अर्थात उपाकर्म, रक्षाबंधन, श्रवण पूजन आदि और दूसरा फाल्गुनि होलिका दहन। भद्रा में श्रावणी करने से क्षतिः भद्रा में श्रावणी करने से राजा की मृत्यु होती है तथा फाल्गुनी करने से नगर ग्राम में आग लगती है तथा उपद्रव होते हैं। श्रावणी अर्थात उपाकर्म रक्षाबंधन, श्रवण पूजन भद्रा के उपरांत ही की जा सकती है। लेकिन ग्रहण युक्त पूर्णिमा भी श्रावणी उपाकर्म में निषिद्ध है। ब्राह्मणों का यह अतिमहत्वपूर्ण कर्म हैं। **विधि** : श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष है - प्रायश्चित्त संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय। सर्वप्रथम होता है - प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित्त कर जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं। यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्म संयम का संस्कार है। आज के दिन जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका होता है, वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नया धारण करते हैं और पुराने यज्ञोपवित का पूजन भी करते हैं। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि जो व्यक्ति आत्म संयमी है, वही संस्कार से दूसरा जन्म पाता है और द्विज कहलाता है। उपाकर्म का तीसरा पक्ष स्वाध्याय का है। इसकी शुरूआत सावित्री, ब्रह्मा, श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, स्मृति, सदसस्पति, अनुमति, छंद और ऋषि को घृत की आहुति से होती है। जौ के आटे में दही मिलाकर ऋग्वेद के मंत्रों से आहुतियां दी जाती हैं। इस यज्ञ के बाद वेद-वेदांग का अध्ययन आरंभ होता है। इस सत्र का अवकाश समापन से होता है। इस प्रकार वैदिक परंपरा में वैदिक शिक्षा साढ़े पांच या साढ़े छह मास तक चलती है। वर्तमान में श्रावणी पूर्णिमा के दिन ही उपाकर्म और उत्सर्ग दोनों विधान कर दिए जाते हैं। इस पर्व पर की जाने वाली सभी क्रियाओं का यह मूल भाव है कि बीते समय में मनुष्य से हुए ज्ञात-अज्ञात बुरे कर्म का प्रायश्चित करना और भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना। वर्षाऋतु के चार मास के अन्तर्गत विशेषरूप से पारायण यज्ञों का आयोजन किया जाता है। श्रावणी पर्व के अवसर पर बड़े-बड़े यज्ञ किये जाते हैं जिससे वायुमण्डल सुगन्धित होकर स्वास्थ्य की दृष्टि से हितकर होता है। निकामेनिकामे नः पर्जन्यों वर्षतु फलवत्यों नः ओषधयः पच्यन्तां योमक्षेमों नः कल्पताम। अर्थात - यजुर्वेद में प्रार्थना है कि यज्ञों का प्रभाव वर्षा पर भी पड़ता है। हम जब-जब चाहें बादल आएं और वर्षा करें। हमारी सारी वनस्पितियां फलों व अमोघ औषधियों से लदी हों। इस प्रकार यह विशेष वेदपाठ प्रारम्भ होकर साढ़े चार मास तक नियमपूर्वक बराबर चला जाता था और पौष मास में उसका 'उत्सर्जन' (त्याग या समापन) होता था। 'श्रावणी धार्मिक स्वाध्याय के प्रचार का पर्व है। सद्ज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के लिए इसे निर्मित किया गया, इसलिए इसे ब्रह्मपर्व भी कहते हैं। श्रावणी पर रक्षाबंधन बड़ा ही हृदयग्राही है। श्रावणी वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे।

**भारतीय संस्कृति में द्विजत्व और ब्राह्मणत्व का संबंध किसी जाति या वर्ग विशेष में जन्म लेने से नहीं है, बल्कि वह साधना की उच्च कक्षा से जुड़े सम्बोधन हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की

*उन्होंने* मीरा को संदेशा भिजवाया कि वह किसी औरत को अपने सामने आने की इजाजत नहीं देंगे। मीराबाई ने इसके जवाब में अपना संदेश भिजवाया कि ह्यवृंदावन में हर कोई औरत है। अगर यहां कोई पुरुष है तो केवल गिरिधर गोपाल। आज मुझे पता चला कि वृंदावन में कृष्ण के अलावा कोई और पुरुष भी है ह्ल इस जबाब से जीव गोसाईं बहुत शर्मिंदा हुए। वह फौरन मीरा से मिलने गए और उन्हें भरपूर सम्मान दिया। मीरा ने गुरु के बारे में कहा है कि बिना गुरु धारण किए भक्ति नहीं होती। भक्तिपूर्ण इंसान ही प्रभु प्राप्ति का भेद बता सकता है। वही सच्चा गुरु है। स्वयं मीरा के पद से पता चलता है कि उनके गुरु रैदास थे।

**नहिं मैं पीहर सासरे, नहिं पियाजी री साथ मीरा ने गोबिन्द मिल्या जी, गुरु मिलिया रैदास**

मीरा ने अनेक पदों व गीतों की रचना की। उनके पदों में उच्च आध्यात्मिक अनुभव हैं। उनमें दिए गए संदेश और अन्य संतों की शिक्षाओं में समानता नजर आती है। उनके पद उनकी आध्यात्मिक उंचाई के अनुभवों का आईना है। मीरा ने अन्य संतों की तरह कई भाषाओं का प्रयोग किया है, जैसे - हिंदी, गुजराती, ब्रज, अवधी, भोजपुरी, अरबी, फारसी, मारवाड़ी, संस्कृत, मैथिली और पंजाबी। मीरा के पदों में भावनाओं की मार्मिक अभिव्यक्ति के साथ-साथ प्रेम की ओजस्वी प्रवाह-धारा और प्रीतम से वियोग की पीड़ा का मर्मभेदी वर्णन मिलता है। प्रेम की साक्षात मूर्ति मीरा के बराबर शायद ही कोई कवि हो। **मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई। छांड़ि दई कुल की कानि कहा करै कोई। संतन ढिग बैठि बैठि लोक लाज खोई। अंसुवन जल सींचि सींचि प्रेम बेलि बोई।**

*(क्रमशः)*

# शारदीय नवरात्र, न्यायालय व हिंसा से मुक्ति की उम्मीद



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

*कलकत्ता* हाई कोर्ट का शारदीय नवरात्र स्थापना स्थान को लेकर जिस प्रकार का निर्णय आया है उसने आज एक नई उम्मीद जगाई है। भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में अनेक घटनाएं अब तक घट चुकी हैं, जब मजहब, पंथ, रिलीजन की आड़ लेकर न जाने कितनी ही हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी जैसी वारदातें और अब तक न जाने कितने बेगुनाहों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। पश्चिम बंगाल जैसी सरकार जोकि कई बार अपने निर्णयों से यह साबित कर चुकी है कि उसका झुकाव एक धर्म विशेष के प्रति है। वह जब चाहती है बहुसंख्यक समाज के धार्मिक आयोजनों को होने से रोक देती है, उनके स्थान बदल देती है। हां ; जिसे छूट देनी होती है उसे छूट जरूर वह दे देती है और जिन्हें नहीं देनी है उसके लिए तमाम नियम आड़े आ जाते हैं। अब तक इन परिस्थितियों में यह कई बार हुआ है कि न्याय पाने के लिए बहुसंख्यक समाज को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी है। इस बार यह अच्छा हुआ है कि कलकत्ता न्यायालय ने शारदीय नवरात्र आरंभ होने से पूर्व ही अपने निर्णय में यह स्पष्ट कर दिया कि दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। ऐसे में उम्मीद करें, शारदीय नवरात्र के सभी दिनों में पश्चिम बंगाल में न कहीं आगजनी होगी और न कहीं पत्थर फेंके जायेंगे। वस्तुतः कलकत्ता उच्च न्यायालय में उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने एक सामुदायिक दुर्गा पूजा आयोजक की याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। इसमें राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर पूजा आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी। क्योंकि राज्य-नियंत्रित न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के नियंत्रण वाली संपत्ति, न्यू टाउन फेयर ग्राउंड में नवरात्र पूजा आयोजित करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। अथॉरिटी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत कानून का संदर्भ देकर मना किया था, जोकि सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक आयोजनों की अनुमति नहीं देता है। स्वभाविक है कि जब कोई रास्ता नहीं बचा तो जिन्हें मां दुर्गा की पूजा करनी है, उन्हें उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। वस्तुतः यहां न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के इस तर्क को पूरी तरह से नकारा जोकि इस प्रकरण में संविधानिक अनुच्छेद 25 की आड़ में स्थान नहीं देना चाहता था। वास्तव में यदि यह लागू होता तो फिर हर पार्क, सड़क, यहां तक कि अन्य खुले स्थान, मेला मैदान सभी ज्यादातर शासकीय अथवा अर्धशासकीय ही होते हैं, ऐसे तो धर्म एवं सामाजिक सद्भाव संबंधी आयोजन ही देश में बंद हो जाएंगे? बड़ा प्रश्न है, क्या भारतीय संविधान यह सभी सामाजिक गतिविधियां सार्वजनिक स्थान के नाम पर बंद कर देने की अनुमति देता है? इसलिए इस मामले में न्यायमूर्ति भट्टाचार्य द्वारा दिया गया यह निर्णय बहुत मायने रखता है। उन्होंने सीधे तौर पर कह दिया है कि दुर्गा पूजा को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन के रूप में पहचानना अनुचित होगा । दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी अनुमति देने से मना करना उचित नहीं है, क्योंकि पूजा के लिए प्रस्तावित भूमि का भूखंड सड़क, फुटपाथ या खेल के मैदान की श्रेणी में नहीं आता है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को बिना हथियारों के शांतिपूर्ण सभा करने और भारतीय क्षेत्र के भीतर स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार है। इसलिए मेला मैदान में पूजा आयोजित करने की अनुमति दे दी जाती है। सही भी है, अकेली एक ही यह पूजा न जाने कितने परिवारों के लिए वर्ष भर के रोजगार की व्यवस्था कर देती है।

**कलकत्ता उच्च न्यायालय में उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने एक सामुदायिक दुर्गा पूजा आयोजक की याचिका पर सुनवाई करते हुए की है।**

न्यायालय

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

यदि आप चुनौतियों से डरते है
तो यकीन मानिए सफलता
आपका चुनाव अपने लिए
कभी नहीं करेगी।

# भारत का विजन 2047 के पूर्व विकसित देश बनना समय की मांग



किशन भावनानी गोंदिया

*वैश्विक* स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत विज्ञान तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में सफलता पूर्वक झंडे गाड़ते हुए तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है इससे दुनियां के विकसित देशों में हैरानी है, क्योंकि भारत ऐसा ही कुछ नये-नये आयाम को अंजाम देता हुआ आगे बढ़कर आगे की सोचता है, जिसका सटीक उदाहरण विजन 2047 और पिछले दो दिन पूर्व अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक प्रक्षेपण करता हुआ विक्रम है। अब इससे आगे दो कदम बढ़कर हम सूर्य की ओर भी बढ़ रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन में जिस तरह भारत का रुतबा हमने देखें और सोने पर सुहागा चंद्रयान-3 नें सफलता पूर्वक अंतरिक्ष लैंडिंग की तो वहां धूम मचा दी हमारे पीएम महोदय ने भी अति उत्सुकता के साथ दिनांक 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों की हौसला आफजाई की तो इसरो वैज्ञानिकों में एक जोश उमंग की नई लहर छा गई जिसे पूरे विश्व ने टीवी चैनलों पर देखकर गौरविंत महसूस किया, यह होता है सफलता और भारत की प्रौद्योगिकी विज्ञान की सुगंध पूरे विश्व में फैलाने वालों का कदर, जो पीएम की बॉडी लैंग्वेज से ही दिख रहा था। उन्होंने वैज्ञानिकों को गले लगाकर और ऐतिहासिक सफलता दिवस की घोषणा की कि 23 अगस्त, चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विज्ञान, तकनीक और नवाचार की स्पिरिट को सेलिब्रेट करेगा और हमें हमेशा-हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा। वही और घोषणा की कि चंद्रयान-3 का मून लैंडर जिस स्थान पर उतरा था, उसे अब शिव शक्ति के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा, शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है। चंद्रमा का यह शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है। और बताया कि 21वीं सदी के इस दौर में, जो देश विज्ञान और तकनीक में नेतृत्व करेगा, वही देश आगे बढ़ेगा। चूंकि भारत विकसित देश बनने की गति अब आँधी बनकर कार्य में जुट गई है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 21 में सदी की दुनियां की बड़ी समस्याओं के समाधान का पर्यायवाची बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा दिये हैं। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 26 अगस्त 2023 को ग्रीस से सीधे इसरो पहुंचकर वैज्ञानिकों को ऐतिहासिक प्रोत्साहन और संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, यह कोई साधारण सफलता नहीं है, यह उपलब्धि अनंत अंतरिक्ष में भारत की वैज्ञानिक शक्ति की शुरूआत करती है। उन्होंने गौर्वान्वित होते हुए कहा,भारत चंद्रमा पर है, हमारा राष्ट्रीय गौरव चंद्रमा पर है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए, कहा,यह आज का भारत है जो निर्भीक और जुझारु है। यह एक ऐसा भारत है जो नया सोचता है और एक नये तरीके से सोचता है, जो डार्क जोन में जाकर भी दुनिया में रोशनी की किरण फेला देता है। ये भारत 21वीं सदी में दुनिया की बड़ी समस्याओं का समाधान देगा। लैंडिंग का वह क्षण राष्ट्र की चेतना में अमर हो गया है। लैंडिंग का क्षण इस सदी के सबसे प्रेरणादायक क्षणों में से एक है। हर भारतीय ने इसे अपनी जीत के रूप में लिया है। उन्होंने इस बड़ी सफलता का श्रेय वैज्ञानिकों को दिया। मून लैंडर की तस्वीरों के बारे में बताते हुए कहा, हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमा लिया है, एक तरफ विक्रम का विश्वास है तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार चंद्रमा के कभी नहीं देखे गये हिस्सों की तस्वीरें पहली बार मानव ने अपनी आंखों से देखीं हैं और यह भारत द्वारा किया गया है।

**चंद्रमा का यह शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है। और बताया कि 21वीं सदी के इस दौर में, जो देश विज्ञान और तकनीक में नेतृत्व करेगा, वही देश आगे बढ़ेगा।**

विजन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### अपराधियों ने घर में घुसकर तेज हथियार से की युवक की हत्या

**नवादा।** अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। नवादा जिले के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो, जिस दिन हत्या, लूट और छिनतई की घटना नहीं घटती।इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला शनिवार की देर रात्रि नवादा में घटी। जहां अपराधियों ने घर मे घुसकर तेज धार हथियार से युवक की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार नवादा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पंसाला गांव में पड़ोसियों ने घर में घुसकर एक युवक की तेज धार हथियार से मारकर हत्या कर दी है। मृतक श्याम केवट के पुत्र गांधी कुमार है। इसकी शनिवार की सुबह अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। जिसके बाद देर रात पड़ोसियों ने घर में घुसकर तेज धार हथियार से हमला कर इसकी हत्या कर डाली। रविवार को पूछे जाने पर गांधी के परिजन ने बताया कि युवक घर में ऑनलाइन काम करता था। जहां बैंक सीएसपी भी संचालित होता था। सुबह में पड़ोसियों से कुछ बात को लेकर विवाद हुआ था लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से मामला को शांत करा दिया गया। उसके बाद देर रात करीब 5-6 की संख्या मे घर में घुसकर मारपीट करने लगा। तभी एक युवक तेज धार हथियार से सर पर हमला कर दिया। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना रविवार को पुलिस को दी गई । इसके बाद पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### रायपुर में डेंगू से अब तक दो लोगों की मौत

**रायपुर।** प्रदेश की राजधानी में इस सीजन में डेंगू संक्रमित से एक और मौत हो गई है। समता कालोनी निवासी 55 वर्षीय अजय अग्रवाल की विगत कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। स्वजन डेंगू का इलाज एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। डाक्टरों ने शनिवार को तबियत ज्यादा खराब होने पर देवेंद्रनगर स्थित श्रीनारायणा अस्पताल रिफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

स्वजन ने निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। श्रीनारायणा अस्पताल के डॉ. युवराज खेमका ने बताया कि दूसरे अस्पताल से रिफर होकर डेंगू पीड़ित मरीज भर्ती हुआ था। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि ऐसे ही कुशालपुर निवासी डेंगू पीड़ित एक 45 वर्षीय युवक की मौत 15 अगस्त को हुई है। डेंगू पीड़ित युवक का इलाज रिंग रोड-1 भाठागांव स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। अस्पताल संचालक ने तबियत ज्यादा बिगड़ने पर एम्स रिफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय का कहना है कि रायपुर में अभी तक डेंगू से एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि समता कालोनी और कुशालपुर के पीड़ित की मौत किन कारणों से हुई है।

### सड़क किनारे खड़ी कार को मिल्क वैन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**कोलकाता।** रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना बेनियापुकुर इलाके के सर्कस एवेन्यू के पास हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह सर्कस एवेन्यू के पास एक मिल्क वैन ने नियंत्रण खोकर सड़क किनारे खड़ी एक कार से टकरा गई। टक्कर लगते ही खड़ी कार सीधे फुटपाथ पर चढ़ गई। वहां एक आदमी सो रहा था। कार ने उसे कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर टक्कर मारने के बाद दूध की गाड़ी भाग निकली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का जायजा लिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर दूध वाले ट्रक को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पूछताछ के लिए कार के मालिक को भी बुलाया गया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।

### सीएम शिवराज ने लाखों लाड़ली बहनों के खाते में डाले 250 रुपये, कहा

# 450 रुपये का होगा गैस सिलेंडर

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जहां महिलाएं नहीं चाहेंगी, वहां शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। इसके लिए आबकारी नीति में प्रावधान किया जाएगा। इसके साथ उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब पुलिस सहित सभी विभागों में महिलाओं के लिए पदों की संख्या बढ़ाकर 30 से 35 प्रतिशत कर दिया जाएगा। लाड़ली भांजियों की पढ़ाई निशुल्क करवाई जाएगी। लाड़ली बहना आजीविका मिशन के तहत आएंगी, पांच साल में लाड़ली बहनों को लखपति बनाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने सिंगल क्लिक से सबा लाख लाड़ली बहनों के खाते में 250-250 रुपये भेजे। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदाना में लाड़ली बहना सेना के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को बड़ी राखी भेंट कर उनका स्वागत किया। सम्मेलन शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सेना की सदस्यों के पैर पखारे।



मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना कैलेंडर लॉन्च किया। कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना पर थ्रीडी एनामॉर्फिक शो दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के इस महीने में रसोई गैस 450 रुपये में तुम्हारा भैया दिलवाएगा। इसके बाद परमानेंट व्यवस्था बनाएंगे, ताकि महंगी गैस न लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सिंगल क्लिक से तुम्हारे बैंक खातों में राखी के लिए 250 रुपये डाल रहा हूं। आगामी 10 सितंबर को फिर एक हजार रुपये डाले जाएंगे। अक्टूबर से अब बहनों के खातों में 1250 रुपये डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान के सामने शराब के अहाते बंद करने का निर्णय लिया है। बहनों का सम्मान सबसे बड़ा है, प्रदेश में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए नगर निगम निकाय पंचायत में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। अब हर थाने में महिला डेस्क के साथ पर्याप्त मात्रा में बेटियों को पुलिस में रखेंगे। पुलिस में बेटियों की भर्ती 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दी जाएगी। शिक्षकों को भर्ती में 50 प्रतिशत बेटियों की होगी। अन्य भर्तियों में भी 50 फीसदी भर्ती बेटियों की कर दी जाएगी। सरकारी पदों पर भी 35 प्रतिशत नियुक्तियां महिलाओं की होगी। लाड़ली लक्ष्मी की बेटियों की पढ़ाई निश्शुल्क करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेंगे। हर बहनों की आमदनी बढ़ाकर 10 हजार रुपये करूंगा। लाड़ली बहना आजीविका मिशन के अंतर्गत आएगी। रोजगार के लिए ऋण पर केवल दो प्रतिशत ब्याज देना होगा। स्ट्रीट वेंडर मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना में रोजगार उपलब्ध कराएंगे। बहन बेटियों के नाम पर संपत्ति खरीदी जाती है तो केवल एक प्रतिशत स्टांप शुल्क लगेगा। औद्योगिक क्षेत्र में उनके लिए स्थान आरक्षित करेंगे। रक्षा बंधन का संकल्प गांव में भी बहनों को मुफ्त में प्लाट दिया जाएगा। शहरों में फ्लैट बनाकर बहनों के नाम करेंगे। प्रधानमंत्री आवास में जिनके नाम छूट गए उनको मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। गरीब बहन का बढ़े हुए बिजली के बिलों की वसूली नहीं होगी।

### मोतिहारी में साइक्लोथोन 3.0 का हुआ आयोजन

**पूर्वी चंपारण।** मारवाड़ी युवा मंच के मोतिहारी शाखा द्वारा रविवार को गांधी मैदान में साइक्लोथोन 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे करीब 300 से अधिक लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर अनुमंडल अधिकारी श्रेष्ठ अनुपम उपमेयर डॉ.लालबाबू प्रसाद,बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष कृष्णा राजगढ़िया,मारवाड़ी युवा मंच के युवा शाखा अध्यक्ष विपुल जालान एवं उपाध्यक्ष यमुना सिकरिया ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर प्रारंभ किया।आयोजन में पहले लड़कियों का साइकिल रेस हुआ तत्पश्चात लड़कों का साइकिल रेस किया गया। जिसमें लड़की वर्ग में प्रथम पुरस्कार अप्पी कुमारी द्वितीय पुरस्कार सृष्टि कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार अंजली कुमारी को दिया गया एवं लड़कों में प्रथम पुरस्कार मनोरंजन पटेल द्वितीय पुरस्कार अफरोज अफरोज एवं तृतीय पुरस्कार एसपी लाल कुमार यादव को दिया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला समिति, मारवाड़ी युवा मंच सृष्टि शाखा, क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## भाजपा ईडी के बलबूते लड़ेगी चुनाव : भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**



मुख्यमंत्री भूपेश ने रविवार को पुलिस लाईन हेलीपैड पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि शनिवार को सरगुजा में भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने ईडी की कार्रवाई पर कहा अभी चुनाव आते तक देखिये क्या-क्या होता है। भाजपा प्रभारी का यह बयान यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि भाजपा ईडी के बलबूते चुनाव लड़ेगी? ईडी की कार्रवाई चुनाव को देखकर हो रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाते दूसरे में लग जाते हैं। कोल, आबकारी, माईनिंग डीएमएफ चावल अब सुना है जल जीवन मिशन बिना किसी ठोस आधार के राज्य सरकार के सभी विभागों पर कार्रवाई यह साबित करने के लिये छत्तीसगढ़ में हर जगह गड़बड़ी है, यह चुनावी हथियार है इसको हम जनता के बीच लेकर जायेंगे।

छत्तीसगढ़ में पिछले एक वर्ष में ईडी और आईटी अधिकारियों ने 200 से भी अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयों में छापेमारी की गयी है। ईडी के अधिकारियों द्वारा दमन और प्रताड़ना को हथियार बनाकर बिना चल-अचल संपत्ति की रिकवरी के झूठे बयानों के आधार पर सैकड़ों करोड़ के कथित कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला तथा अब महादेव एप्स घोटाला होने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। महादेव ऐप घोटाला - महादेव ऐप तथा अन्य अनेक ऑनलाइन गेमिंग ऐप पूरे देश में चल रहे हैं। भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ईडी द्वारा क्यों कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब छत्तीसगढ़ में आंध्र प्रदेश की एफआईआर के आधार पर कार्रवाई हो रही है तो देश के किसी भी राज्य में किसी एफआईआर के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है। ईडी द्वारा भाजपाइयों को बचाने के षड्यंत्र की आड़ में मेरे निकट सहयोगियों को फंसाने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

## बंगाल में पाकिस्तान को पसंद करने वाली सरकार : सुकांत मजूमदार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक बार फिर राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। मिडिया को दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में पाकिस्तान को पसंद करने वाली सरकार सत्ता में है। इसीलिए राज्य में आईएसआई एजेंट रह रहे हैं और उन्हें सरकार का समर्थन मिला हुआ है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल में पाकिस्तान को पंसद करने वाली सरकार यहां पर बैठी हुई है। इसलिए पाकिस्तान के लिए जो काम कर रहे हैं,



आईएसआई एजेंट बगैरह यहां एपीसेंटर बनाकर रह रहे हैं और देश विरोधी काम कर रहे हैं। इनको शह दे रही हैं हमारी मुख्यमंत्री और उनकी सरकार साथ ही तृणमूल पार्टी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश की तरह पश्चिम बंगाल में भी योगी आदित्यनाथ जैसा शख्स ही कानून व्यवस्था दुरुस्त कर सकता है। बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस को महिलाओं की सुरक्षा के लिए बलात्कारियों का एनकाउंटर शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके कारण ही इनका मनोबल बढ़ गया है।

## जनता दर्शन में सीएम योगी बोले, समस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के हर हाल में सुनवाई व निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही।



मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

## कमलनाथ ने दी 11 बड़ी गारंटी, कहा- हम घोषणा नहीं, विकास की जमीन तैयार करेंगे

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले वोटरों को लुभाने वाले राजनीति दलों के वादों और घोषणाओं ने अब गारंटी का रुप ले लिया है। मप्र चुनाव में मोर्चा संभाले आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पिछले दिनों मप्र आए थे तो प्रदेश की जनता को पांच गारंटी देकर गए थे। वहीं, प्रदेश की सत्ता की चाबी हासिल करने के प्रयास में जुटी कांग्रेस भी वोटरों को साधने के लिए अपने वचन की गारंटी दे रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश की जनता को 11 बड़ी गारंटी दी हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि यह महज




घोषणाएं नहीं, मध्य प्रदेश को महान प्रदेश बनाने की गारंटी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविवार को अपने बयान में कहा कि मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सिंह चौहान जी की झूठी घोषणाओं और वादों को पिछले 18 साल से सुन रही है। इस चौमासे में बरसाती मेंढकों की तरह ही कुछ चुनावी घोषणावीर भी सामने आ गए हैं। जिस व्यक्ति ने 18 साल में 22000 झूठी घोषणा की है, वह अब दो महीने के लिए कुछ और झूठी घोषणाएं कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की सम्मानित जनता इस सच्चाई को भली भांति जानती है। इसलिए आज मैं आपके सामने कांग्रेस पार्टी की 11 गारंटी लेकर आया हूं। यह सिर्फ 11 घोषणाएं नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश को महान प्रदेश बनाने की गारंटी है। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस के 11 वचनों में महिलाओं के लिये 1500 रुपए प्रतिमाह और 500 रुपए में गैस सिलेंडर शामिल है। पूरे घर के लिये 100 यूनिट बिजली फ्री और 200 यूनिट का बिजली बिल हाफ होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिये कर्जमाफी, 5 हॉर्स पावर के सिंचाई पंप के लिये स्थाई और अस्थाई कनेक्शन पर फ्री बिजली, 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली, पुराने बिजली बिल माफ करने और किसानों के मुकदमे वापस करने का वचन दिया गया है। कमलनाथ ने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का वादा किया।

## सीएम नीतीश ने किया मिथिलांचल परिक्षेत्र का समग्र विकास: संजय

**एजेंसी। मधुबनी**

जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के अड़ेर में रविवार को मखाना उद्योग केन्द्र की उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्य सरकार के दो मंत्री ने मंच साझा किया।

अवसर पर जदयू व राजद कार्यकताओं सहित ग्रामीणों की खासे भीड़ जुटा।कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि मधुबनी सहित बिहार के हर जिला को क्रमशः उद्योग से जोड़ा जाएगा।

उपभोक्ता का बिहार अब उत्पादकता का बिहार बनेगा। बिहार को विशेष राज्य की दर्जा मिलना जरूरी है।मंत्री समीर महासेठ ने कहा कि आनेवाले



समय मे बिहार व मिथिलांचल उद्योग धंधा के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते जल संसाधन मंत्री संजय झा ने महागठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समग्र आर्थिक विकास व उपादेयता की चर्चा किया। मंत्री संजय झा ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्व काल में मिथिलांचल परिक्षेत्र का समग्र विकास हो रहा। वर्तमान सरकार द्वारा बिहार के अन्य जगहों सहित मिथिलांचल परिक्षेत्र का सार्वभौमिक विकास हो रहा है। मिथिलांचल की मखाना व मधुबनी पेंटिंग दुनिया में पहचान बढ़ा रही है। मिथिला के ग्रामीण क्षेत्र में अपने घर में मखाना लघु उद्योग खोलकर लोगों का आर्थिक उपार्जन चल रहा है।मखाना उत्पादन से रोजगार उत्पन्न कर साहसिक व ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। मखाना उद्योग से यहां के लोगो को रोजगार मिल रहा है। मिथिलांचल में बहुआयामी विकास हुई है।

**पहल** पूर्वी चंपारण के युवा किसान रितेश ने किसानों को दिखाई नई राह

# ड्रैगन फ्रूट से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

**युवा किसान रितेश कुमार बताते हैं कि इस फसल से 25 वर्षों तक आमदनी होती है।**

**चंपारण क्षेत्र की जलवायु और यहां की मिट्टी ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए अनुकूल है।**

**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**



जिले के किसान कृषि के क्षेत्र लगातार नये प्रयोग कर बेहतर मुनाफा कमा रहे है,साथ ही परंपरागत खेती से निराश हो चुके किसानों को नई राह भी दिखा रहे है।ऐसे प्रयोग करने वालो में सबसे अधिक जिले के युवा किसान है। जो अच्छी तनख्वाह और पोस्ट वाली नौकरी को छोड़कर खेतों की तरफ अपना रुख कर रहे हैं। इन युवाओ का खेती की ओर रूख करने से कृषि क्षेत्र में नयी तकनीक और तरीकों का इस्तेमाल भी बढने लगा है। बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया प्रखंड स्थित पश्चिमी सरोत्तर पंचायत के अलुवाहां टोला के एक युवा किसान रितेश ने कृषि क्षेत्र में ऐसा ही नया प्रयोग शुरू कर किसानों को एक नया रास्ता दिखाया है। रितेश ने बिल्कुल नई तकनीक से ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे है। जिसे प्रोत्साहित करने जिले के पूर्व डीएम शीर्षत कपिल अशोक समेत कई अधिकारी भी उनके खेत में पहुंच चुके है। युवा किसान रितेश कुमार बताते हैं कि इस फसल में केवल एक बार निवेश के बाद पारंपरिक खेती के मुकाबले लगभग 25 वर्षों तक इससे आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रुट की खेती मेरे लिए एक नया अनुभव था। करीब आधे एकड़ खेत में सीमेंट से बने खंबे के सहारे रेड और व्हाइट ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरूआत की है जिससे मुझे साल भर में दो से तीन लाख रुपये की आमदनी हो रही है।

ड्रैगन फ्रूट एक प्रकार की कैक्टस बेल है जो ऊंची जगहों पर इसकी खेती की जाती है वही कैक्टस प्रजाति का होने के कारण पानी भी अधिक नही चाहिए क्योंकी इसका पौधा खुद पानी संचय कर लेता है और एक पौधे से 8 से 10 फल प्राप्त होते हैं। एक फल का वजन तीन सौ से पांच सौ ग्राम होता है। इन फलों की सीजन में दो सौ से चार सौ रुपये प्रति किलो की कीमत मिल जाती है जो फल मण्डी में आसानी से बिक जाता है।

ड्रैगन फ्रूट के पौधों को सहारा देना पड़ता है इसलिए बाकायदा सीमेंट के 52 खंभे बनवाकर लगवाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के अन्य किसानों को भी ड्रैगन फ्रूट की खेती करनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी ज्यादा से ज्यादा हो सकती है। उन्होंने बताया कि पूर्वी चंपारण का क्षेत्र का जलवायु और यहां की मिट्टी इसके खेती के लिए अनुकुल है। अगर यहां के किसान सामूहिक रूप से ड्रैगन फ्रूट की खेती करे तो आनेवाले दिनों में यह क्षेत्र ड्रैगन फ्रूट के हब के रूप में तैयार हो सकता है।

### 4 सितम्बर को राज्यपाल पटेल करेंगी बस्ती का दौरा

**बस्ती ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगामी 4 सितंबर को जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने भानपुर तहसील के सल्टौआ गोपालपुर स्थित लेदवा ग्राम का भी भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व उन्होंने इसी सिलसिले में ओपेक कैली अस्पताल तथा जिला महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया था। कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम स्थल के लिए अलग-अलग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित करने का निर्देश दिया है। विशेष रूप से उन्होंने राज्यपाल की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न होने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल हेलीपैड से सर्किट हाउस, ओपेक केली अस्पताल, ग्राम लेदवा, कलेक्ट्रेट सभागार में योजनाओं की समीक्षा करेंगी।

# एशिया कप के लिए हुआ अफगानिस्तान टीम का ऐलान



**एजेंसी। काबुल**
पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से 17 सितंबर तक खेले जाने वाले एशिया कप के लिए अफगानिस्तान की 17 सदस्यीय टीम का ऐलान हुआ है। आने वाले कुछ महीने क्रिकेट फैंस के लिए बेहद खास हैं, क्योंकि पहले एशिया कप और उसके तुरंत बाद फैंस को वर्ल्ड कप का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। एशिया कप के आगाज में महज तीन दिन बाकी है। इस बीच अफगानिस्तान ने अपने 17 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इस टीम में करीम जनत, नजीबुल्लाह जादरान और शराफुद्दीन अशरफ भी शामिल हैं। जनत ने अफगानिस्तान के लिए अपना एकमात्र वनडे फरवरी 2017 में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था और तब से इस प्रारूप में नहीं दिखे हैं। लेकिन जनत ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक लेने सहित टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस साल अपना टेस्ट डेब्यू भी किया है।

अशरफ, जिन्होंने जनवरी-2022 से वनडे नहीं खेला है, रिजर्व स्पिनर के रूप में टीम में वापसी कर रहे हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपने बयान में कहा, नजीबुल्लाह, जो घुटने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला से चूक गए थे, उन्हें लाइनअप में शामिल किया गया है और उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट शुरू होने से पहले चोट से उबर जाएंगे।

तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम सफी और अब्दुल रहमान, जो पाकिस्तान के खिलाफ अफगानिस्तान की हालिया घरेलू वनडे सीरीज हिस्सा थे। उन्होंने लाइनअप में अपना स्थान बरकरार रखा है, लेकिन फरीद अहमद और वफादार मोहम्मद को टीम से बाहर कर दिया गया है। अफगानिस्तान एशिया कप के ग्रुप बी में है और अपना अभियान 3 सितंबर को लाहौर में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगा और 5 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा ग्रुप मैच खेलेगा। ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें एशिया कप सुपर फोर में आगे बढ़ेंगी, जहां वे कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और मैच खेलेंगे, जो 17 सितंबर को फाइनल की भी मेजबानी करेगा।

**टीम इस प्रकार है**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमनुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, राशिद खान, गुलबदीन नायब, करीम जनत, अब्दुल रहमान, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी, फजलहक फारूकी।

# यूएस ओपन 2023 : छोटे ब्रेक के बाद वापसी को तैयार एंडी मरे

**एजेंसी। न्यूयॉर्क (यूएस)**
तीन बार के प्रमुख चैंपियन एंडी मरे ने खुलासा किया कि उन्होंने विंबलडन के दूसरे दौर में स्टेफानोस सितसिपास से हार के बाद अपनी तकनीक में बदलाव किया है। विंबलडन में हार के बाद से, एंडी मरे ने केवल चार मैच खेले हैं, जिसमें 3-1 का रिकॉर्ड है। उनकी एकमात्र हार तीन सेटों में वाशिंगटन, डीसी में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से हुई। इसके बाद उन्हें पेट में तकलीफ के कारण टोरंटो के तीसरे दौर और सिनसिनाटी से भी बाहर रहना पड़ा। मरे ने प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि अगर मैं मैच जीतना चाहतू हूं तो मुझे अपने शॉट्स में कुछ बदलाव करने होंगे। इसलिए मैंने ऐसा किया और ब्रेक लेकर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। 36 वर्षीय खिलाड़ी पेट में खिंचाव के बाद फ्लशिंग मीडोज पहुंचे,



जिसके कारण उन्हें टोरंटो में टूनार्मेंट के बीच से हटना पड़ा। लेकिन अभ्यास के एक मजबूत सप्ताह से उत्साहित होकर, यूएस ओपन में प्रवेश के लिए उनका दृष्टिकोण सकारात्मक है। उन्हें अब कोर्ट पर कोई परेशानी नहीं हुई। रेडियोलॉजिस्ट ने मेरे स्कैन को देखा और उनकी जांच की, मेरी एक छोटी सी चोट थी, जो ठीक हो रही है और पिछले पांच या छह दिनों का अभ्यास वास्तव में अच्छा रहा है। मुझे खेलने में कोई समस्या नहीं हुई। मरे ने इस वर्ष प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला है। मेलबर्न में, मरे ने 13वीं वरीयता प्राप्त मातियो बेरेटिनी और थानासी कोकिनाकिस के खिलाफ अपने शुरूआती दो मैचों में दो ऐतिहासिक पांच-सेटर जीते। विंबलडन में, ग्रीक के वापसी करने से पहले वह पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास से दो सेट-टू-एक से आगे थे। मरे मंगलवार को फ्रेंचमैन कोरेंटिन मुटेट के खिलाफ अपना 17वां यूएस ओपन अभियान शुरू करेंगे। वह 2016 के बाद पहली बार यहां तीसरे दौर से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, जब वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। किसी भी स्लैम में तीसरे दौर से आगे की उनकी सबसे हालिया यात्रा 2017 में विंबलडन में हुई, जब वह क्वार्टर में भी आगे बढ़े।

## NEWS इन ब्रीफ

### मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर मीडिया नियमों का किया उल्लंघन



**हैरिसन (न्यूयॉर्क)।** लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) पदार्पण के बाद पत्रकारों से बात नहीं की जो लीग के मीडिया नियमों का उल्लंघन है। मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी की न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर 2-0 की जीत में 89वें मिनट में गोल दागा। मियामी की प्रवक्ता मॉली ड्रेस्का ने मैच के बाद कहा कि मेस्सी को पत्रकारों के लिए उपलब्ध नहीं किया जा रहा है। वहीं एमएलएस के संचार कार्यकारी उपाध्यक्ष डैन कोटेमांचे ने कहा कि मेस्सी को अन्य खिलाड़ियों की तरह मुकाबलों के बाद मीडिया के उपलब्ध करना जरूरी था।

### क्रीड़ा भारती की ओर से खेल-कूद स्पर्धा का आयोजन 28-29 को

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) के उपलक्ष में क्रीड़ा भारती की ओर से खेल-कूद स्पर्धा का आयोजन 28 और 29 अगस्त को निकोल के निकोल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। इसमें महिला और पुरुष के अलग-अलग आयु वर्ग 9, 11 और 14 वर्ष की स्पधाएं होंगी। क्रीड़ा भारती के कर्णावती महानगर के सह मंत्री दिलेश खड़के ने बताया कि महिला और पुरुष स्पधाओं में कुल 700 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। खेल से चरित्र निर्माण और चरित्र से राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ युवकों में इंडोर के बजाए आउटडोर गेम्स के प्रति रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसमें 30 मीटर, 60 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, शटल रन, 60 मीटर विघ्न दौड़, टेनिस बॉल थ्रो, स्टेंडिंग ब्रॉड जम्प, लंबी कूद, गोला फेंक आदि स्पधाओं का आयोजन होगा।

### चेल्सी ने गोलकीपर जोर्डजे पेट्रोविच के साथ अनुबंध किया

**लंदन (यूके)।** प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी ने एमएलएस की टीम न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन से सर्बियाई गोलकीपर जोर्डजे पेट्रोविच के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। पेट्रोविच एक और वर्ष के क्लब विकल्प के साथ सात साल के सौदे पर एमएलएस से चले गए हैं और चेल्सी के ग्रीष्मकालीन ट्रांसफर विंडो पर हस्ताक्षर करने वाले 15वें खिलाड़ी बन गए हैं। पेट्रोविच ने चेल्सी की आधिकारिक वेबसाइट को बताया, ्यह मेरे लिए एक बड़ा कदम है और दुनिया के सबसे बड़े क्लबों में से एक के लिए साइन करना मेरा हमेशा से एक सपना रहा है। आज मैंने वह लक्ष्य हासिल कर लिया है और मैं बहुत खुश हूं। प्रीमियर लीग में खेलना कुछ ऐसा है जो मैं कर रहा हूं। वास्तव में ऐसा करने के लिए उत्सुक हूं और मुझे यहां चेल्सी में कई चीजें सीखने की उम्मीद है। मैं हर किसी से मिलने और स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।"

## महिला एशिया हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर 2023

# भारत ने जापान को 7-1 से रौंदा

**एजेंसी। सलालाह (ओमान)**
भारत ने शनिवार को यहां महिला एशिया हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के लीग मैच में जापान के खिलाफ 7-1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए महिमा चौधरी (7', 30'), अक्षता ढेकाले (8'), मारियाना कुजूर (12'), ज्योति (23'), मोनिका दीपी टोप्पो (27'), और अजमीना कुजूर (30') निशाने पर रहीं। जापान के लिए रिसा नाकासेची (9') ने एकमात्र गोल किया। अपने पहले मैच में जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारत ने मैच की शुरूआत से ही आक्रामक शुरूआत की और खेल के सातवें मिनट में शानदार फॉर्म में चल रही महिमा चौधरी ने गोल करके खाता खोला। एक मिनट बाद, भारत ने अक्षता ढेकाले (8') के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हालाँकि, जापान ने रीसा नाकासेची (9') के गोल से स्कोर 1-2 कर दिया। इसके बाद भारत ने तुरंत जवाबी हमला किया और मारियाना कुजूर (12') की मदद से अपनी बढ़त बढ़ा दी। पहले हाफ की समाप्ति पर भारत जापान से 3-1 से आगे था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार हमले किये और एक-दूसरे के गोल के सामने कुछ खतरनाक मूव बनाए लेकिन मौके भुनाने में असफल रहीं।

ज्योति ने 23वें मिनट में भारत के लिए स्कोर 4-1 कर दिया, जबकि मोनिका दीपी टोप्पो (27') ने तीन मिनट शेष रहते हुए स्कोर 5-1 कर दिया।

अजमीना कुजूर (30') और महिमा चौधरी (30') ने अंतिम दो मिनट में दो और गोल किए जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच 7-1 से जीत लिया।



### पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय टीम ओमान रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम रविवार को पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के लिए ओमान के सलालाह के लिए रवाना हो गई। प्रतियोगिता की शुरूआत 29 अगस्त से होगी और फाइनल 2 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय टीम को मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बांग्लादेश के साथ एलीट पूल में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत मंगलवार, 29 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। इसके बाद 30 अगस्त को ओमान और पाकिस्तान से और उसके बाद 31 अगस्त को मलेशिया और जापान के खिलाफ मैच खेलेगी।
टीम के कप्तान मनदीप मोर ने टीम की रवानगी से पहले बात की और कहा कि खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक ठोस टीम है और हमने आगामी प्रतियोगिता के लिए



अच्छी तैयारी की है। इस प्रारूप में सभी टीमें मजबूत हैं, इसलिए यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा, लेकिन 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका दांव पर है। हमारी टीम भूखी है और सकारात्मक परिणाम पाने के लिए प्रतिबद्ध है।
टीम के उपकप्तान मो. राहील मौसीन ने भी भारत की संभावनाओं पर बात की और कहा कि हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। हमने सभी विरोधियों का अच्छी तरह से अध्ययन किया है। हमने उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाई है। हमें टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है। हमारा लक्ष्य एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप 2024 के लिए सीधी योग्यता अर्जित करना है। भारतीय टीम के लिए यह प्रतियोगिता अगले साल होने वाले एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप 2024 में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश होने के नाते ओमान पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टीम को विश्व कप का टिकट कटाने के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहना होगा।

### लायल्स ने विश्व चैंपियनशिप में जीता तीसरा स्वर्ण



**बुडापेस्ट।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 में आठवें दिन का समापन संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुशी के साथ हुआ, क्योंकि नोआ लायल्स और फिर शा'कैरी रिचर्डसन ने संबंधित पुरुष और महिलाओं के 4x100 मीटर फाइनल में फेथ किपयेगॉन की 5000 मीटर में और मोंडो डुप्लांटिस की पोल वॉल्ट में पिछली ट्रेडमार्क जीत के बाद जीत दर्ज की। चेज एली शॉट पुट में कई विश्व खिताब विजेता भी बने, जबकि मार्को अरोप ने 800 मीटर में पहला वैश्विक स्वर्ण जीता और पियर्स लेपेज ने डेकाथलॉन में कनाडा के लिए एक और जीत दर्ज की।

### झारखंड की चार खिलाड़ी जूनियर महिला हॉकी के लिए आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, रोपनी कुमारी और काजल बाड़ा को साईं सेंटर बेंगलुरु ने आमंत्रित किया है। इनको जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 31 अगस्त से 28 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेने के लिए बुलाया गया है। यह चारों सिमडेगा जिले की हैं। दीपिका सोरेंग और काजल केरसई प्रखंड के करगागुडी गांव की हैं। महिमा टेटे सदर प्रखंड के बड़कीछापर गांव और रोपनी कुमारी ठेठईटांगर प्रखंड के जामबहार की रहने वाली हैं। दीपिका, महिमा और रोपनी इसी सप्ताह जर्मनी से 4 नेशन अंडर-21 महिला हॉकी प्रतियोगिता में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर लौटी हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव और हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव (आईएएस) और हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने चारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी हैं।

## झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

# वाइबीएन यूनिवर्सिटी की राजश्री को दूसरी बार मिली स्वर्णिम सफलता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पावर प्रो जिम, खेल और फिटनेस द्वारा मान्यता प्राप्त युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार दवारा आयोजित राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप जो 26 अगस्त को धनबाद में आयोजित की गई। इस राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पूरे झारखंड के खिलाड़ी भाग लेकर पदक जीतने के लिए जोर-आजमाइश कर रहे थे। वाइबीएन यूनिवर्सिटी की राजश्री कुमारी 2020 बैच (इंग्लिश) की पीएचडी रिसर्च स्कॉलर सहा. सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग कला एवं मानविकी विद्यालय ने 68 किलो भार वर्ग में 105 किग्रा वजन उठा कर स्वर्णिम सफलता हासिल किया। बताते चले कि पिछले साल यानि 2022 में धनबाद के पुटकी में 20 / 21 अगस्त को पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था । राजश्री कुमारी ने उसमे भी 51.7 कि भार वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की थी। इस सफलता के लिए वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव , रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, डीन आट्र्स एंड ह्यूमैनिटी डॉ आरती गुप्ता ने राजश्री कुमारी को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामना दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## टूर्नामेंट एशिया कप से पहले पाक को मिली बड़ी सफलता

# वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा



**एजेंसी। कराची**
एशिया कप 2023 और भारत में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। अफगानिस्तान पर वनडे सीरीज 3-0 से जीत के साथ पाकिस्तान ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। अफगानिस्तान श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया रैंकिंग में शीर्ष पर था जबकि पाकिस्तान 115.8 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर था। हालांकि अफगानिस्तान पर श्रृंखला जीत से बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम 118.48 रेटिंग अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। बैगी ग्रीन्स समान रैंकिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया।
पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान के वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने पर खुशी जताई। अशरफ ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित कड़ी मेहनत, समर्पण और एकता और उत्कृष्टता पर फोकस को दशार्ती है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।' अशरफ ने कहा, 'मैं क्रिकेट की दुनिया में पाकिस्तान का झंडा ऊंचा उठाने की सामूहिक प्रतिबद्धता के लिए पूरी टीम, कोचिंग स्टाफ और सहायक कर्मियों के प्रयासों को भी बधाई देना और सराहना करना चाहता हूं।' पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहला वनडे 142 से जीता जबकि दूसरा मैच कांटे का रहा जिसमें मेन इन ग्रीन ने आखिरी ओवर में एक विकेट रहते जीत हासिल की।

तीसरे वनडे में अफगानिस्तान को 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा। बीच के ओवरों में बल्ले से लड़खड़ाने के बावजूद पाकिस्तान ने धीमी पिच पर 268 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया।

### अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार जीत से एशिया कप में मिलेगी मदद : बाबर आजम



**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला में 3-0 से मिली एकतरफा जीत टीम को प्रेरित करने के साथ बुधवार से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले जरूरी लय प्रदान करेगी। एशिया कप का आयोजन 30 अगस्त से श्रीलंका और पाकिस्तान में होगा। एशिया कप से पहले पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। पाकिस्तान ने शनिवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 59 रनों से हराया।




# स्टोन फ्राई कर खाते हैं लोग, चुकाते हैं मोटी रकम

**एजेंसी। बीजिंग**

इस दुनिया में जितने देश उतने तरह की खाने की चीजें। अब तक आपने सुना होगा कि कुछ लोग सांप, बिच्छू और कीड़े खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि इस दुनिया में कुछ लोग पत्थर भी चूस कर खाते हैं। सबसे बड़ी बात की इन्हें खाने की कमी नहीं है, ना ही ये गरीबी में ऐसा कर रहे हैं, ये लोग तो एशिया के एक अमीर देश से आते हैं और अच्छा पैसा देकर पत्थर चूसते हैं। यहां एक प्लेट पत्थर फ्राई के लिए आपको 200 रुपये तक चुकाने पड़ते हैं।




पत्थर को चूस कर खाने का काम करते हैं एशिया के सबसे बड़े देश और भारत के पड़ोसी चीन के लोग हैं। यहां के लोग बड़े चाव से पत्थरों को चूस-चूसकर खाते हैं। सबसे बड़ी बात कि इस पत्थर के लिए ये लोग अच्छी कीमत भी चुकाते हैं। चीन में ये डिश पूरे देश में लोकप्रिय है। कुछ लोग तो इस डिश को खास प्रोग्राम में भी परोसते हैं। चीन में इस डिश को कहते हैं suodiu। ये डिश पूरे चीन में लोकप्रिय है, लेकिन सेंट्रल चीन के लोग इसे ज्यादा खाते हैं। कहा जाता है कि ये चीन की पारंपरिक डिश है और इसके कई मेडिकल बेनिफिट्स भी हैं। इस डिश को लेकर कहा जाता है कि इसकी शुरूआत चीन के हुबेई प्रांत से हुई थी। दरअसल, उस समय जब चीन के नौकाचालक लंबी दूरी तय करने के लिए समुद्र में उतरते थे, तो कई बार रास्ते में खाने की कमी हो जाती थी। ऐसे में वो इन पत्थरों को फ्राई करके इन्हें चूस लेते थे, इससे उन्हें मछली का स्वाद मिलता था और पेट भरे होने का अहसास होने लगता था।

**कैसे बनती है ये डिश :** इस डिश को बनाने के लिए सबसे पहले किसी नदी से एक खास किस्म के चिकने पत्थर चुन कर लाए जाते हैं। ये पत्थर काले रंग के होते हैं। इसके बाद इन्हें अच्छे से साफ किया जाता है, फिर तेल, मसाला, सॉस, काली मिर्च और कुछ सी फूड मिला कर इन्हें अच्छे से फ्राई कर लिया जाता है। इसमें थोड़ा गीला बनाते हैं, ताकि पत्थरों पर हल्की ग्रेवी लगी रहे। डिश बनने के बाद इसके एक एक पत्थर को चूस चूस कर खाया जात है।

## बड़ी कंपनियों में भारतीय मूल के सीईओ की संख्या से प्रभावित हैं मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**



टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क इस बात से प्रभावित हैं कि किस तरह से भारतीय मूल के लोगों ने अधिकांश शीर्ष तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ कुछ गैर-तकनीकी संगठनों के सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला है। शीर्ष पदों पर रहकर, भारतीय मूल के लोग लाखों डॉलर कमा रहे हैं जो उन्हें अमेरिका में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ में रखता है। जब वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शीर्ष कंपनियों में भारतीय मूल के लोगों की सूची पोस्ट की, तो मस्क ने शनिवार देर रात प्रतिक्रिया व्यक्त की। उनके अनुयायियों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, भारतीय सबसे मेहनती लोगों में से कुछ हैं। देश के चंद्रयान-3 चंद्रमा मिशन के सफलतापूर्वक उतरने के बाद मस्क के एक अनुयायी ने हंसते हुए कहा, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का सीईओ भी है। वर्तमान में, संजय मेहरोत्रा माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ, शांतनु नारायण एडोब के सीईओ, सत्या नडेला माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ, सुंदर पिचाई अल्फाबेट और गूगल के सीईओ; जय चौधरी जस्केलर के सीईओ, अरविंद कृष्णा आईबीएम के सीईओ, नील मोहन यूट्यूब के सीईओ और जॉर्ज कुरियन शीर्ष तकनीकी दिग्गजों में से एक नेटएप के सीईओ हैं। लीना नायर ने फ्रांसीसी लक्जरी फैशन हाउस, चैनल की पहली भारतीय मूल की वैश्विक सीईओ बनकर सभी बाधाओं को तोड़ दिया। जबकि लक्ष्मण नरसिम्हन स्टारबक्स के सीईओ हैं, आम्रपाली 'अमी' गण वयस्क मनोरंजन मंच ओनलीफैन्स के सीईओ बनीं (इस साल जुलाई में पद छोड़ने से पहले)।

## रक्षाबंधन पर अमेजन ने गिफ्टिंग के विकल्प पेश किया

**रांची।** रक्षाबंधन पर उपहार को लेकर अमेजन ने गिफ्टिंग के कुछ बेहद रोमांचक विकल्प पेश किया है। इस साल राखी के मौके पर प्राइम मेंबर्स फ्री और वन-डे डिलीवरी के साथ उपहारों पर कई विशेष ऑफर पाएंगे। अमेजन प्राइम की वार्षिक मेंबरशिप ढेर सारे लाभ प्रदान करती है। इनका फायदा पूरे साल भर उठा सकते हैं। इसलिए, यदि आपके भाई-बहन के पास अभी तक प्राइम मेंबरशिप नहीं है, तो उन्हें खुशियों भरा उपहार दें और 40 लाख से अधिक उत्पादों की फ्री और सुपर फास्ट वन-डे डिलीवरी, को-ब्रांडेड आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड के साथ असीमित 5% कैशबैक ढेरों प्राइम बेनेफिट्स का आनंद लें। इस मेंबरशिप के साथ प्राइम वीडियो, अमेजन म्यूज़िक, प्राइम रीडिंग और प्राइम गेमिंग के साथ ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का भी मजा ले सकते हैं। अमेजन प्राइम के साथ स्मार्ट वॉचेज और एक्सेसरीज के साथ 'हर पल फैशनेबल' बनाएं। वहीं, अमेजन गिफ्ट कार्ड को 50 से अधिक ऑनलाइन और नए डिजाइनों में प्रसिद्ध डिजिटल इलस्ट्रेटर एलिसिया सूजा ने तैयार किया है। ये गिफ्ट कार्ड 7 से अधिक स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध हैं। लाइफस्टाइल, एमएमटी और ताज, स्विगी वन लाइट जैसे ब्रांडेड गिफ्ट कार्डों के साथ रोमांचक ऑफर का लाभ उठाएं। अमेजन पे गिफ्ट कार्ड आपको अंतिम समय में उपहार देने के झंझट से भी बचाएंगे।

## बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करना अनिवार्य है : राव

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड मौजूदा समय में कई वित्तीय कार्यों से जुड़ा हुआ है। बिना आधार कार्ड के कई सरकारी और प्राइवेट संस्थाओं से जुड़े काम करने में समस्या आ सकती है। यहां तक की बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करना अनिवार्य है। अगर आधार को बैंक अकाउंट से लिंक नहीं कराया जाता है तो पैसे निकालने में समस्या आ सकती है। कई फाइनेंशियल वर्क से आधार नंबर जुड़े होने के कारण लोगों के मन में यह डर हो सकता है कि अगर किसी को आधार नंबर पता है तो वे उन सभी ऐप्स और सर्विस तक पहुंच पा सकते, जिनके साथ आधार नंबर लिंक है।

## टाउन कांउसिल के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार का पोस्टर फाड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तरी कैरोलिना राज्य में टाउन काउंसिल के चुनाव में एक भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार के पोस्टर को फाड़ दिया गया और उसके ऊपर एक अश्वेत व्यक्ति की तस्वीर लगा दी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। द हेराल्ड-सन दैनिक की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार चुनाव में उम्मीदवार सारिका बंसल एक बैठक में भाग ले रही थीं, जब एक मित्र ने उन्हें इसकी सूचना दी। बंसल ने कहा कि पोस्टर पर उसका सिर खरोंच दिया गया था और उसके चेहरे पर एक अश्वेत व्यक्ति की तस्वीर लगा दी गई। बंसल ने द हेराल्ड-सन को बताया, यह चौंकाने वाला था। मैं बहुत सदमे में थी। बंसल ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या उसके किसी अन्य पोस्टर के साथ बर्बरता की गई है, और कहा कि वह मेरे अभियान के खिलाफ बर्बरता और नस्लवाद के कृत्य से वास्तव में दुखी हैं। बंसल ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ₹हमें अपने शहर में ताकत और एकता के निर्माण के साधन के रूप में विविधता को अपनाना चाहिए।

### बी20 सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रविवार को बी-20 समिट को संबोधित करते हुए भारत के विजन को दुनिया के सामने रखा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया का सबसे युवा टैलेंट है। आज भारत इंडस्ट्री 4.0 के दौर में डिजिटल क्रांति का चेहरा बना हुआ है। भारत के साथ जितनी आपकी दोस्ती मजबूत होगी, उतनी ही समृद्धि दोनों को मिलेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने क्रिप्टोकरेंसी पर कहा कि इससे संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत है। बी20 समिट में बोलते हुए पीएम मोदी ने बिजनेस लीडर्स से क्रिप्टोकरेंसी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर मंथन करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक वैश्विक ढांचे की जरूरत है। इसके अलावा, पीएम ने कहा कि अब एआई पर भी ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी में बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। कहा कि वह भारत में ग्रीन एनर्जी पर काफी ज्यादा जोर दे रहे हैं। इसका प्रयास किया जा रहा है कि सोलर एनर्जी के क्षेत्र में जो सफलता भारत को मिली है। इसको ग्रीन हाइड्रोजन के सेक्टर में भी दोहराया जाए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की कोशिश इसमें भी दुनिया को साथ लेकर चलने की है। यह कोशिश इंटरनेशनल सोलर एलाइंस के तौर पर भी दिखाई देती है। कहा कि उन्हें यकीन है कि बी20 शिखर सम्मेलन ने सामूहिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि बाजरा सुपरफूड है। यह पर्यावरण के अनुकूल है और छोटे किसानों का समर्थन करता है, इसलिए यह एक शानदार मॉडल है। पीएम मोदी ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उनकी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में करीब 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। पीएम मोदी ने कोरोना काल की चुनौतियों का भी जिक्र किया।




## बांग्लादेश में भारी बारिश के चलते हुआ भूस्खलन

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश के बंदरगाह शहर चट्टोग्राम में रविवार सुबह भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ, जिसमें एक व्यक्ति और उसकी बेटी की मौत हो गई। चट्टोग्राम डिविजनल फायर सर्विस के एक वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल्ला हारून पाशा ने कहा, चट्टोग्राम शहर में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन में 35 वर्षीय मोहम्मद सोहेल और उसकी सात महीने की बेटी बीबी जन्नत की मौत हो गई। रिपोर्ट ने अधिकारी के हवाले से बताया कि पहाड़ी की तलहटी में रहने वाले लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए कई वर्कर्स और वॉलंटियर्स को साइट पर तैनात किया गया। बांग्लादेश के बंदरगाह शहर में इस महीने की शुरूआत से ही पहाड़ियों में लगातार भारी बारिश और अचानक बाढ़ देखी गई है। चट्टोग्राम के कुछ हिस्सों में बाढ़ आई है। मौसम ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, शहर में बारिश का लेटेस्ट फेज बुधवार को शुरू हुआ और घटना से पांच दिन पहले चट्टोग्राम में बारिश हुई।



## विदेश

# प्रिगोझिन की मौत के बाद वैगनर आर्मी के भविष्य पर छाया संकट

**एजेंसी। मॉस्को**

निजी सैन्य संगठन वैग्नर समूह की उपस्थिति सीरिया की प्राचीन युद्ध भूमि से लेकर उपसहारा अफ्रीकी क्षेत्र तक विस्तृत है जो निजी सैनिकों के साथ क्रेमलिन के वैश्विक प्रभाव को दशार्ता है, लेकिन एक निजी विमान दुर्घटना में वैग्नर प्रमुख की कथित मौत के बाद इस बात की चर्चा है कि इसके सैनिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। वैग्नर पर क्रूर बलों का इस्तेमाल करने और जब्त की गई खनिज संपदा से मुनाफा कमाने का आरोप है। अब तक वैग्नर समूह येवगेनी प्रिगोझिन के अधीन रहा। इस हफ्ते की शुरूआत में जारी किये गये एक वीडियो में प्रिगोझिन किसी अज्ञात सूखे और धूल भरे मैदान में एक असॉल्ट राइफल के साथ सैन्य वर्दी में दिख रहे हैं। यह उनका आखिरी वीडियो भी हो सकता है।इस वीडियो में उन्होंने दावा किया कि वैग्नर ह्यरूस को सभी महाद्वीपों पर और महान बना रहा है और अफ्रीका को और अधिक स्वतंत्र बना रहा है। निजी सैनिक उपलब्ध कराने वाले वैग्नर समूह के प्रमुख प्रिगोझिन और उनके शीर्ष सहयोगियों को लेकर जा रहा एक निजी जेट मॉस्को के उत्तर पश्चिम में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोह का प्रिगोझिन के नेतृत्व करने के दो महीने बाद यह घटना घटी। बड़े पैमाने पर ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विद्रोह के कारण प्रिगोझिन (कथित तौर पर मर चुके) को हत्या के इरादे से निशाना बनाया गया। हालांकि, क्रेमलिन ने इसमें शामिल होने से इनकार किया है। इस दुर्घटना ने प्रिगोझिन की निजी सेना ह्यवैग्नर समूहह्न के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिसने मॉस्को में सैन्य नेतृत्व के खिलाफ अपने संक्षिप्त विद्रोह से पहले यूक्रेन में रूसी सेना के साथ लड़ा था। रूसी अधिकारियों ने प्रिगोझिन की मौत की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा करने की जरूरत का हवाला दिया है, लेकिन पुतिन ने आसमान से जेट गिरने के बाद संवेदना व्यक्त की है।




## फ्लोरिडा में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी में शूटर सहित 4 की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के जैक्सनविल में एक डॉलर जनरल स्टोर में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी में तीन लोगों की की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली। एक शूटर सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जैक्सनविल शेरिफ टी.के. वाटर्स ने कहा कि मरने वालों में 2 पुरुष और 1 महिला शामिल हैं। तीनों अश्वेत लोग थे। समाचार ने पुलिस के हवाले से बताया कि संदिग्ध, लगभग 20 साल का एक श्वेत पुरुष था। वह हाई पावर्ड राइफल और एक हैंडगन से लैस था। उसने टैक्टिकल जैकेट पहन रखी थी। वाटर्स ने संवाददाताओं से कहा, यह गोलीबारी नस्लीय रूप से प्रेरित थी और वह अश्वेतों से नफरत करता था।

### अभ्यास — ऑस्ट्रेलिया में मिलिट्री ड्रिल के दौरान हुआ बड़ा हादसा

# तीन नौसैनिकों की मौत, 20 बुरी तरह घायल

**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया में मिलिट्री ड्रिल के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ है जिसमें कई अमेरिकी नौसैनिक घायल हो गए हैं। यहां पर अमेरिकी मरीन कोर का एकऑस्प्रे एयरक्राफ्ट रविवार को उस समय क्रैश हो गया जब वह एक मिलिट्री ड्रिल को अंजाम दे रहा था। उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई द्वीप पर हुए इस हादसे में तीन नौसैनिकों की मौत की खबरें हैं। जबकि बताया जा रहा है कि 20 नौसैनिक बुरी तरह से घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने मेलविले द्वीप पर तीन नौसैनिकों के मौत मौत की पुष्टि की है। बेल बोइंग वी-22 ऑस्प्रे टिल्ट्रोटर एयरक्राफ्ट करीब नौ बजे क्रैश हुआ था। इस हादसे के तुरंत बाद 23 नौसैनिकों को बचाया गया जिसमें से पांच को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए 80 किलोमीटर डार्विन ले जाया गया था। मरीन कोर की तरफ से बयान जारी कर इसकी पुष्टि की गई। बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। उत्तरी क्षेत्र के पुलिस कमिश्नर माइकल मर्फी ने इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बाकी घायलों को लेकर दूरदराज के स्थान से लाने के लिए हेलीकॉप्टर और फिक्स्ड-विंग विमान तैनात किए गए थे। उत्तरी क्षेत्र की मुख्यमंत्री नताशा फाइल्स ने फाइल्स ने कहा कि यह एक भयानक घटना है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि युद्धाभ्यास के दौरान हुआ हादसा दुख देने वाला है। इस युद्धाभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस और पूर्वी तिमोर की सेनाएं शामिल हैं। हालांकि चोट सिर्फ अमेरिकी सैनिकों को आई है। मेलविले तिवी द्वीप समूह का हिस्सा है, जो डार्विन के साथ इस एक्सरसाइज का सेंटर है। इस युद्धाभ्यास में 2500 सैनिक शामिल हैं। मर्फी ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त ऑस्प्रे रविवार को डार्विन से मेलविले के लिए उड़ान भरने वाले दो विमानों में से एक था। लगभग 150 अमेरिकी नौसैनिक डार्विन में स्थित हैं और हर साल 2,500 तक अमेरिकी सैनिक शहर आते हैं। अमेरिकी सेना जुलाई से ही यहां पर एक्सरसाइज में शामिल है। जुलाई में पूर्वोत्तर ऑस्ट्रेलियाई तट पर सेना का एमआरएच-90 ताइपन हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। इसमें चार ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों की जान चली गई थी।



**ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि युद्धाभ्यास के दौरान हुआ हादसा दुख देने वाला है**

## पेज एक के शेष

### नौ नाबालिग ...

पदाधिकारी पूनम कुमारी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि इन सभी बच्चियों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए इनकी सतत निगरानी की जाएगी ताकि ये दोबारा मानव तस्करी की शिकार ना होने पाएं। गौरतलब है कि स्थानिक आयुक्त मस्तराम मीणा के निदेर्शानुसार एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा लगातार दिल्ली के विभिन्न बालगृहों का भ्रमण कर मानव तस्करी के शिकार, भूले- भटके या किसी के बहकावे में फंसकर असुरक्षित पलायन कर चुके बच्चे, युवतियों को वापस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस, बाल कल्याण समिति, नई दिल्ली एवं सीमावर्ती राज्यों की बाल कल्याण समिति से लगातार समन्वय स्थापित कर मानव तस्करी के शिकार लोगों की पहचान कर मुक्त कराया जा रहा है। उसके बाद मुक्त लोगों को सुरक्षित उनके गृह जिला भेजने का कार्य किया जा रहा है, जहां उनका पुनर्वास किया जा रहा है। मानव तस्करी पर झारखंड सरकार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग काफी संवेदनशील है और त्वरित कार्यवाही पर विश्वास रखती है। यही कारण है कि दिल्ली में एकीकृत पुनर्वास संसाधन केंद्र चलाया जा रहा है। इसके तहत मानव तस्करी के शिकार बच्चे एवं बच्चियों को मुक्त कराकर उनके जिलों में पुनर्वासित किया जाता है। इसका टोल फ्री नम्बर 10582 है जो 247 कार्य करता है। केंद्र की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया गया कि यह केंद्र दिल्ली में प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्तराम मीणा की देखरेख एवं महिला एवं बाल विकास विभाग (झारखंड सरकार) के अंतर्गत कार्य करता है। केंद्र द्वारा दिल्ली एवं उसके निकटवर्ती सीमा क्षेत्र पर विशेष नजर रखी जाती है। इसी क्रम में हमें इस बार बड़ी कामयाबी मिली और साहिबगंज जिले की नौ नाबालिगों को हमने दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली के सीमावर्ती क्षेत्र से (जो क्रमशः हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से सटा है) से रेस्क्यू किया।

**माता-पिता भी हैं जिम्मेदार :** दलालों के चंगुल में बच्चियों को भेजने में उनके माता-पिता की भी अहम भूमिका होती है। कई बार ऐसा देखा गया है कि बच्चियां अपने माता-पिता व अपने रिश्तेदारों की सहमति से ही दलालों के चंगुल में फंसती हैं।

**मुक्त लोगों की होगी सतत निगरानी :** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक द्वारा सभी जिले को सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस भी जिले के बच्चों को दिल्ली में रेस्क्यू किया जाता है। जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बालकों एवं बालिकाओं को वापस अपने जिले में पुनर्वास किया जाएगा। झारखंड सरकार निदेर्शानुसार झारखंड भेजे जा रहे बच्चों को जिले में संचालित कल्याणकारी योजनाओं स्पॉन्सरशिप, फॉस्टरकेयर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से जोड़ते हुए उनकी ग्राम बाल संरक्षण समिति के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी, ताकि इन बच्चों को फिर मानव तस्करी का शिकार होने से से बचाया जा सके एवं झारखंड में मानव तस्करी रोकी जा सके। एस्कॉर्ट टीम में एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र के कार्यालय सहायक राहुल सिंह एवं परामर्शी निर्मला खालखो ने अहम भूमिका निभाई।

### गांव वालों ने...

जिसपर यहां की सामुदायिकता के नियम के लिखे हैं। ये नियम हैं - श्रमदान, नशाबंदी, लोटा बंदी (खुले में शौच पर प्रतिबंध), चराई बंदी (मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर रोक), कुल्हाड़ी बंदी (पेड़-पौधे काटने पर रोक), दहेज प्रथा बंदी, प्लास्टिक बंदी और डीप बोरिंग बंदी। ये नियम गांव के लोगों ने आपसी सहमति से तकरीबन छह साल पहले खुद पर लागू किये थे। श्रमदान इस गांव के विकास का मुख्य आधार है। श्रमदान में भी सभी घरों के लोग भाग लेते हैं। गांव के बीचो-बीच चौक पर एक पोल पर लाउडस्पीकर लगाया गया है, जिससे आवाज देकर हर सुबह चार बजे बच्चों और उनके अभिभावकों को जगाया जाता है। बच्चे जागने और नित्यक्रम के बाद पढ़ाई में जुट जाते है, वहीं पूरे गांव में एक साथ झाडू लगाकर साफ-सफाई का अभियान चलाया जाता है। गांव के लोगों ने श्रमदान कर देसी जुगाड़ से पहाड़ से बहते झरने के पानी को, एक निश्चित दिशा दी, जिससे न केवल मिट्टी का कटाव और फसल की बबार्दी रुकी, बल्कि खेतों को भी पानी मिल रहा है। गांव के सभी घरों के आगे चार गुणा तीन फीट के गड्ढे का निर्माण कराया गया है, जिसमें घर से बाहर निकलने वाले पानी संरक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही बारिश में सड़क बहने वाले पानी का भी काफी हद तक संरक्षण संभव हो सका। झारखंड के दूसरे जिलों में आदर्श गांव के लिए आरा-केरम का मॉडल अपनाने की पहल हो रही है। खूंटी जिला प्रशासन ने आरा-केरम के ग्रामीणों का यह मॉडल एक साथ जिले के 80 गांवों में लागू किया। रांची से करीब 90 किलोमीटर दूर गुमला के बसिया अंचल के आरया पंचायत का गांव है कुरडेगा। सिर्फ 32 परिवारों वाले इस गांव के लोग टोली में बंटकर जंगलों की पहरेदारी करते हैं। बीते तीन साल से जंगल में आग नहीं लगी है। पेड़ नहीं काटे जाते। कुछ नये पौधे लगाये जा रहे हैं। लोगों ने नशाखोरी से भी किनारा कर लिया है। ग्राम संगठन व नेशनल लाइवलीहुड मिशन का इस अभियान में अहम हाथ रहा। पांच-छह साल पहले गांव के लोगों ने कुल्हाड़ी बंदी अभियान चलाया। उसके बाद से कच्चे पेड़ नहीं काटते हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले का गांव कुन्दुबेड़ा भी सामूहिक श्रमदान के अभियान के लिए चर्चित रहा है। आदिवासी बहुल इस गांव में जब धान कटाई का वक्त होता है तो पूरा गांव एक साथ मिलकर इसे अंजाम देता है। यह परम्परा पुरखों से चली आ रही है। इस परंपरा को आदिवासी 'हो' भाषा में 'देंगा-देपेंगा' कहते हैं। धान की कटाई के समय बाहर रहने वाले लोग भी गांव आते हैं।

रांची से 30 किलोमीटर दूर खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड में घुन्सुली पंचायत में एक गांव है गुनी। इस गांव के लोगों ने खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में के फॉमूर्ले पर काम किया। खुद से श्रमदान कर लगभग 300 से ज्यादा एकड़ में मेड़बन्दी की। सुखद परिणाम सामने आया। बंजर पड़े खेतों में वर्षा का जल रोक उन्हें पुनः उपजाऊ बना लगभग 300 एकड़ से भी ज्यादा की खेतो में फसलों की हरी चादर बिछा दी। इस गांव को पिछले साल नेशनल वाटर अवार्ड में तीसरे सर्वश्रेष्ठ गांव के तौर पर चुना गया। चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के फतहा गांव में कोविड के दौरान गांव लौटे चार युवकों ने गांव के दर्जनों लोगों को स्वरोजगार की राह दिखाई। गांव के चार युवक युवक मेराज, हसमत, खालिद और नदीम पहले दिल्ली और बनारस जाकर कशीदाकारी का काम करते थे। कोविड के दौरान परदेस में होने वाली मुश्किलों को देखकर उन्होंने गांव लौटकर अपने घरों से ये काम करने का फैसला लिया और फिर देखते-देखते उनका हुनर गांव के हर उस युवा तक जा पहुंचा, जिनके पास पहले खेती और दूसरों के यहां मजदूरी के सिवा कोई काम न था। आज गांव में लगभग तीन दर्जन लोग महानगरों के बाजारों से मिलने वाले ऑर्डर को पूरा करने के लिए हर रोज सुबह से शाम तक कशीदाकारी में जुटे रहते हैं। आज यहां का हर कारीगर गांव में रहकर 18 से 25 हजार रुपये महीने तक की कमाई कर रहा है। हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड के बरियठ गांव के लोगों ने किसी की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार में वर्षों से कायम रुढ़िवादी सोच को बदलने का साहसिक फैसला लिया। यहां नियम था कि किसी भी मृतक को कंधा वही दे सकता था, जिसके माता-पिता की मृत्यु हो गई हो। नतीजतन अर्थी उठाने में ऐसे लोगों को तलाशना बेहद मुश्किल हो जाता था। पिछले साल ग्रामीणों ने बैठक की और तय हुआ कि हर व्यक्ति अर्थी को कंधा दे सकता है, बेटा-बेटी कोई भी मुखाग्नि दे सकता है और गांव का कोई भी व्यक्ति किसी मृतक की अस्थियां नदी में जाकर प्रवाहित कर सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### बंगाल के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 7 की मौत, कई घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है, क्योंकि विस्फोट में घायल लोगों में से कुछ की हालत बेहद गंभीर है।

### सांताक्रुज के गैलेक्सी होटल में लगी आग, 3 की मौत, 5 घायल

**मुंबई।** मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मुंबई के सांताक्रुज के गैलेक्सी होटल में आग लग गई है। बता दें आग दोपहर एक बजे लगी है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आग में झुलसने से अब तक 3 लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और अभी भी होटल को खाली कराने की कोशिश में जुटी है।

### मथुरा में 'अवैध' निर्माण मामले में एससी आज करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में कृष्ण जन्मभूमि के पास कथित रूप से बने अवैध निर्माण को हटाने के लिए इसे ध्वस्त करने के अभियान से संबंधित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई सोमवार की वाद सूची के अनुसार याचिका पर न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ सुनवाई करेगी। यह मामला कृष्ण जन्मभूमि के पास की बस्तियां गिराए जाने से संबंधित है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में 16 अगस्त को सुनवाई के दौरान रेलवे अधिकारियों के ध्वस्तीकरण अभियान पर 10 दिन के लिए रोक लगा थी। यह अभियान कथित रूप से अवैध निर्माण को हटाने के लिए चलाया गया था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता याकूब शाह की याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके बाद यह मामला 25 अगस्त को फिर शीर्ष अदालत में पहुंचा, लेकिन न्यायालय ने अंतरिम आदेश में उल्लिखित अवधि का का विस्तार करने से इनकार कर दिया।

# देश की बेटियां दे रहीं अंतरिक्ष को चुनौती : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मिशन चन्द्रयान को नारी शक्ति से जोड़ा और कहा कि भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 104वें एपिसोड में अपने लाल किले से दिए भाषण को याद किया। उसमें उन्होंने महिला नेतृत्व में विकास की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारत के मिशन चन्द्रयान से कई महिला वैज्ञानिक जुड़ी रहीं। इन्होंने प्रोजेक्ट निदेशक और प्रोजक्ट प्रबंधक जैसी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मिशन चन्द्रयान-3 की सफलता का श्रेय सबके प्रयास को दिया जाना चाहिए। कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने इसमें अपनी भूमिका निभाई है। सबके प्रयास का यही मंत्र आगे आने वाले समय में देश को अनगिनत सफलताएं हासिल कराएगा। उन्होंने कहा कि भारत का चंद्रयान मिशन नए भारत की भावना का प्रतीक है जो जीत सुनिश्चित करता है और किसी भी परिस्थिति में कैसे जीत हासिल की जाती है, जानता है। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन का दिल्ली में आयोजन होने जा रहा है। इसके चलते सितंबर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। भारत जी-20 सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन शामिल होंगे। यह जी-20 के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी। भारत ने जी-20 अध्यक्षता को समावेशी बनाने के प्रयास किए हैं। भारत के कहने पर अफ्रीकी संघ जी-20 से जुड़ा और अफ्रीका के लोगों की आवाज इस मंच तक पहुंची।




विश्वविद्यालय खेलों में भारत की उपलब्धि का विशेष उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इससे जुड़े प्रतिभागियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब तक 1959 के बाद जितने ऐसे खेल हुए हैं उसमें जितने मेडल भारत ने जीते हैं, इस बार उससे ज्यादा मेडल (26) हमने जीते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार आयोजित हर घर तिरंगा अभियान वास्तव में हर मन तिरंगा अभियान बन गया। देश में हर जगह तिरंगा ही तिरंगा दिखाई दिया। पोस्ट ऑफिस से डेढ़ करोड़ तिरंगे खरीदे गए। तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट में भी इस बार देशवासियों ने रिकॉर्ड बना दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ध्यान दिलाया कि अब योग, आयुर्वेद और दर्शनशास्त्र के शोधार्थी संस्कृत सीख रहे हैं। उन्हें खुशी है कि संस्कृत को लेकर जागरुकता और गौरव का भाव बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम मातृभाषा है। इसी क्रम में उन्होंने आज तेलुगु भाषा का जिक्र किया और बताया कि तेलुगु भाषा दिवस 29 अगस्त को मनाया जाएगा। इस भाषा के साहित्य और विरासत में भारतीय संस्कृति के कई अनमोल रत्न छिपे हैं। इस विरासत का लाभ पूरे देश को मिले इसके लिए कई प्रयास भी किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के धनपाल के अपनी विरासत के बारे में जानने से जुड़े पैशन की सराहना की और बताया कैसे एक छोटे से घटनाक्रम ने उन्हें इसे जानने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने ब्रायन डी खारपान की स्पेलियोलोजी में दिलचस्पी की सराहना करते हुए बताया कि उनकी टीम ने मेघालय की 1700 से ज्यादा गुफाओं की खोज की। इससे राज्य गुफाओं के मामले में वर्ल्ड मैप में पहुंच गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों को भी इन गुफाओं को घूमने की योजना बनानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने रेलवे की ट्रक ऑन ट्रेक सुविधा का उल्लेख किया और बताया कि कैसे इसके माध्यम से ईंधन की बचत हो रही है और प्रदूषण को रोका जा रहा है। गुजरात की बनास डेयरी इसके माध्यम से दूध को एक स्थान से दूसरे स्थान बिना खराब हुए और आसानी से ले जा पा रही है। प्रधानमंत्री राजस्थान के कोटा में डेयरी फार्म चला रहे मनप्रीत सिंह की जानकारी दी। जिन्होंने बायोगैस प्लांट के जरिए बिजली खर्च को 70 प्रतिशत कम किया है। उन्होंने केरल के मालाबार मिल्क यूनियन डेयरी के पशुओं की बीमारियों के लिए आयुर्वेदिक इलाज विकसित करने के प्रयास की भी सराहना की।

## (बी-20 समिट) हर फैसले के पहले धरती के बारे में करें विचार : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बी-20 समिट में भाग ले रहे देश-विदेश के प्रतिनिधियों से सबके लिए लाभप्रद व्यवस्था तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें हर फैसले से पहले यह विचार करना चाहिए कि इसका धरती पर क्या असर होगा। प्रधानमंत्री ने जी-20 से जुड़े देशों के बिजनेस लीडर्स के शिखर सम्मेलन बी-20 को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी के स्वास्थ्य से जुड़े विचारों को आपस में जोड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो गए हैं। वह भोजन करते समय इस बात का ध्यान रखते हैं कि इसका उनके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह बिजनेस और समाज को भी ग्रह के स्वास्थ्य को देखते हुए फैसले लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट मिशन लाइफ के पीछे यही भावना है। उन्होंने कहा कि एक भरोसेमंद सप्लाई चैन को निरंतर बनाए रखने में भारत एक भरोसेमंद सहयोगी बनने के लिए तैयार है। कोरोना जैसी महामारी के दौरान



सप्लाई टूट जाने का सबसे ज्यादा नुकसान उन्हें हुआ जिसे उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। कोरोना महामारी ने हमें यह बताया है कि हमें आपसे विश्वास पर सबसे अधिक निवेश करना चाहिए। कोरोना महामारी में भारत ने इसी आपसी विश्वास को दुनिया तक पहुंचाया। भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाइयां पहुंचाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने कार्बन क्रेडिट सुना है लेकिन भारत ने ग्रीन क्रेडिट का फामूर्ला अपनाया है। इसमें पर्यावरण के आधार पर बिजनेस का मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि इसे वैश्विक अभियान बनाया जाना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दुर्लभ धातुओं की असमानता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसकी जरूरत सभी को है लेकिन कुछ ही देशों के पास इसके संसाधन हैं। ऐसा ना हो कि यह असमानता आने वाले समय में नए उपनिवेशवाद को जन्म दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाभप्रद बाजार भी तभी तक अपने आप को बनाए रख सकता है जब तक की उत्पादक और उपभोक्ता दोनों के हितों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि सबको बराबर का भागीदार बनने में ही आगे प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि हमें दूसरे देशों को केवल एक बाजार नहीं समझना चाहिए। यह बात उन देशों को भी जल्द समझ में आ जाएगी जो खुद को केवल निमार्ता के तौर पर देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'कंज्यूमर डे केयर' मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम उपभोक्ता की देखभाल करेंगे तो उसके जुड़े अधिकारों के मुद्दे का खुद ही समाधान हो जाएगा।

# एमएसएमई को बचाने के लिए जीएसटी की समान दर लागू करना जरूरी : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल गांधी ने कहा, 70 महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है। मॉडीज चॉकलेट की कहानी भारत के एमएसएमई की महान क्षमता का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। उन्होंने चॉकलेट फैक्ट्री की अपनी यात्रा का लिंक भी साझा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुरम्य नीलगिरी के बीच विश्व स्तर पर प्रसिद्ध भारतीय उद्योग हैं, ऊटी के चॉकलेट निमार्ता। उन्होंने कहा, हाल ही में वायनाड जाते समय, मुझे ऊटी के सबसे प्रसिद्ध ब्रांडों में से एक, मोडीज चॉकलेट्स का दौरा करने का आनंददायक अनुभव हुआ। उन्होंने



यह भी कहा कि इस छोटे व्यवसाय के पीछे दंपति मुरलीधर राव और स्वाति की उद्यमशीलता की भावना प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा, सभी महिलाओं की टीम भी उतनी ही उल्लेखनीय है, जो उनके साथ काम करती है। 70 महिलाओं की यह समर्पित टीम सबसे उत्कृष्ट कूवर्चर चॉकलेट बनाती है, जो मैंने चखी है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हालांकि, पूरे भारत में अनगिनत अन्य छोटे और मध्यम व्यवसायों की तरह, मॉडीज भी गब्बर सिंह टैक्स के बोझ से जूझ रहा है। ऐसे परिदृश्य में ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र को नुकसान पहुंचाकर बड़ी कंपनियों का पक्ष लेती है, यह उन महिलाओं जैसे कड़ी मेहनत करने वाले भारतीयों का धैर्य है, जिनसे मैं यहां मिला, जो भारत के विकास को बनाए रखता है।" राहुल गांधी ने कहा, औद्योगिक केंद्र बनाना और एकल जीएसटी दर को लागू करना एमएसएमई को बचाने के लिए अनिवार्य उपाय है, जो सामूहिक रूप से भारत के विकास इंजन को चलाने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की महिला नेतृत्व वाली टीमें हमारे हर संभव समर्थन की हकदार हैं। उन्होंने कहा, मुरलीधर और स्वाति के बच्चे ऐसे भारत के हकदार हैं, जहां उनका भविष्य विकसित हो। गौरतलब है कि कुछ महीनों में राहुल गांधी जनता के बीच औचक दौरे कर रहे हैं।

# विकासशील देशों पर ध्यान देने की जरूरत : विदेशमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को जी-20 देशों के बिजनेस समूह (बी-20) के सम्मेलन में कहा कि आज दुनिया को विकासशील देशों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कोविड महामारी ने हमें यह दिखाया है कि वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण में अंतर बरकरार है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था अब तक वैश्विक उत्तर के प्रभुत्व में रही है। यह जी-20 के स्वरूप में भी




दिखाई देता है। जी-20 के अध्यक्ष के नाते भारत ने कोशिश की है कि वैश्विक दक्षिण की आवाज सुनी जाए। इसके लिए भारत ने वैश्विक दक्षिण शिखर सम्मेलन का जनवरी में आयोजन किया। इससे हमें विकासशील देशों की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को जानने का अवसर मिला। भारत ने इन्हीं को जी-20 का केन्द्रीय एजेंडा बनाया है। उन्होंने कहा कि जी-20 का मानना है कि आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक दक्षिण की प्रमुख चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब तक वैश्विक दक्षिण को केवल उपभोक्ता के तौर पर भी देखा जा रहा है न की उत्पादक के तौर पर।

### दिल्ली में खालिस्तान समर्थक नारों की जांच करेगी स्पेशल सेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे जाने की जांच करेगी। दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 153, 153ए, 505, और विरूपण अधिनियम की धारा 3 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल को घटना की जांच करने के लिए कहा गया है। घटना के पीछे सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के कार्यकर्ता हो सकते हैं। सेल पहले से ही एसएफजे से संबंधित मामलों की जांच कर रहा है।





### 'ड्रीम गर्ल-2' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल दो दिन में 24.69 करोड़ की वसूली

**आयुष्मान** खुराना और अनन्या पांडे की कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'ड्रीम गर्ल-2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। दर्शकों का खूब रिस्पॉन्स मिलने से फिल्म ने पहले दिन 9.7 करोड़ की कमाई की। अब फिल्म की दूसरे दिन की कमाई सामने आ गई है। सैक्निल्क की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल-2' ने दूसरे दिन 14 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दो दिन में इस फिल्म ने 24.69 करोड़ की वसूली की है। पिछले दो हफ्तों से फिल्म 'गदर-2' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म ने 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है, लेकिन अब आयुष्मान खुराना की 'ड्रीम गर्ल-2' के सामने 'गदर-2' की कमाई फीकी पड़ गई। 'ड्रीम गर्ल-2' में आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, मनजोत सिंह, अभिषेक बनर्जी, विजय राज, परेश रावल, राजपाल यादव, मनोज जोशी और सीमा पाहवा जैसी दमदार स्टार कास्ट है।




### मुख्यधारा के सिनेमा ने दर्शकों का स्वाद बिगाड़ दिया : नसीरुद्दीन शाह



**अनुभवी** अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा के सबसे दूरदर्शी कलाकारों में से एक हैं। काफी लंबे समय बाद उन्होंने लघु फिल्म 'मैन वुमन, मैन वुमन' का निर्देशन किया है। हाल ही में रिलीज हुई लघु फिल्म 'मैन वुमन, मैन वुमन' के साथ दूसरी बार निर्देशक की भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ अभिनेता को लगता है कि भारत का मुख्यधारा सिनेमा अपनी जिम्मेदारियों पर पूरी तरह से कायम नहीं है। उन्होंने कहा, "हमारे मुख्यधारा के सिनेमा ने दर्शकों का स्वाद हमेशा के लिए बिगाड़ दिया है। फिल्म निमार्ता 'सत्यजित रे' ने 50 साल पहले लिखी अपनी किताब 'हमारी फिल्में, उनकी फिल्में' में इस बात का जिक्र किया है। वह इसमें भारतीय फिल्मों की आलोचना नहीं कर रहे थे, बल्कि वह केवल भारतीय फिल्म निमार्ताओं की तुलना अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निमार्ताओं से कर रहे थे।"

### शाहिद ने एशियाई रिकॉर्ड बनाने पर भारतीय पुरुष रिले टीम को दी बधाई

**बॉलीवुड** एक्टर शाहिद कपूर ने रविवार को भारतीय पुरुष रिले टीम को बधाई दी, जिन्होंने 'वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए एशियाई रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 रिले टीम ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। मोहम्मद अजमल, राजेश रमेश, अमोज जैकब और महोम्मद अनस याहिया की भारतीय चौकड़ी ने एक शानदार दौड़ के साथ तीन मिनट से भी कम समय में एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया। शाहिद ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर खिलाड़ियों की तस्वीर साझा की और लिखाः 4 गुणा 400 मीटर के लिए एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने पर बधाई... फाइनल के लिए शुभकामनाएं। एक अन्य स्टोरी में, 42 वर्षीय अभिनेता ने अपना लुक शेयर किया। मिरर सेल्फी




लेते हुए, शाहिद एक वाइट कैजुअल टी-शर्ट, सिल्वर नेक चेन और येलो कैप में नजर आ रहे है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए शाहिद ने लिखा, 'हैप्पी संडे', वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहिद के पास एक नया प्रोजेक्ट है, जिसमें वह कृति सेनन के साथ नजर आएंगे।

प्रशिक्षण — अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस-कतर के साथ मिस्र में भारत करेगा 'ब्राइट स्टार' अभ्यास

# भाग लेने के लिए सेना-वायु सेना की टीम रवाना

### भारत ने पांच लड़ाकू मिग-29, दो परिवहन और टैंकर विमान हिस्सा लेने के लिए भेजे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना की टीम मिस्र के काहिरा एयरबेस पर होने वाले 'ब्राइट स्टार' अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रविवार को रवाना हो गई। यह द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास 16 सितंबर तक चलेगा। यह पहला मौका है जब भारतीय वायुसेना संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की वायु सेनाओं के साथ इस अभ्यास में शामिल होगी। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी।

विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि काहिरा एयरबेस में होने वाले अभ्यास 'ब्राइट स्टार' के इस संस्करण में पहली बार भारत की वायुसेना भी 150 कर्मियों के साथ हिस्सा लेगी। मिस्र में 16 सितंबर तक होने वाले



द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास में भाग लेने के लिए आईएएफ की एक टुकड़ी आज सुबह रवाना हो गई। इस अभ्यास में अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की टुकड़ियों की भी भागीदारी होगी।

उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना के दल में पांच लड़ाकू मिग-29, दो टैंकर विमान आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 परिवहन विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के गरुड़ विशेष बल के कर्मियों के साथ-साथ 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मी अभ्यास में भाग लेंगे। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी, जिन्हें वायुसेना के परिवहन विमान से एयरलिफ्ट करके ले जाया जाएगा। विंग कमांडर मोघे ने बताया कि इसका उद्देश्य संयुक्त अभियानों की योजना और कार्यान्वयन का अभ्यास करना है। सीमाओं के पार संबंध बनाने के अलावा इस तरह के अभ्यास भाग लेने वाले देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने का मौका भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विदेश में उड़ान अभ्यास के लिए भारतीय वायुसेना की टुकड़ियों की संख्या फ्लाइट सूट में राजनयिकों से कम नहीं है। भारत और मिस्र के बीच असाधारण संबंध और गहरा सहयोग रहा है, जिसमें दोनों ने 1960 के दशक में संयुक्त रूप से एयरो-इंजन और विमान का विकास किया था। मिस्र के पायलटों को भारतीय समकक्षों ने प्रशिक्षण भी दिया था। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों और भारतीय रक्षामंत्री एवं प्रधानमंत्री की हाल की मिस्र यात्राओं से दोनों सभ्यता वाले देशों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों के बीच नियमित अभ्यास के साथ अपने संयुक्त प्रशिक्षण को भी बढ़ाया है।